श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 154, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 3 जुलाई 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# महाराष्ट्र में अजीत का 'पावर गेम'

## अजित पवार 5वीं बार महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम बने, 31 महीने में तीसरी बार शपथ ली; एनसीपी के 8 विधायक भी मंत्री बने




**मुंबई : महाराष्ट्र** में रविवार को बड़ा पॉलिटिकल उलटफेर हुआ। एनसीपी के नेता अजित पवार ने दोपहर ढाई बजे शिवसेना के एकनाथ शिंदे की सरकार में डिप्टी सीएम पद की शपथ ली। शपथ के तुरंत बाद ट्विटर प्रोफाइल बदला और लिखा- डिप्टी सीएम ऑफ महाराष्ट्र। अजित पवार 8 विधायकों छगन भुजबल, धनंजय मुंडे, अनिल पाटिल, दिलीप वलसे पाटिल, धर्मराव अत्राम, संजय बनसोड़े, अदिति तटकरे और हसन मुश्रीफ के साथ दोपहर करीब 2 बजे राजभवन पहुंचे। 3 बजते-बजते सीएम शिंदे और डिप्टी सीएम देवेंद्र फडवणीस की मौजूदगी में सभी को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई।

शरद पवार का राहुल को समर्थन देना नाराजगी का कारणः अजित समेत बाकी विधायक शरद पवार के पटना में विपक्षी एकता बैठक में मंच साझा करने और राहुल गांधी के साथ सहयोग करने के एकतरफा फैसले से नाराज थे। महाराष्ट्र में अगले साल अक्टूबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसके छह महीने पहले आम चुनाव होंगे। अजित के सरकार में शामिल होने के बाद सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि हम विधानसभा और लोकसभा चुनाव में पहले से ज्यादा सीटें जीतेंगे। महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि हमारी सरकार को 40 एनसीपी विधायकों का समर्थन प्राप्त है। ऐसे में अब महाराष्ट्र में नेता विपक्ष का पद कांग्रेस को मिल सकता है। विपक्ष में सबसे ज्यादा 44



सीटें कांग्रेस के पास हैं।

उद्धव के साथ सरकार बनाई थी, तो शिंदे के साथ आने में क्या गलतः शपथ समारोह के बाद अजित पवार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। मंत्रिमंडल का और विस्तार होगा। कुछ मंत्री सरकार में शामिल हो सकते हैं। कई दिनों से इस बारे में बातचीत चल रही थी। पीएम मोदी देश के विकास के लिए पिछले 9 साल से कई काम कर रहे हैं। मुझे लगा कि हमें भी उनका साथ देना चाहिए। इसलिए मैं एनडीए में शामिल हुआ। महाराष्ट्र को विकास करने वाला नेतृत्व चाहिए। भुजबल और मैंने विकास को तवज्जो दी। केंद्र का सहयोग और पैसा महाराष्ट्र को मिलता रहे। इसलिए हमने यह फैसला लिया। पार्टी भी हमारे साथ है। आगे भी सभी चुनाव हम पार्टी के नाम और सिंबल पर ही लड़ेंगे। नगालैंड में भी ऐसा हुआ था। वहां भी हमारी पार्टी के चुने गए 7 विधायकों ने बीजेपी के साथ जाने का फैसला लिया था। हमने उद्धव के साथ भी सरकार बनाई थी, तो शिंदे के साथ जाने में क्या गलत है। हमारे पास सरकार चलाने का अनुभव है।

### पार्टी फिर से खड़ी करके दिखाऊंगा : शरद पवार

**अजित** और छगन भुजबल की प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद शरद पवार मीडिया के सामने आए। वे बोले- ये पार्टी मैंने बनाई थी। पार्टी के कार्यकर्ताओं पर मुझे पूरा विश्वास है। मैं महाराष्ट्र में घूमकर कार्यकर्ताओं को एकजुट करूंगा। अजित ने पार्टी से बगावत की है। 2024 का चुनाव विपक्ष के साथ मिलकर लड़ा जाएगा।

शरद पवार ने कहा था मोदी सरकार फिर से आने वाली हैः छगन भुजबल बोले- शरद पवार ने भी कहा था कि देश में मोदी सरकार ही फिर से आने वाली है।

# यूसीसी पर सबकी सहमति जरूरीः मायावती

**नई दिल्लीः 2024 लोकसभा** चुनाव से पहले 27 जून को भोपाल में पार्टी के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) की चर्चा छेड़ दी। उन्होंने कहा- यूनिफॉर्म सिविल कोड पर लोगों को भड़काया जा रहा है। एक घर दो कानूनों से नहीं चल सकता। बीजेपी यह भ्रम दूर करेगी। प्रधानमंत्री के यूसीसी की वकालत के बाद लॉ एंड ऑर्डर मामलों की पार्लियामेंट्री कमेटी ने भी इस पर राय-मशविरा के लिए 3 जुलाई को एक अहम बैठक बुलाई है। वहीं, केंद्र सरकार ने भी 20 जुलाई से संसद का सत्र बुलाने की घोषणा कर दी है। आप उद्धव ठाकरे की शिवसेना के बाद अब बीएसपी सुप्रीमो मायावती ने भी यूसीसी का समर्थन किया है। उन्होंने कहा- उनकी पार्टी समान नागरिक संहिता के विरोध में नहीं है। मगर संविधान इसे थोपने का समर्थन नहीं करता है। यूसीसी लागू करने के बीजेपी मॉडल पर हमारी असहमति है। भाजपा यूसीसी के जरिए संकीर्ण मानसिकता की राजनीति करने की कोशिश कर रही है। इधर, शनिवार को कांग्रेस ने भी सोनिया गांधी के घर 10 जनपथ पर पार्लियामेंट्री स्ट्रेटजी ग्रुप की बैठक बुलाई। पार्टी प्रवक्ता जयराम रमेश ने कहा- 15 जून को ही हमने कह दिया था कि, सभी पक्षों की सहमति से ही यूनिफॉर्म सिविल कोड देश में लागू की जानी चाहिए।

केरल की मुस्लिम संस्था यूसीसी के विरोध मेंः केरल की मुस्लिम संस्था समस्त केरल जेम-इयातुल उलमा ने भी यूसीसी का विरोध किया है।

# बीआरएस बीजेपी की बी टीमः राहुल गांधी

**खम्मम: कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने रविवार को तेलंगाना के खम्मम में जनसभा की। उन्होंने कहा- मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (केसीआर) सोचते हैं कि वे राजा हैं और तेलंगाना उनका राज्य। उनकी पार्टी भारतीय राष्ट्र समिति (बीआरएस) बीजेपी रिश्तेदार समिति की तरह है। कांग्रेस हमेशा संसद में बीजेपी के खिलाफ खड़ी रही है, लेकिन केसीआर की पार्टी ने बीजेपी की बी-टीम की तरह काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास तेलंगाना के मुख्यमंत्री का रिमोट कंट्रोल है। राहुल गांधी ने कहा कि तेलंगाना में यह लड़ाई कांग्रेस और बीजेपी की बी-टीम के बीच है। राज्य में बीजेपी खुद ही खत्म हो गई



है, उसके चारों टायर पंक्चर हो गए हैं। हमने अन्य विपक्षी दलों से कह दिया है कि कांग्रेस ऐसे किसी भी गुट में शामिल नहीं होगी, जिसमें इफर शामिल है। हम बीआरएस के साथ मंच शेयर नहीं कर सकते।

राज्य में दिसंबर 2023 में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में राहुल गांधी की इस रैली से कांग्रेस तेलंगाना में चुनावी अभियान की शुरूआत करेगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस मौके पर पूर्व सांसद पोनुलेटी श्रीनिवास रेड्डी खम्मम में राहुल गांधी की मौजूदगी में कांग्रेस में शामिल होंगे। वहीं, राहुल पार्टी के शीर्ष नेताओं के साथ भी बैठक करेंगे।

पार्टी बीआरएस सरकार से लड़ने को एकजुटः कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रेवंत रेड्डी ने कहा कि राहुल गांधी की इस रैली से पार्टी को राज्य में नई ऊर्जा मिलेगी। पार्टी कार्यकर्ता मुख्यमंत्री केसीआर के नेतृत्व वाले बीआरएस सरकार से लड़ने के लिए एकजुट हैं।

# बिहार, यूपी, गुजरात में एनआईए की रेड

**पटनाः गजवा-ए-हिंद मामले में बिहार, यूपी और** गुजरात में एनआईए और एटीएस ने रेड मारी। बिहार के पटना और दरभंगा में छापेमारी की गई है। रविवार की सुबह 5 बजे टीम ने दोनों जगह एक साथ कार्रवाई की है। ये रेड करीब 8 घंटे तक चली। यूपी के बरेली में भी टीम ने छापेमारी की है। गुजरात में एक जगह पर छापेमारी की गई। इन जगहों से मोबाइल, मेमोरी कार्ड, सिम कार्ड, कुछ डिजिटल डिवाइस सहित कुछ आपत्तिजनक सामान जब्त किया गया है। दरभंगा में बहेरा थाना क्षेत्र के गाजियाना गांव और छोटकी बाजार में टीम ने कार्रवाई की। दोनों गांव से टीम ने 5 युवकों को पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई। 4 घंटे चली पूछताछ के बाद टीम ने सभी को छोड़ दिया। इनमें से एक युवक पटना के मदरसे में रहकर पढ़ाई करता था। युवक अरबी भाषा को ट्रांसलेट करने में माहिर है। एनआईए को इनपुट मिला था कि उसका आईएसआई से कनेक्शन है। इसके बाद ये रेड मारी गई थी। टीम यहां से 2 मोबाइल और बैंक डिटेल भी साथ ले गई थी। पटना में टीम ने ये कार्रवाई फुलवारी शरीफ की इमारत-ए-शरिया के पास मोहम्मद रियाजुद्दीन कासमी की किताब दुकान में की।

# छत्तीसगढ़ को बीजेपी-कांग्रेस ने लूट लियाः केजरीवाल

**बिलासपुरः मुख्यमंत्री** अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान बिलासपुर के साइंस कॉलेज में जनसभा को संबोधित किया। इस सभा में केजरीवाल ने कहा, छत्तीसगढ़ भ्रष्टाचार के नाम से जाना जाता है। बीजेपी-कांग्रेस वालों ने लूट लिया। पहले दिल्ली का यही हाल था। दिल्ली को उठक्क घोटाले के नाम से जाना जाता था। खास बात ये रही कि, केजरीवाल ने भूपेश बघेल का नाम लिए बैगर सभा को खत्म कर दिए। भगवंत मान ने कहा, देश को सब कुछ मिला। लेकिन सरकार चलाने वाले नेता नहीं मिले। हमारे पास पैसा नहीं है। गुंडे नहीं है। ये



झूठे वादे करते हैं और हम गारंटी देते हैं। प्रधानमंत्री बोलते हैं, हम फ्री की रेवड़ी बांटते हैं। 15 15 लाख रुपए देने का पापड़ किसे मिला ये पीएम को बताना चाहिए। हम जो रेवड़ी बांट रहे हैं, वो आम लोगों को मिलता है। लेकिन आपने जो 15-15 लाख का पापड़ बेचा वो किसे मिला...

बेइमानी मोदी करते हैं, और जेल मनीष सिसोदिया जाते हैं। सिसोदिया ने शानदार स्कूल बना दिए। भाजपा ने 10 साल में भारत का बेड़ा गर्ग कर दिया है। प्रधानमंत्री मोदी नोटबंदी करके बोलते थे भ्रष्टाचार खत्म हो जाएगा। मगर ऐसा कुछ नहीं हुआ।

भारत का प्रधानमंत्री पढ़ा लिखा होना चाहिए। भारत देश को चलाने के लिए पढ़ा लिखा होना जरूरी है। इस बीच केजरीवाल ने एक कहनी सुनाई और बताया कि, अनपढ़ राजा ने कैसे महान देश का बेड़ा गर्क कर दिया। कहानी के जरिए केजरीवाल ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा, एक दिन देश में महामारी आई। चारों तरफ हाहाकार था। फिर राजा ने थाली और चम्मच बजवाई।

# वित्त मंत्रालय ने सोमवार को बुलाई निर्यातकों की बैठक

**नई दिल्ली। देश** के निर्यात में पिछले चार महीनों में आई गिरावट के बीच वित्त मंत्रालय सोमवार को निर्यातकों के साथ बैठक करेगा। मंत्रालय ने निर्यातकों की यह बैठक स्थिति का जायजा लेने के लिए बुलाई है।

रविवार को यह जानकारी दी। उम्मीद की जा रही है कि इस बैठक में निर्यातक सरकार से वैश्विक प्रदर्शनियों और मेलों में भाग लेने के लिए अधिक समर्थन देने के साथ ब्रिटेन, कनाडा, इजरायल और जीसीसी (खाड़ी सहयोग परिषद) के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) लागू करने और बातचीत में तेजी लाने के लिए कहेंगे। आंकड़ों के मुताबिक देश का निर्यात लगातार चौथे महीने सालाना आधार पर 10.3 फीसदी घटकर मई में 34.98 अरब डॉलर रह गया है, जबकि व्यापार घाटा बढ़कर पांच महीने के उच्चतम स्तर 22.12 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। दरअसल चालू वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-मई के दौरान निर्यात 11.41 फीसदी घटकर 69.72 अरब डॉलर रह गया है, जबकि आयात 10.24 फीसदी घटकर 107 अरब डॉलर रह गया है।

# घरेलू बाजार की ओर बढ़ा विदेशी निवेशकों का रुझान

**नई दिल्ली। भारतीय** शेयर बाजार जैसे-जैसे नई ऊंचाई की ओर बढ़ रहा है, वैसे-वैसे विदेशी निवेशकों का भी घरेलू शेयर बाजार की ओर रुझान बढ़ता जा रहा है। जून के महीने में घरेलू शेयर बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने कुल 47,148 करोड़ रुपये का निवेश किया, जो पिछले 10 महीनों के दौरान निवेश का सर्वोच्च स्तर है। जानकारों का कहना है कि देश में मैक्रो इकोनॉमिक फंडामेंटल्स में लगातार सुधार हो रहा है, जिसकी वजह से निवेशकों का उत्साह लगातार बढ़ा है। खासकर ग्लोबल मार्केट में पिछले कुछ समय से जिस तरह से निराशा का माहौल बना है, उसकी वजह से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की नजर भारतीय बाजार




पर टिक गई है। हालांकि बाजार के विशेषज्ञों को इस बात की भी आशंका है कि जुलाई के महीने में विदेशी निवेशकों की ओर से किए जाने वाले निवेश में कुछ कमी भी आ सकती है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा हाल के दिनों में की गई टिप्पणियों को इसकी एक बड़ी वजह माना जा रहा है। धामी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट प्रशांत धामी का मानना है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व की टिप्पणियों के साथ ही विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक भारत में शॉर्ट टर्म नजरिए से किए गए मूल्यांकन को लेकर भी सतर्क रुख अपना सकते हैं, जिसकी वजह से जुलाई के महीने में उनके निवेश में गिरावट दर्ज की जा सकती है। इसी तरह काबड़िया फाइनेंशियल सर्विसेज के सीईओ अनिल चौथाले का कहना है कि देश के मैक्रो इकोनॉमिक कंडीशन में हुए सुधार के साथ ही ग्लोबल मार्केट के निराशाजनक माहौल ने भी विदेशी निवेशकों का भारतीय बाजार की ओर रुझान बढ़ाया है। इसके अलावा मॉनसून की चाल की वजह से भी देसी और विदेशी निवेशक उत्साह का प्रदर्शन कर रहे हैं। हालांकि मॉनसून की तीव्रता की वजह से देश के कई हिस्सों में फिलहाल बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं, लेकिन माना जा रहा है कि मॉनसून की गतिविधियों की वजह से इस साल देशभर में आमतौर पर कृषि गतिविधियां ऊंचे स्तर पर पहुंच सकेंगै।

# खाद्य वस्तुओं के पाउच पर स्विच कर रहे उपभोक्ता

**नई दिल्ली। खाद्य** वस्तुओं की बढ़ती कीमतों और रसोई के बिगड़ते बजट के बीच उपभोक्ताओं में एक बड़ा बदलाव आजकल देखने को मिल रहा है। भारतीय परिवार खाद्य वस्तुओं के बड़े बक्सों से छोटे पैकेट और पाउच पर स्विच कर रहे हैं। खाद्य वस्तुओं के कारोबार से जुड़े जानकारों का कहना है कि रसोई का बजट चरमरा रहा है, इसलिए बाजार में उपभोक्ताओं की खर्च करने की आदतों में यह बदलाव देखने को मिल रहा है। रसोई में रोजाना इस्तेमाल होने वाले टमाटर, अदरक और जीरा की आसमान छूती कीमतों के बीच ताजा टमाटर खरीदने की



बजाय लोग टमाटर प्यूरी के छोटे कार्टन खरीदने लगे हैं। इसी तरह ताजा अदरक से लेकर अदरक पेस्ट के एक बार इस्तेमाल होने वाले पाउच और जीरा पाउडर से लेकर 7 ग्राम के छोटे पाउच भी शामिल हैं। भारतीय शाकाहारी और मांसाहारी व्यंजनों में टमाटर, अदरक, लहसन और जीरा का पाउडर एक आवश्यक घटक है।

रोजमर्रा इन जरूरी सामानों के पाउच बाजार में सहजता से उपलब्ध होने की वजह से उपभोक्ताओं ने भी कीमत बढ़ने के साथ इन कम महंगे पाउच पैक का उपयोग करना शुरू कर दिया है।

### गैंगस्टर्स कालापानी जेल में ट्रांसफर किए जाएगें

**राष्ट्रीय** जांच एजेंसी( एनआईए) ने गृह मंत्रालय से उत्तर भारत की जेलों में बंद खूंखार कैदी, गैंगस्टरों को अंडमान निकोबार की कथित कालापानी जेल में शिफ्ट करने की अपील की है। इस बावत गृह मंत्रालय के अधिकारियों और (एनआईए )के अफसरों के बीच लंबी मंत्रणा की गई है। उल्लेखनीय है कि अंडमान निकोबार में कैद की सजा काफी सख्त मानी जाती है।इसे कालापानी भी कहा जाता था। सूत्रों के मुताबिक (एनआईए ) दिल्ली,पंजाब, और हरियाणा की जेलों में बंद उन गैंगस्टरों को अंडमान की जेल में भेजना चाहती है।

## डीआईजी अजय कुमार साहनी ने बताया, 28 जून को चंद्रशेखर और उनके साथी मनीष पर कुछ अज्ञात लोगों ने फायरिंग की

# भीम आर्मी चीफ के बयानों से नाराज थे आरोपी

**सहारनपुरः भीम आर्मी** चीफ चंद्रशेखर के हमलावरों की गिरफ्तारी के बाद रविवार को डीआईजी अजय कुमार साहनी ने घटना का खुलासा किया। आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह चंद्रशेखर की बयानबाजी से नाराज थे। उन्होंने 28 जून को अचानक हमले का प्लान बनाया। उसी दिन रेकी की और कार्यक्रम से निकलते ही चंद्रशेखर पर फायरिंग कर दी। उन्होंने कहा, आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 5 टीमों का गठन किया गया था। सभी आरोपियों को शनिवार को अंबाला के ढाबे से गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपियों में लविश, विकास और प्रशांत देवबंद के गांव रणखंडी के रहने वाले हैं। जबकि चौथा आरोपी विकास हरियाणा के करनाल का रहने वाला है।

पुलिस ने एक ढाबे से चारों को पकड़ाः डीआईजी अजय कुमार साहनी ने बताया, 28 जून को चंद्रशेखर और उनके साथी मनीष पर कुछ अज्ञात लोगों ने फायरिंग की। जिसमें चंद्रशेखर घायल हो गए। घटना सामने आने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई के लिए 5 टीमों का गठन किया। टीम ने दिल्ली, एनसीआर, उत्तराखंड, मेरठ, मुजफ्फरनगर और हरियाणा छापेमारी की। कई संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। इस बीच, पुलिस को सूचना मिली कि ये लोग अंबाला में सरेंडर करने वाले हैं। इस पर तत्काल एक टीम का गठन कर उसे अंबाला के लिए रवाना किया गया। शनिवार सुबह शहजादपुर क्षेत्र में अग्रवाल ढाबा के पास से पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया। इन्हें सहारनपुर लाया गया।

खाना खाते समय बनाया हमले का प्लानः यहां पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया, हम लोग 28 जून की सुबह करनाल से मेरठ लौट रहे थे। रास्ते में रोहाना कला टोल के पास खाना खाने के लिए एक ढाबे पर रुके। उस समय यहां पर काफी भीड़ थी। लोगों से पूछा तो पता चला कि चंद्रशेखर अपने समर्थकों के साथ देवबंद किसी कार्यक्रम में जा रहे हैं। दरअसल, पिछले कुछ महीनों से चंद्रशेखर ने दिल्ली और आस-पास के क्षेत्रों में उल्टे सीधे बयान दिए थे।

जिससे हम काफी नाराज थे। इसके बाद हमनें वहीं तय कर लिया कि आज चंद्रशेखर की हत्या कर देंगे। खाना खाकर हम भी देवबंद पहुंच गए। इसके बाद उनके कार्यक्रम की रेकी की। उस समय हमारे पास दो तमंचे थे। गाड़ी करनाल के रहने वाले विकास की थी और वही गाड़ी चला रहा था। उसके बगल में लविश बैठा था। लविश के पीछे वाली सीट पर विकास उर्फ विक्की और उसके बगल में प्रशांत बैठा था।

# ऐतिहासिक सिंधु घाटी सभ्यता क्षेत्र में बनाई जाएगी 'राष्ट्रीय समुद्री विरासत' गैलरी

**नई दिल्ली। लोथल (गुजरात) के ऐतिहासिक** सिंधु घाटी सभ्यता क्षेत्र में बनाए जा रहे राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर (एनएमएचसी) में भारतीय नौसेना और भारतीय तटरक्षक का उद्भव का निर्माण किया जाएगा।

इस गैलरी का निर्माण किए जाने के लिए रविवार को गांधीनगर में भारतीय तटरक्षक, भारतीय नौसेना तथा इंडियन पोर्ट रेल एंड रोपवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सबार्नंद सोनोवाल, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण एवं रसायन एवं उर्वरक मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया, पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग और पर्यटन राज्य मंत्री श्रीपद येसो नाइक की उपस्थिति में किये गये। दरअसल, केंद्र सरकार पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय के तत्वावधान में लोथल (गुजरात) के ऐतिहासिक सिंधु घाटी सभ्यता क्षेत्र में राष्ट्रीय सामुद्रिक विरासत परिसर (एनएमएचसी) का निर्माण कर रही है। इस परियोजना के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मार्च, 2019 में आधारशिला रखी थी। मंत्रालय के मुताबिक इसमें एक सामुद्रिक संग्रहालय, लाइट हाउस संग्रहालय, सामुद्रिक थीम पार्क, एम्यूजमेंट पार्क सेंटर शामिल होंगे।

## खबर संक्षेप

### खेलने गया बच्चा रहस्यमय ढंग से गायब गुमशुदगी दर्ज

**मऊआइमा।** पड़ोस के बच्चों के साथ खेलने गया एक बच्चा गायब हो गया। जिसकी माता ने गुमशुदगी दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम चंडीपटटी निवासनीय सुम्मारी देवी पत्नी कमेशवर कुमार का बारह वर्ष का पुत्र शिवा गांव के अन्य दो बच्चों के साथ घूमने गया था। सभी तो आ गए परन्तु शिवा वापस नहीं लौटा । परिजनों सघन पूछताछ और पता लगए परन्तु शिवा का कुछ पता नहीं चला। सुम्मारी देवी ने थाने में किन्हीं अनहोनी घटना से सहमी हुई है ।और मऊआइमा थाने में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ घायल

**झूंसी।** थाना क्षेत्र के वाराणसी प्रयागराज मार्ग झूंसी पंत संस्थान के पास शनिवार की रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार अधेड़ जख्मी हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पहुची पुलिस ने घायल अधेड़ को एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया। मुट्ठीगंज निवासी वीरेंद्र केसरवानी 45 शनिवार की देर रात बाइक से झूंसी की ?र से शहर जा रहा था। पंत संस्थान के पास पहुचा था पीछे से ओवरटेक करते वक्त अज्ञात चार पहिया ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में अधेड़ को गंभीर चोट आई।

# विजय चौधरी एनकाउंटर के सरकारी गवाह के हमलावर हुए गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**कौंधियारा।** थाना अंतर्गत में अतीक अहमद के शूटर विजय चौधरी उर्फ उस्मान के एनकाउंटर में सरकारी गवाह बने नीरज शुक्ला पर 27 जून को हुए हमले में पुलिस ने 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए हमलावरों और लूट के आरोपियों में विजय चौधरी का वाहन चोर भाई राकेश चौधरी भी शामिल है। राकेश चौधरी अभी इलाजरत है, क्योंकि घटना के वतक्त वह बोलिरो की टक्कर लगने से घायल हो गया था। कौंधियारा थाना प्रभारी संजय कुमार द्विवेदी के मुताबिक 27 जून की देर रात नीरज शुक्ला निवासी भमोखर, कौंधियारा पर दुकान से घर जाते समय जानलेवा हमला किया गया था। हमला करने के दौरान उनके गांव का ही रहने वाला राकेश चौधरी उनकी बोलेरो की टक्कर लगने से घायल हो गया था। फायरिंग और हमले के बाद नीरज शुक्ला गाड़ी छोड़कर पैदल ही घर भाग गए थे। हमलावर उनकी बोलेरो लूटकर वहां से भाग निकले थे। बाद में उनकी बोलेरो गौहनिया में रीवा राजमार्ग पर लावारिस हालत में खड़ी मिली थी। घायल राकिश चौधरी का स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में इलाज चल रहा है। नीरज शुक्ला ने राकेश चौधरी समेत पांच लोगों के खिलाफ लूट और जानलेवा हमले समेत विभिन्न धाराओं में एफ आई आर दर्ज कराई है। जिसमें उन्होंने बताया है कि हमलावरों ने उन पर हमला करके दो लाख रुपए नगद, एक दर्जन से ज्यादा मोबाइल हैंड्सेट, टेबलेट आदि सामान लूट लिए है। उनकी तहरीर के आधार पर पुलिस ने आज इस हमले में शामिल 5 लोगों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार हमलावरों में राकेश चौधरी पुत्र वीरेंद्र चौधरी निवासी भमोखर, कौंधियारा मोहम्मद नायाब पुत्र नफीस अहमद महताब, आलम पुत्र मोहम्मद जलील मोहम्मद, सैफ पुत्र मुमताज अहमद सभी निवासी पोतहनिया, घूरपुर और विजयकांत द्विवेदी पुत्र गौरीशंकर द्विवेदी निवासी बड़ीहा, खीरी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम में इंस्पेक्टर संजय कुमार द्विवेदी के अलावा एसआई रवि कुमार शर्मा, अभय शंकर उपाध्याय, शैलेंद्र कुमार यादव, कांस्टेबल



### कौधियारा पुलिस ने शूटर के भाई राकेश चौधरी समेत पांच की दबोचा

विशाल सिंह आकाश कुमार, नरेंद्र कुमार, मुलायम यादव के साथ एसओजी प्रभारी रणजीत सिंह, हेड कांस्टेबल फिरोज खान और कांस्टेबल गौरव कुमार अत्री शामिल थे।कौधियारा थाना अंतर्गति भंभोखर गांव निवासी नीरज शुक्ला और उनका परिवार स्वयं का कारोबार करता है। नीरज शुक्ला मोबाइल के थोक सप्लायर हैं। इसके अलावा जेसीबी समेत अन्य कारोबार है। कौंधियारा बाजार और उनके घर भनोखर की दूरी तकरीबन 10 किलोमीटर है। 24 फरवरी को हुए उमेश पाल शूटआउट के बाद पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम ने इसमें शामिल विजय चौधरी उर्फ उस्मान को उसके गांव से 5 किलोमीटर दूर छह मार्च को एनकाउंटर में ढेर कर दिया था। इस एनकाउंटर में उसके घर वालों ने तमाम आरोप प्रत्यारोप लगाए थे। एनकाउंटर के बाद विजय चौधरी उर्फ उस्मान के अपराधिक रिकार्ड और चश्मदीदों की गवाह के रूप में भंभोखर गांव निवासी नीरज शुक्ला ने गवाही दी थी। तब से विजय चौधरी का परिवार उनसे खुन्नस खाया हुआ था।

# ट्रेन की चपेट में आने से किशोर व कई बकरियों की मौत

## मांडा के टिकरी का रहने वाला था किशोर,सैबसा गाँव की थी सभी बकरियां

अखंड भारत संदेश

**मेजा रोड।** क्षेत्र के उमापुर गांव के समीप ट्रेन की चपेट में आने से कई बकरियों समेत किशोर की मौत हो गई। जबकि आधा दर्जन बकरियां बुरी तरह घायल हो गईं। इससे इलाके में अफरातफरी मच गई है। घटना को लेकर किशोर के परिजनों में कोहराम मच गया है। जबकि बकरी पालकों का भी रो रो कर बुरा हाल हो गया है।मांडा थाने की दिघिया पुलिस चौकी अंतर्गत टिकरी गांव निवासी सुभाष चंद्र गौतम का बारह वर्षीय किशोर नमन कुमार शनिवार दोपहर भैस चराने उमापुर गांव के मध्य रेलवे ट्रैक की ओर गया था। तभी सैबसा गांव निवासी अभयराज पाल व बृजलाल पाल उक्त स्थान पर ही अपनी दो दर्जन बकरियों को लेकर चराने पहुचें। इस दौरान हरी घास देख बकरियां रेलवे ट्रैक पर चढ़ गई। तभी ट्रेन को आता देख अभयराज, बृजलाल और किशोर नमन बकरियों को बचाने के लिए दौड़े। लेकिन बारह बकरियों की चपेट में आने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि आधा दर्जन बकरियों सहित किशोर गम्भीर रूप से घायल हो गया। घटना को लेकर इलाके में अफरातफरी मच गई। आनन फानन में परिजनों द्वारा किशोर को अस्पताल ले जाया गया,लेकिन रास्ते मे ही किशोर की मौत हो गई। इससे मृतक किशोर के परिजनों सहित बकरी पालकों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।वहीं समाचार लिखे जाने तक शव का पोस्टमार्टम के लिए पुलिस को सूचना नहीं दी जा सकी थी। मामले में प्रभारी निरीक्षक। अरविंद कुमार गौतम ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं गई। यदि ऐसी सूचना आएगी तो कार्यवाही की जाएगी। घर का दुलारा था मृतक किशोर। मांडा थाना क्षेत्र के उमापुर गांव के सामने ट्रेन हादसे में मृत किशोर नमन की मौत के मामले में परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। बताया जाता है कि किशोर कक्षा छठवीं का छात्र था। वह पढ़ाई लिखाई में तेज तर्रार था। साथ ही एक भाई व बहन से छोटा था। वही बहुजन समाज पार्टी के मेजा विधान सभा के सचिव राहुल गौतम ने राहत बचाव के कार्य में सहयोग किया साथ ही रेलवे पुलिस को सूचना दिया।



# अनाथ बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दिलाएंगे समाजसेवी मनीष

अखंड भारत संदेश

**प्रतापपुर।** अनाथ बच्चों को केजी से लेकर आठवीं कक्षा तक निःशुल्क शिक्षा कॉपी, पेन, बैग, ड्रेस दिलाने का बीड़ा युवा समाजसेवी मनीष पांडेय ने उठाया है उनके इस नेक कार्य की क्षेत्र के लोग सराहना कर रहे है।प्रतापपुर विकास खण्ड क्षेत्र के बरेस्ता पड़री)गाँव निवासी समाजसेवी मनीष पांडेय सामाजिक, धार्मिक कार्यो में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते है। गरीब, जरूरतमंद की मदद, सामाजिक और धार्मिक सरोकार से जुड़े कार्यो के लिए हमेशा सहयोग करते रहते है। उनके अनुपस्थिति में अजीत पांडेय, सूर्या यादव, विनय दुबे उनकी इस मुहीम को आगे बढ़ाने में सहयोग देते है।अभी हाल में ही 26 जून को अपने जन्मदिन के अवसर पर उन्होंने क्षेत्र के गरीब, अनाथ बच्चों को केजी से आठवीं तक की निःशुल्क शिक्षा, कॉपी, पेन, बैग, ड्रेस दिलाने का संकल्प लिया है।उन्होंने कहा शिक्षा जीवन का आधार है, उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के साथ मजबूत राष्ट्र निर्माण के लिए शिक्षा अति



आवश्यक है यही बच्चे आगे चलकर भारत का भविष्य तय करेंगे।हर सामर्थ्यवान व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि अगर आर्थिक तंगी की वजह से उनके आस-पास का कोई बच्चा शिक्षा से वंचित हो रहा हो तो उसका आर्थिक सहयोग करे और शिक्षा के प्रेरित करे विगत माह में प्राचीन मंदिर का भी उनके द्वारा जीर्णोद्धार कराया गया था। क्षेत्र के श्याम बिहारी पांडेय, दारा पांडेय, सर्वेश उपाध्याय, श्रीकांत शुक्ला, अजीत पांडेय, शशांक पाठक, मयंक त्रिपाठी, संतोष सिंह, सीपी यादव, राजकुमार यादव, दीपक दुबे, अखिलेश मिश्रा सहित तमाम लोगो ने उनके इस नेक कार्य को सराहना किया है।

# कांवरिये शिव भक्तों के लिए शुद्ध पेयजल व अस्थाई शौचालय की हुई मांग

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** सावन मास के साथ-साथ इस वर्ष पुरुषोत्तम मास होने के कारण क्षेत्र के मंदिरों व शिवालयों में जहां मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ेगी वहीं प्रयागराज के दशाश्वमेध घाट से जल भरकर जौनपुर जनपद के सुजानगंज स्थित गौरी शंकर महादेव मंदिर पर जाने वाले कांवरिये सहसों के आसपास के मंदिरों तथा सार्वजनिक स्थानों पर रुक कर विश्राम करते हैं। उनके लिए शुद्ध पेयजल व शौचालय की सुविधाएं नदारद होने से भक्तों को समस्या होती है। सहसों के राम जानकी मंदिर, टहलू का शिवाला शिव मंदिर पर शुद्ध पेयजल न होने से मजबूरन दूषित जल पीकर काँवरिये शिव भक्त बीमार हो जाते हैं। वहीं शौचालय की व्यवस्था न होने से जहां कांवरियों भक्तों को घोर दिक्कतों का सामना करना पड़ता है वहीं ग्रामीणों का आरोप है कि इनके द्वारा आसपास गंदगी से संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। स्थानीय लोग एवं दुकानदारों ने सहसों चौराहा व उसके आसपास अस्थाई शौंचालय बनाए जाने की प्रशासन से मांग की है। ताकि कांवरियों को सुविधा हो तथा आसपास गंदगी न हो। राम जानकी मंदिर के पुजारी राजधर पाण्डे ने बताया कि प्रतिवर्ष माघ मास में लगने वाले मेले व कुंभ तथा महाकुंभ में पूर्वांचल से आने वाले यात्री यहां पर रुक कर विश्राम करते हैं। जिनके लिए प्रशासन द्वारा रैन बसेरा सहित मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है उसी प्रकार कांवरिया शिव भक्तों के लिए भी सुविधा उपलब्ध कराई जाए। आगामी दिनों में श्रावण मास लगने पर कांवरियों का जत्था जलाभिषेक के लिए रवाना होगा। जिसके लिए स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सहसों चौराहा सहित आसपास के सार्वजनिक स्थानों पर अस्थायी शौचालय के साथ शुद्ध पेयजल की समुचित व्यवस्था किए जाने की मांग की है।

# निर्माणाधीन हाईवे की नाली में गिर कर घायल हुए युवक की हुई मौत

## घायल साथी का चल रहा है उपचार

अखंड भारत संदेश

**रत्योरा।** निमार्णाधीन हाईवे 135 सी की नाली में गिर कर घायल हुए बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि घायल साथी का अभी भी उपचार चल रहा है। ज्ञातव्य हो कि कोरांव ड्रमंडगंज हाईवे के निर्माण में नियमों को ताक पर रखकर निर्माण कार्य कराया जा रहा है। दोनों तरफ नालियां खोदकर छोड़ दी गई हैं। न तो ढक्कन लगाया जा रहा है और न ही निर्माण कार्य पूरा हो रहा है। जिससे आए दिन लोग मार्ग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। जानकारी के मुताबिक प्रेम शंकर (25) पुत्र छोटेलाल निवासी गौहानी थाना कोरांव सप्ताह भर पूर्व अपने साथी राजेश पुत्र बिंदेश्वरी प्रसाद निवासी गौहानी थाना कोरांव के साथ कोरांव बाजार से घर जा रहा था कि कोरांव पावर हाउस के पास निर्माण कार्य में लापरवाही के चलते बाइक सवार दो युवक निमार्णाधीन नाली के गड्ढे में गिरने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गए थे। ईलाज के दौरान घायल प्रेम शंकर की मौत हो गई। इसके पहले भी रियाज (20) पुत्र मोहम्मद यूनुस की इसी स्थल पर डंपर की चपेट में आने से मौत हो गई थी। लेकिन निर्माण कंपनी द्वारा सतर्कता मानक की अनदेखी जारी है। महीनो से गढ्ढों को भरा नही जा रहा है। प्रशासन मूक दर्शक बना है।

### बाइक की टक्कर से घायय महिला का उपचार के दौरान मौत

**मऊआइमा।** शनिवार को शाम के समय हाईवे पार करते समय बाइक ने महिला को टक्कर मार दिया था। जिसपर महिला और बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिन्हें एस आर एन में भर्ती कराया गया था।उपचार के दौरान महिला की बीती रात मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मालूम हो कि मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सुलतानपुर खास निवासनीय अनारा देवी 55 वर्ष पत्नी स्वर्गीय सुचित कुमार शनिवार को शाम के समय जोगापुर सब्जी मंडी के निकट सडक पार कर रही थी तभी प्रयागराज की ओर से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी। दोनों बुरी तरह जख्मी हो गए थे। जिन्हें पहले मऊआइमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में ले जाया गया।जहां एस आर एन के लिए रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान अनारा देवी की बीती रात मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।तथा मृतका के पुत्र मनीष कुमार गुप्ता ने बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। बताया गया कि बाइक चालक अमित कुमार 25 वर्ष पुत्र दयाशंकर देल्हूपुर बाजार जिला प्रतापगढ़ का इलाज चल रहा है।

# लोक कल्याण दिवस के रूप में सपा प्रमुख अखिलेश यादव का मनाया जन्मदिन

अखंड भारत संदेश

**करछाना।** प्रयागराज विधानसभा करछना क्षेत्र के डीहा में प्रकाश बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित एक कार्यक्रम में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का जन्मदिन बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया कार्यक्रम के आयोजक विद्यालय के प्रबंधक एवं जिला पंचायत सदस्य डॉक्टर विजय बाबू यादव एवं बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ताओं के बीच केक काटकर जन्मदिन मनाया गया इस बीच पूर्व जिला पंचायत सदस्य तुलसीराम यादव ने सपा प्रमुख अखिलेश के मुख्यमंत्री काल में चलाई गई जन कल्याणकारी योजनाओं को कार्यकताओं को बीच में दोहराया और जोश भरते हुए कहा कि आगामी 2024 लोकसभा चुनाव में सपा प्रमुख अखिलेश यादव के हाथों को मजबूत कर देश की राजनीति में एक नई ऊर्जा का संचार करें कि बात कार्यकताओं के बीच कहीं तथा एकजुट होकर चुनाव में सपा के हाथों को मजबूत करने के लिए कार्यकताओं को जोश भरा इस मौके पर प्रमुख लोगों ने पूर्व जिला पंचायत सदस्य तुलसीराम यादव ,जिला पंचायत डॉ विजय बाबू यादव वासुदेव यादव रामानंद यादव महेंद्र यादव श्यामाचरण यादव श्याम बहादुर यादव ब्रह्मचारी यादव जगदीश यादव मोदी बहादुर यादव पिंटू यादव बाबा पाल झालर सोनकर विमल चौधरी मुलायम यादव विनय यादव अजीत निषाद कदम लाल निषाद प्रेमचंद्र आदिवासी प्रधान डीहा, राज नारायण यादव चंद्र प्रकाश तिवारी शिव प्रकाश तिवारी आदि बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### 27 घरों पर लटकी ध्वस्तीकरण की तलवार, जल्द चलेगा बुलडोजर

**प्रयागराज।** भारद्वाज आश्रम परिसर के विस्तार के साथ ही अब वहां पर फ्लाइंग क्लब और विमानन अनुसंधान केंद्र की स्थापना भी होगी। विस्तार की जद में आने वाले 27 भवनों पर जल्द बुलडोजर गरजेगा। पीडीए पहले ही इन भवनों को तोड़ने का आदेश जारी कर चुका है। जिसके बाद भवन स्वामी पीडीए का चक्कर लगा रहे हैं।कुंभ 2025 के पहले भारद्वाज मुनि आश्रम के विस्तार को लेकर तैयारियां तेजी से चल रही थीं। विस्तार के क्षेत्र में आने वाले 33 भवन स्वामियों को पीडीए की तरफ से पिछले साल नवंबर में ही नोटिस जारी किया था। इसमें से कुछ भवन स्वामियों ने अपने दस्तावेज जमा किए थे। इसके बाद 27 भवन स्वामियों पर ध्वस्तीकरण की तलवार लटकने लगी। शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनसभा में आश्रम के पास ही फ्लाइंग क्लब और विमानन अनुसंधान केंद्र स्थापित किए जाने की घोषणा कर दी।

### चाकू से हमला कर काट दिया युवक का गुप्तांग, सर्जरी में लगे 65 टांके

**प्रयागराज।** उतरांव थाना क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर गांव निवासी युवक के गुप्तांग की सर्जरी कर 65 टांके लगाए गए। हालत में सुधार होने पर युवक ने पुलिस को तहरीर दी। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि उस पर पुरानी रंजिश में चाकू से हमला कर गुप्तांग काट लिया गया था। उतरांव थाना क्षेत्र के मोहिउद्दीनपुर गांव निवासी एक युवक 28 जून को तकरीबन आठ बजे रात अपने घर से कुछ दूरी पर शौच करने के लिए गया था। उसी दौरान गांव के ही एक युवक ने पुरानी रंजिश को लेकर गालीगलौज करते हुए चाकू से उसके गुप्तांग पर हमला कर दिया। इस दौरान उसका गुप्तांग कट गया और वह बेहोश होकर गिर गया था। इस दौरान हमला करने वाला युवक मौके से फरार हो गया।होश आने पर वह खून से लथपथ होकर रोते हुए अपने घर पहुंचा और आपबीती परिजनों को बताई। परिजनों ने आननफानन उसे एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया था। जहां पर उसकी सर्जरी के दौरान 65 टांके लगे हैं। डॉक्टरों के अनुसार उसकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है। पीड़ित युवक के पिता ने गांव के ही एक युवक के खिलाफ थाना उतरांव में नामजद तहरीर दी है। इस मामले में उतरांव पुलिस ने आरोपी युवक के ससुर को हिरासत में लिया है। थानाध्यक्ष उतरांव श्रवण कुमार ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश के बावजूद दबंग कर रहे कब्जा

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** न्यायालय में विचाराधीन होने के बावजूद पुलिस की मिली भगत से एक गरीब की जमीन पर दबंगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है। जबरन गरीब के खेत से पशु चारा काट ले जा रहे हैं । भुक्तभोगी फूलचंद्र विश्वकर्मा ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। डायल 112 पुलिस भी भुक्त भोगी की बात न सुनकर दबंगो का साथ दे रहे हैं। प्रकरण मेजा थाना क्षेत्र के डेलौहा गांव का है। उल्लेखनीय हैं कि उक्त गांव निवासी रंगबहादुर , रामबहादुर, राम रक्षा ने गांव स्थित भूखंड संख्या 448,367 का विवाद न्यायालय में वाद दाखिल किया गया है। जिसमें न्यायालय द्वारा उपरोक्त भूमि के बाबत स्पष्ट रूप से नियत तिथि तक स्थगन आदेश पारित किया गया है। किंतु विपक्षी पुलिस की मिली भगत से उपरोक्त भूखण्ड में न्यायालय के आदेश को ताक पर रखकर जबरन अपनी गुंडई और दबंगई के बल पर अवैध कार्य कर रहे है। विरोध करने पर भुक्तभोगी व उसके परिजनों को जान से मारने की धमकियां दे रहे है। जबकि इसी सम्बन्ध में खबर प्रकाशित करने पर एक पत्रकार को जान से मारने की धमकी दी थी। पत्रकार के शिकायत पर मेजा पुलिस मुकदमा पंजीकृत तो कर लिया था, लेकिन अभी तक कार्रवाई नहीं किया गया। जब तक इन दबंगो के खिलाफ कार्रवाई नही होगी तब तक इनका मनोबल बढ़ता रहेगा।

### ईट भट्ठे पर खड़े तीन ट्रैक्टर के हजारों के चोर खोल ले गए कीमती उपकरण

**घूरपुर।** घूरपुर थाना क्षेत्र के पंवरी बकैनिहा गौहनिया करमा मार्ग स्थित शिव कुमार यादव का ईट भट्ठा है। शनिवार की रात बलवंत पटेल मिठाई लाल का पुरवा, राज बहादुर यादव पंवरी, अजय बिंद पंवरी का रोज की तरह शनिवार रात भी तीनों का ट्रैक्टर ईंट भट्ठा परिसर में खड़ा था। रविवार की सुबह तीनों ट्रैक्टर स्वामी पहुंच कहीं ले जानें के लिए ट्रैक्टर स्टार्ट करने लगे तो ट्रैक्टर स्टार्ट ही नहीं हुआ। तो चेक करने पर दिखा कि तीनों ट्रैक्टर में स्टार्ट सेल्फ गायब था। तीनों ट्रैक्टर स्वामियों में थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। बताया जाता है कि उक्त आसपास कई स्थानो पर चोरों ने अपना अड्डा बना लिया है। लोगों की शिकायतो के वावजूद भी पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती। जिससे चोर मनबढ़ हो गए हैं।

## न्यूज झरोखा

### आम के पेड़ से गिर कर युवक गंभीर रूप से घायल



**मेजा रोड।** आम के पेड़ से गिरने से युवक हुआ गंभीर रूप से घायल मेजा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा पट्टी नाथ राय निवासी मुन्नी लाल पुत्र दिलीप भारतीय उम्र 18 आम के पेड़ पर आम तोड़ने पतली डाली पर चढ़ा था डाली टूटने से वह नीचे गिर गया जिससे बाया पैर पुरी तरह से फेक्चर हो गया परिजनों ने आनन फानन में प्राइवेट हॉस्पिटल ले गए जहां हालत गंभीर बनी हुई है।

### चोरों ने शटर का ताला तोड़कर नगदी समेत कई पेटी कोल्ड-ड्रिंक को किया पार



**सिरसा।** मेजा थाना क्षेत्र में कोल्ड-ड्रिंक की दुकान में रात के समय चोरी कर चोरों ने दुकान से कई पेटी ठंडा पेय पदार्थ चोरी कर लिया। सुबह होने पर दुकानदार को चोरी की जानकारी मिली तो पीड़ित ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। मेजा थाना क्षेत्र के उरुवा बाजार में अमिलिया कलां निवासी अतुल कुशवाहा ने किराए के कमरे में कोल्ड-ड्रिंक का कारोबार कर रखा है। शनिवार की रात उक्त दुकान से चोरों ने शटर का ताला तोड़कर कई पेटी कोल्ड-ड्रिंक की चोरी कर लिया। सुबह होने पर बाजार के लोगों द्वारा दुकानदार को पता चला कि दुकान का शटर खुला हुआ है। घर से दुकान पर पहुंचे पीड़ित दुकानदार ने बताया कि दुकान के अंदर काउंटर में रखे 14 हजार रुपए नकद के साथ तीन-चार पेटी कोल्ड-डिंक गायब है। तत्काल दुकानदार ने इसकी सूचना मेजा पुलिस को दी। सूचना पर पहुंचे मेजा थाने के दरोगा परलोक चौधरी जांच पड़ताल कर चले गए।

### मर्रो बाजार - धनूपुर बाजार मार्ग जलमग्न आवागमन बाधित



**धनूपुर।** मर्रो बाजार से विक्रमपुर, कलना गांव होते हुए धनूपुर बाजार जाने वाली सड़क मरम्मत के अभाव में जीर्ण अवस्था में हो गई है। बारिश के कारण गड्ढों में जगह जगह जलभराव हो गया है आवागमन बाधित हो रहा है लोग गिरकर चुटहिल हो रहें हैं।इस मार्ग पर 24 घंटे छोटे बड़े वाहनों का आवागमन रहता है 3 किमी लंबाई की यह सड़क पूर्णतः गड्ढे में तब्दील हो चुकी है रोज दुर्घटना होती है।बारिश में जगह जगह गड्ढे होने के कारण सड़क पर वाहन रेंगते हुए चलते हैं अधिक स्पीड में कोई भी गाड़ी नहीं चल सकती क्योंकि इतने अधिक गड्ढे हो गए हैं। बावजूद इसके प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों का ध्यान सड़क के गड्ढों पर नहीं जा रहा जिसके कारण आम नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है सड़क पूर्णतः गड्ढे में तब्दील हो चुकी है आवागमन बाधित हो गया है।

### सोमवार से खुलेंगे आठवीं तक के स्कूल



**प्रयागराज।** प्रदेश के 1.50 लाख से अधिक परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक स्कूलों के साथ ही सभी मान्यता प्राप्त स्कूल 44 दिन के ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद सोमवार से खुलेंगे। एक अप्रैल से 2023-24 सत्र की शुरू हुई थी। आठवीं तक के स्कूलों में 20 मई से 15 जून तक गर्मी की छुट्टी हुई थी बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव प्रताप सिंह बघेल ने पहले 26 जून तक और फिर दो जुलाई तक बढ़ा दिया था। सोमवार से स्कूल निर्धरित समय सारिणी के अनुसार संचालित किए जाएंगे। स्कूल खोलने से पहले पर्याप्त साफ-सफाई, शौचायल की सफाई, बच्चों के लिए शुद्ध पेयजल एवं बैठने की समुचित व्यवस्था की जा रही है।

# कांवड़ यात्रा मार्ग पर ड्रोन से होगी निगरानी, बंद रहेंगी मांस की दुकानें, डीजीपी ने दिया निर्देश

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** चार जुलाई से शुरू हो रहे सावन मास के दौरान कांवड़ यात्रा मार्ग पर ड्रोन से निगरानी होगी। यही नहीं रास्ते के किनारे स्थित मांस की दुकानें भी बंद रहेंगी। कांवड़ मार्ग के साथ ही घाटों पर फोर्स की तैनाती की जाएगी। साथ ही जल पुलिस की टीम भी लगाई जाएगी। यह बातें शनिवार को पुलिस लाइन पहुंचे प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने कहीं।प्रमुख सचिव गृह सूबे के डीजीपी विजय कुमार संग कांवड़ यात्रा की तैयारियों का जायजा लेने के संबंध में पुलिस लाइन पहुंचे थे। यहां न सिर्फ प्रयागराज बल्कि कानपुर, झांसी आदि जिलों में भी कांवड़ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में प्रयागराज व कानपुर जोन के पुलिस व प्रशासनिक अफसरों के अलावा झांसी, चित्रकूट व अन्य जिलों के अफसर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उपस्थित हुए।प्रमुख सचिव गृह ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जाएं। यात्रा में किसी तरह की बाधा न हो, इसके लिए यातायात को लेकर चाक-चौबंद व्यवस्था की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि कांवड़ियों को असुविधा न हो, इसके लिए कांवड़ यात्रा मार्ग पर स्थित मांस की दुकानों को इस अवधि तक बंद कराया जाए।

**डीजीपी बोले, माहौल बिगाड़ने वालों से कड़ाई से निपटें :** डीजीपी ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन से निगरानी कराई जाए। सोशल मीडिया पर भी अलग-अलग टीमें बनाकर 24 घंटे मॉनिटरिंग कराई जाए। कोई भी आपत्तिजनक ट्वीट या पोस्ट किए जाने पर तत्काल संज्ञान लेकर कार्रवाई की जाए। माहौल बिगाड़ने वालों से कड़ाई से निपटें। कांवड़ यात्रा मार्ग से संबंधित थानों की पुलिस लगातार कांवड़ मार्ग की पैट्रोलिंग करे। दोपहर 12 बजे शुरू हुई बैठक दो बजे तक चली।इस दौरान एडीजी जोन प्रयागराज भानु भाष्कर, एडीजी जोन कानपुर आलोक सिंह, कमिश्पर विजय विश्वास पंत, आईजी रेंज प्रयागराज चंद्रप्रकाश व आईजी रेंज कानपुर प्रशांत कुमार द्वितीय, पुलिस आयुक्त रमित शर्मा, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त पवन कुमार, डीएम संजय कुमार खत्री, डीसीपी सिटी दीपक भूकर, डीसीपी गंगापार अभिषेक भारती समेत तमाम अन्य पुलिस व प्रशासनिक अफसर शामिल रहे।

**वाराणसी के लिए रवाना हुए दोनों अफसर :** प्रमुख सचिव गृह व डीजीपी बैठक के कुछ देर बाद ही वाराणसी के लिए रवाना हो गए। इससे पहले प्रमखु सचिव गृह संजय प्रसाद ने मीडिया से कहा कि कांवड़ मार्ग पर जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे भी लगवाने के निर्देश दिए गए हैं। कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए जो भी व्यवस्थाएं आवश्यक हैं, वह की जाएंगी। उन्होंने यह भी कहा कि इस बार कांवड़ मार्ग के साथ ही घाटों पर जल भरने के दौरान भी कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा कराई जाएगी।

## अतीक-अशरफ हत्याकांड को गठित न्यायिक आयोग फिर पहुंचा, डॉक्टरों का दर्ज होगा बयान

**प्रयागराज।** अतीक-अशरफ हत्याकांड की जांच के लिए गठित न्यायिक आयोग शनिवार देर शाम एक बार फिर शहर पहुंचा। पांचों सदस्यों ने सर्किट हाउस में पुलिस के आला अफसरों के साथ बैठक की। आयोग रविवार को कुछ लोगों से पूछताछ या बयान दर्ज कर सकता है। इनमें पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टर भी शामिल हैं। आयोग अभी तक 60 लोगों से पूछताछ कर चुका है।पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीबी भोसले की अध्यक्षता में गठित पांच सदस्यीय आयोग अतीक-अशरफ हत्याकांड की जांच कर रहा है। अब तक आयोग कॉल्विन अस्पताल के डॉक्टर व अन्य मेडिकल स्टाफ के साथ ही मीडियाकर्मियों व पुलिसकर्मियों से पूछताछ कर चुका है। इनके शपथपत्र भी लिए गए हैं। बयानों का घटना के वीडियो फुटेज से मिलान भी किया जा चुका है।शनिवार शाम को आयोग के सदस्य सर्किट हाउस पहुंचे और पुलिस विभाग के आला अफसरों से बातचीत की। रविवार को हत्याकांड के संबंध में आयोग कुछ अन्य लोगों से पूछताछ कर सकता है। इसमें वह डॉक्टर भी शामिल हैं, जिन्होंने अतीक-अशरफ के शवों का पोस्टमार्टम किया था।सूत्रों का कहना है कि न्यायिक आयोग के सदस्य अगले दो दिनों तक शहर में ही रहकर साक्ष्य जुटाएंगे। गौरतलब है कि इससे पहले तीन बार 20 अप्रैल, छह मई व 17 मई को भी आयोग शहर आ चुका है। इस दौरान घटनास्थल व धूमनगंज थाने के निरीक्षण के साथ ही सीन रिक्रिएशन भी कराया जा चुका है। 15 अप्रैल को अतीक-अशरफ की पुलिस कस्टडी में हत्या के बाद 16 अप्रैल को तीन सदस्यीय आयोग का गठन किया गया था। आयोग को दो महीने में रिपोर्ट देनी थी, लेकिन यह समय सीमा बीत गई। फिर, आयोग में दो सदस्य और बढ़ाए गए।

# महापौर के हाथों से मिला मृतक आश्रितों को नियुक्ति पत्र



अखंड भारत संदेश

**नगर निगम प्रयागराज के कर्मिकों की सेवाकाल के दौरान मृत्यु पश्चात उनके आश्रितों को मिला नियुक्ति पत्र नियुक्ति पत्र पाकर आश्रित दिखे खुश**

**प्रयागराज।** नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज, चन्द्र मोहन गर्ग के आदेश के क्रम में आज दिनांक 01 जुलाई 2023 को महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी द्वारा नगर निगम प्रयागराज के कर्मिकों की सेवाकाल के दौरान मृत्यु पश्चात उनके आश्रितों जिसमें मोईनुद्दीन अहमद पुत्र स्व0 मुशीर अहमद, अमन कुमार पुत्र स्व0 राम आसरे कनिष्ठ लिपिक के पद पर तथा श्रीमती नन्दिता देवी पत्नी स्व0 श्याम बाबू, मुकेश कुमार पुत्र स्व0 गुलाब, अनिकेत पुत्र स्व0 राजू, वीरेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 कल्लो देवी तथा श्रीमती संजू पत्नी स्व अन्नू सफाई कर्मचारियों को पद पर नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान कार्यालय अधीक्षक श्रीमती अनुपमा श्रीवास्तव, सचिव महापौर मनोज श्रीवास्तव तथा नाजिर राम सक्सेना तथा पार्षद राजू शुक्ला सहित अन्य पार्षदगण उपस्थित रहे।

# स्कार्पियो ने बाइक सवार को मारी टक्कर एक युवक की मौत एक युवक घायल

अखंड भारत संदेश



**नैनी।** कोतवाली अंतर्गत मिजार्पुर हाईवे पर राज्य कर्मचारी बीमा हॉस्पिटल के सामने रविवार देर शाम रांग साइड से जा रहे बाइक सवार दो युवकों को तेज रफ्तार स्कॉर्पियो वाले ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय ले जाया गया। जहां एक युवक की मौत हो गई। दूसरे की हालत बेहद गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने उनके परिजनों को खबर भी दी है। नैनी कोतवाली अंतर्गत मिजार्पुर राजमार्ग पर स्थित राजकीय बीमा अस्पताल के सामने रविवार देर शाम एक बाइक सवार दो लोग रांग साइड से करछना से शहर की ओर जा रहे थे। उसी समय करछना की तरफ जा रही तेज रफ्तार स्कार्पियो ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों की हालत बेहद नाजुक थी। सूचना के बाद मौके पर नैनी और औद्योगिक क्षेत्र थाने की पुलिस पहुंची। दोनों घायलों को तत्काल एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया। मौके से स्कॉर्पियो वाला भाग निकला। इंस्पेक्टर नैनी बृजेश सिंह ने बताया कि बाइक सवार बृजेश कुमार (30) पुत्र मातादीन निवासी गड़ैला बसही, करछना और अरविंद कुमार (31) पुत्र श्यामधर निवासी गड़ैला बसई, करछना शहर की तरफ जा रहे थे। दोनों को स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने बृजेश कुमार को मृत घोषित कर दिया। अरविंद कुमार की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। दोनों को घरवालों को सूचना दी गई है। अभी तक कोई आया नहीं है। जिससे अभी उनके बारे में बहुत ज्यादा डिटेल नहीं मिल पाई है। बृजेश की लाश पोस्टमार्टम हाउस में रखवा दिया गया है।

## आपूर्ति निरीक्षक के खिलाफ लामबंद हुए कोटेदार

**मेजा।** आपूर्ति निरीक्षक मेजा की कार्यशैली से नाराज कोटेदार लामबंद होकर उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि एसडीएम के निर्देश पर आपूर्ति निरीक्षक श्याम मोहन ने 9 जून को सभी कोटेदारों की मेजा तहसील में आकस्मिक बैठक आहूत की थी, जिसकी सूचना आपूर्ति- निरिक्षक मेजा द्वारा ग्रुप में मोबाइल के माध्यम से दिनांक 26 मई को समय लगभग 11 बजे दिन में दिया था। कुछ कोटेदार शादी विवाह कार्यक्रम के कारण एवम् कुछ दुकानदार एम. डी. एम. राशन बढ़ाने के कारण उक्त बैठक में उपस्थित नहीं हो सके थे। फलतः आपूर्ति निरीक्षक द्वारा उक्त तिथि को ही गलत तरीके से नहीं आए हुए कोटेदारों के विरुद्ध एक-एक हजार रुपये अर्थदण्ड लगाया। जिन दुकानदारों पर अर्थदण्ड लगाया गया है उनमें कुछ दुकानदार उपस्थित भी थे। जो आदेश पारित हुआ है, उसे पत्रावली में लिखकर रखा गया था,लेकिन 30 जून को शासन द्वारा उपरोक्त आपूर्ति निरीक्षक का रथानान्तरण होने के पश्चात ग्रुप में दण्ड सूची डाल दी गयी। कोटेदारों ने तहसील अध्यक्ष हरिशंकर मिश्र के नेतृत्व में कोटेदारों संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी को आपूर्ति निरीक्षक द्वारा लगाया गया अनलिगल अर्थ दंड वापस करने की मांग की। इस मौके पर प्रमुख रूप से उरुवा ब्लॉक अध्यक्ष रविकांत शुक्ल,अमरीश मिश्र,अनुज प्रताप सिंह,शंकर लाल यादव,रामनाथ यादव,सुमन लता सहित भारी संख्या में कोटेदार मौजूद रहे।

# लापता बच्चे की लाश गंगा में मिली

अखंड भारत संदेश

**30 जून को दोस्तों के साथ गया था खेलने, साथियों ने कहा- नहाते समय डूबा था**



**प्रयागराज।** शिवकुटी इलाके से 30 जून की शाम से लापता 12 साल के बच्चे की लाश 2 जुलाई को कैंट थाना क्षेत्र के नेवादा मोहल्ले के सामने गंगा में उतराती हुई मिली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बालक अपने दोस्तों के साथ गंगा में नहाने गया था। इसी दौरान वह डूब गया था। मूल रूप से सराय इनायत थाना क्षेत्र के हनुमानगंज निवासी कोतल सिंह अपनी पत्नी सीमा सिंह, बेटे रूद्र सिंह (12) और एक बेटी के साथ प्रयागराज शहर के शिवकुटी थाना अंतर्गत गंगानगर मोहल्ले में रहते थे। वह अपना स्वयं का धंधा करके परिवार का भरण पोषण करते थे। करीब 6 साल पहले उन्हें कैसर हो गया। काफी इलाज के बावजूद उनकी जान नहीं बची। उनकी मौत के बाद से दोनों बच्चों को पालने का जिम्मा उनकी पत्नी सीमा सिंह पर आ गया। सीमा मोहल्ले में लोगों के घरों के बरत्तन साफ करके झाड़ू लगाकर के दोनों बच्चों को पाल रही थी। बेटा रूद्र सिंह चौथी कक्षा का छात्र था। बिलख रही मां के अनुसार 30 जून को रूद्र सिंह मोहल्ले के चार पांच लड़कों के साथ खेलने के लिए निकला था। अंधेरा होते होते सारे बच्चे वापस आ गए, लेकिन रूद्र वापस नहीं लौटा। परेशान मां रुद्र को ढूंढने लगी मोहल्ले में साथ गए लड़कों से पूछ?, लेकिन किसी ने कुछ नहीं बताया। एक जुलाई को सीमा सिंह ने बेटे की गुमशुदगी के संबंध में शिवकुटी थाने में शिकायत की। पुलिस ने खोजबीन करने का आश्वासन दिया। इस बीच एक जुलाई की शाम को मोहल्ले की एक महिला ने आकर सीमा सिंह को बताया कि उनका बेटा 30 जून की शाम को कछार में क्रिकेट खेल रहा था। क्रिकेट खेलने के बाद वह चार-पांच लड़कों के साथ गंगा नहाने चला गया था। उसी समय वह गंगा में डूब गया। यह सुनकर सीमा के पैरों तले जमीन खिसक गई। घटना के बारे में पुलिस को बताया गया। पुलिस ने दो जुलाई को सुबह से ही गोताखोर और एसडीआरएफ की टीम को लापता रुद्र की तलाश में लगाया। कैंट थाना क्षेत्र के नेवादा मोहल्ले के सामने गंगा में पाई गई। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है। थाना प्रभारी शिवकुटी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि अभी तक की जांच में यह पता चला है कि उसके साथ जो बच्चे गंगा नहाने गए थे। वह उसके डूबने के बाद डर गए थे। इसलिए उन लोगों ने घर में नहीं बताया। कल शाम को एक बच्चे ने अपनी मां से रूद्र के ड्रबने की बात बताई थी। उसी आधार पर आज उसकी खोजबीन की गई और बॉडी मिल गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

# संदिग्ध दशा में युवक की मौत, फंदे पर लटका मिला सड़ा गला शव

अखंड भारत संदेश

**दुर्गंध आने पर पुलिस को दी गई सूचना**



**झूंसी।** थाना क्षेत्र के आवास विकास कालोनी योजना 3 के एक मकान में रविवार को एक युवक का सड़ा गला शव फंदे पर लटका मिला। जब मकान से बदबू आने लगी तब पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना देकर शव को फंदे से उतार पीएम के लिए भेज दिया पर घंटो बाद भी परिजन नही आया। आवास विकास कालोनी योजना 3 के सेक्टर चार में रहने वाले दुर्गा प्रसाद कुशवाहा 32 पुत्र स्व. जगदीश प्रसाद कुशवाहा ठेला लगाता था। शादी नही हुई थी बड़ा भाई गुप्तेश्वर प्रसाद कुशवाहा अलोपीबाग में रहता है। रविवार को पड़ोसियों ने बताया कि दुर्गा प्रसाद के घर से बदबू आ रही है। मौके पर पहुचे एसआई धर्मेंद्र यादव ने देखा दरवाजा खुला था अंदर जाने पर देखा कि दुर्गा प्रसाद का सड़ा गाला शव कमरे में पंखे के चुल्ले में बधी रस्सी के सहारे लटक रहा था। शव तीन से चार दिन पुराना लग रहा था। पुलिस ने मृतक के बड़े भाई को सूचना दी पर कोई नही आया तो शव को पीएम के लिए भेज दिया गया। मामल संदिग्ध बताया जा रहा है। पुलिस को अब पीएम का इंतजार है।

# सांसद फूलपुर ने 65 कारीगरों को निःशुल्क विद्युत चालित चाक का किया वितरण

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी प्रयागराज राम औतार यादव द्वारा अवगत कराया गया कि उ0प्र0 माटीकला बोर्ड के तत्वावधान में टूल्स किट वितरण योजना के अन्तर्गत प्रजापति समाज के 65 कारीगरों को निःशुल्क विद्युत चालित चाक वितरण सांसद फूलपुर श्रीमती केशरी देवी पटेल के कर-कमलों से दिनांक-01 जुलाई 2023 को किया गया, इस अवसर पर उ0प्र0 माटीकला बोर्ड की योजनाओं पर विभागीय अधिकारी श्री राम औतार यादव, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी द्वारा विस्तृत प्रकाश डाला गया। उ0प्र0 सरकार के निर्देशन में उ0प्र0 माटीकला बोर्ड द्वारा विगत कई वर्षो से निःशुल्क विद्युत चालित चाक/श्री गणेश-लक्ष्मी की मूर्तियों के सॉचे/पग मिल (मिट्टी गूथने की मशीन) का वितरण किया जा रहा है। जिससे प्रजापति समाज के अति पिछड़े वर्ग को रोजगार के अवसर उपलब्ध हुये है। इस अवसर पर अजीत प्रजापति सदस्य उ0प्र0 माटीकला बोर्ड के द्वारा प्रजापति समाज के लोगों को उ0प्र0 माटी कला बोर्ड द्वारा सचालित यजनाओ की विस्तृत जानकारी देते हुए व जागरूक करते हुये कहा कि शासन द्वारा निःशुल्क भूमि पट्टे की व्यवस्था की गई है जिसका लाभ उठाकर मिट्टी की उपलब्धता हेतु ग्राम समाज से पट्टे प्राप्त कर सकते है। अध्यक्ष नगर पंचायत फूलपुर-प्रयागराज अमरनाथ यादव के द्वारा सभी को सरकार की योजनाओं का भरपूर लाभ उठाने को प्रेरित किया गया। सांसद महोदया श्रीमती केशरी देवी पटेल द्वारा प्रजापति समाज के लोगों से कहा कि देश व प्रदेश की सरकार की योजनायें आम जनता के लिए है जिसका सभी को भरपूर लाभ उठाना चाहिए। इसके साथ ही यह भी कहा कि प्रजापति समाज के लोगों को मिट्टी की समस्या आने पर व शासन प्रशासन से किसी भी प्रकार की समस्या होने पर आप लोग मुझसे सीधे सम्पर्क कर सकते है। उन्होने कहा कि जनता की सेवा के लिए हमेशा उपलब्ध है। इस अवसर पर महिला मोर्चा उपाध्यक्ष काशी क्षेत्र श्रीमती अर्चना शुक्ला तथा उ0प्र0 राज्य कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष कमल कुमार श्रीवास्तव तथा विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राकेश मोहन गुप्ता ज्येष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा किया गया। अन्त मे सभी का आभार व्यक्त कर जिला ग्रामोद्योग अधिकारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# हंडिया-झूंसी मार्ग फोर लेन होने के बाद बनेगा कांवड़ पथ, भेजा जा चुका है प्रस्ताव

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** कांवड़ियों के लिए अलग पथ में अभी कई बाधाएं हैं। इसका प्रस्ताव तो शासन को भेजा जा चुका है लेकिन हंडिया से झूंसी के बीच बन रहे फोन लेन सड़क के बनने तक इसके लिए इंतजार करना पड़ेगा। दो दिन बाद सावन शुरू होने जा रहा है। इसी के साथ कांवड़ यात्रा के लिए वाराणसी मार्ग को एक तरफ से बंद कर दिया जाएगा। यानि, आना और जाना दोनों एक ही लेन से होगा। ऐसे में इस साल भी सावन के दौरान जाम की समस्या से लोगों को रूबरू होना पड़ेगा। मुश्किल यह कि मलमास की वजह से इस बार 59 दिन का सावन पड़ रहा है और इस दौरान एक लेन बंद रहेगी।इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए अलग कांवड़ पथ बनाने का निर्णय लिया गया है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आदेश पर जनवरी में ही प्रस्ताव तैयार किया गया था। 3.73 मीटर चौड़े कांवड़ मार्ग के प्रस्ताव को उप मुख्यमंत्री की भी मंजूरी मिल चुकी है। लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता रमाशंकर यादव का कहना है प्रस्ताव शासन को भी भेज दिया गया है।अफसरों के अनुसार कांवड़ पथ के लिए अलग से कोई जमीन नहीं ली जाएगी। सड़क के किनारे बने सर्विस लेन एवं फुटपाथ को ही कांवर पथ में तब्दील किया जाएगा। चूंकि हंडिया से झूंसी के बीच फोर लेन सड़क बन रही है। इसमें सर्विस लेन का भी प्रावधान किया गया है। रास्ते में आने वाले हनुमानगंज, सैदाबाद आदि बाजार में फुटपाथ का इस्तेमाल कांवड़ पथ के लिए किया जाएगा।अफसरों का कहना है कि झूंसी से हंडिया के बीच फोर लेन बनने के बाद इसकी प्रक्रिया शुरू किए जाने की उम्मीद है। हालांकि, इसके लिए शासन के आदेश का इंतजार करना होगा। वहीं डीएम संजय कुमार खत्री का कहना है कि प्रस्ताव भेजा जा चुका है। अगले वर्ष सावन से पहले कांवड़ पथ का निर्माण कराने का लक्ष्य है।

**3 दिन मूसलाधार बारिश का अलर्ट**

# प्रयागराज में लगातार बादलों का डेरा तापमान गिरकर 32 डिग्री सेल्सियस

अखंड भारत संदेश

**नैनी।** नैनी नए पुल के ऊपर काले घने बादल साफ देखे जा सकते हैं प्रयागराज में पिछले सप्ताह से लगातार बादलों का डेरा है। बीच-बीच में बारिश भी हो रही है। इस बीच मौसम विज्ञान विभाग ने अगले 3 दिनों तक लगातार मूसलाधार बारिश होने का अलर्ट जारी किया है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के एटमॉस्फेरिक साइंसेज डिपार्टमेंट के प्रोफेसर शैलेंद्र राय के मुताबिक इंडियन मेट्रोलॉजिकल डिपार्टमेंट ने 3 जुलाई से लेकर 5 जुलाई तक उत्तर प्रदेश के कई जिलों समेत प्रयागराज में मूसलाधार बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक आगे 3 दिनों तक आसमान में बादल छाए रहेंगे और मूसलाधार बारिश के साथ-साथ बीच-बीच में भी छिटपुट बारिश होती रहेगी। इस दौरान बिजली गिरने की भी संभावना को देखते हुए मौसम विज्ञान विभाग ने अनावश्यक खराब मौसम के बीच इधर उधर जाने से मना किया है। फिलहाल इस पूरे सप्ताह आसमान में बादल छाए रहेंगे और बीच-बीच में बारिश होती रहेगी 7 जुलाई तक ऐसे ही मौसम रहने के आसार हैं।मौसम विज्ञान विभाग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक 2 जुलाई को अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहा है। 3 जुलाई को अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस व अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जाएगा। 4 और 5 जुलाई को तापमान में कोई खास अंतर नहीं रहेगा। 4 जुलाई को अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रहने का आनुमान है। इसके अलावा 5 जूलाई को अधिकतम तापमान 71 डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहने के आसार हैं 6 जुलाई को अधिकतम तापमान 1 डिग्री सेल्सियस गिरकर 30 डिग्री सेल्सियस रहेगा, जबकि न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है 7 जुलाई को अधिकतम तापमान में दो डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी दृज होगी, जबकि न्यूनतम तापमान गिरकर 24 डिग्री सेल्सियिस रहने के आसार हैं। आने वाले दिनों में आद्रता 57% से बढ़कर 75% तक पहुंचेगी। मौसम में आद्रता बढ़ने के कारण लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ेगा।

## महापौर ने बनाए गये घाट पर देखी सावन की तैयारी



**प्रयागराज।** प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी ने रविवार दोपहर दशाश्मेथ घाट पर सावन की तैयारी देखी। महापौर नगर निगम और जलकल के इंजीनियरों के साथ दशाश्मेध घाट गए और कांवड यात्रियों के लिए हो रही तैयारियों का जायजा लिया। महापौर ने घाट पर पहुंच मार्ग, स्नान घाट आदि को समय से तैयार करने का निर्देश दिया। कीचड़ से सने घाट के मागर्ग पर चकर्ड प्लेट बिछाने के लिए कहा। इसके अलावा घाट के मार्ग की पैचिंग करने, पानी का टैंकर लगाने, कपड़ बदलने के लिए केबिन बनाने और मार्ग प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान नगर निगम के मुख्य अभियंता सतीश कुमार, जोनल अधिकारी संजय ममगई, जलकल के अधिशासी अभियंता संगभूषण व कई पार्षद मौजूद रहे।



## एसीपी ने किया बनाए गए घाटों का निरीक्षण

**झूंसी।** सावन माह में शिव भक्तों के स्नान व जल लेने के लिए बनाए गए घाटों का एसीपी झूंसी आईपीएस चिराग जैन ने रविवार की शाम निरीक्षण किया। मौके पर उपस्थित पुलिस व गताखोरो को जरूरी दिशा निर्देश दिया। घाटों के निरीक्षण के बाद एसीपी चिराग जैन ने वाराणसी प्रयागराज मार्ग पर की जा रही बैरिकेडिंग की जांच की। कुछ स्थानों पर बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट को दुरुस्त कराने के लिए कार्यदाई संस्था को निर्देश दिया। उन्होंने बताया की मंगलवार से कांवड़ मार्ग पर पुलिस की ड्यूटी लगा दी जाएगी। शनिवार को वाराणसी प्रयागराज मार्ग को वनवे कर दिया जाएगा।

**कार्यालय ग्राम पंचायत महुली ब्लॉक कोरांव प्रयागराज**

**निविदा सूचना**

पंचम राज्य वित्त/पंद्रहवां विज योजना के तहत ग्राम पंचायत महुली में पंजीकृत ठीकेदारों से अधोलिखित विवरण के अनुसार कार्य करने हेतु दिनांक 03/07/2023 से दिनांक 10/7/2023 तक सीलबंद लिफाफा में निविदा दिनांक 12/07/2023 को ग्राम पंचायत कार्यालय पर अपराह्न दो बजे गठित समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत कार्यालय को होगा। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। नियम और शर्तों की जानकारी ग्राम पंचायत अधिकारी से प्राप्त की जा सकती है।

कार्य का विवरण

1. महुली बाजार रोड से विनोद शर्मा के घर तक मिट्टी का कार्य,वर्ष 2023,2024 अनुमानित लागत रुपया 1.31 लाख
2. पंचायत भवन महुली के सामने स्थल विकास कार्य,वर्ष 202, 2022 अनुमानित लागत रुपया 1.71लाख
3. ग्राम पंचायत महुली में स्थित अस्थाई गोवंश आश्रय स्थल पर द्वितीय भूंसा भंडारण निर्माण,वर्ष 2023,2024अनुमानित लागत रुपया 4.18 लाख पंचम राज्य वित्त एवं पंद्रहवां राज्य वित्त द्वारा

श्रीमती उर्मिला देवी
ग्राम प्रधान महुली
कोराव प्रयागराज

शसिलेंद्र सिंह
ग्राम पंचायत अधिकारी
महुली कोराव प्रयागराज

# कांवड़ यात्रा को शान्तिपूर्ण एवं सकुशल ढंग से कराएं सम्पन्नः डीएम

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव ने कैम्प कार्यालय के सभागार में श्रावण मास के पर्व/कावंड़ यात्रा के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि श्रावण मास दिनांक 04 जुलाई से प्रारम्भ होकर दिनांक 31 अगस्त 2023 को रक्षाबन्धन के दिन समाप्त होगा। श्रावण शिवरात्रि का मुख्य पर्व दिनांक 16 जुलाई को मनाया जायेगा।

उन्होने कहा कि जनपद में श्रावण मास के पावन पर्व पर श्रद्धालुजन/कांवड़िये विभिन्न स्थलों से गंगाजल लाकर जनपद अवस्थित प्रसिद्ध मन्दिर/शिवालय में जलाभिषेक करते है। इसके अतिरिक्त कामदा एकादशी, नागपंचमी तथा पूर्णिमा के दिन भी स्नान एवं जलाभिषेक होता हैं। इन पर्वो पर श्रद्धालु गंगा व अन्य पवित्र नदियों का जल कॉवड़ में लेकर पैदल अपने-अपने क्षेत्र के शिव मन्दिरों अथवा अन्य प्रसिद्ध मन्दिरों में ले जाकर जलाभिषेक करते है। इस अवसर पर शिवालयों में काफी संख्या में श्रद्धालुजन/कॉवरिये एकत्रित होते है। श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को शिवालयों में जलाभिषेक के लिये श्रद्धालुजन/कॉवड़िये जनपद के विभिन्न मार्गो से होकर पहुॅचेगें। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के 04 पौराणिक शिवालयों बाबा घुइसरनाथ धाम, बाबा बेलखरनाथधाम,

## जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ की बैठक



अधिकारियों के साथ बैठक में बोलते जिलाधिकारी प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव।

हौदेश्वरनाथ धाम व भयहरणनाथ धाम पर अधिक से अधिक कांवड़िये/श्रद्धालु जलाभिषेक करने आते है, इसलिये इन शिवालयों पर समस्त प्रकार की व्यवस्थायें सुनिश्चित कर ली जाये। उन्होने मन्दिरों/शिवालयों पर लगाये गये सेक्टर मजिस्टेज्ट एवं जोनल मजिस्टेज्ट को निर्देशित किया कि अपने अधीनस्थों के साथ बैठकर रूपरेखा तैयार कर समस्त व्यवस्थायें सुनिश्चित कर ली जाये। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि कुण्डा के घाटों समस्त व्यवस्थायें सुनिश्चित कर ली जाये जिससे कोई भी घटना घटित न होने पाये। मन्दिरों पर कन्ट्रोल रूम बनाया जाये जिससे कोई भी समस्या उत्पन्न हो तो उसका निराकरण किया जा सके। इसी प्रकार उन्होने सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं के कॉवड़ मार्ग पर लटके हुये, ढीले एवं अव्यवस्थित विद्युत तारों को पूर्व से ही ठीक करा लिया जाये जिससे किसी दुर्घटना या अप्रिय स्थिति से बचा जा सके। बैठक में पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि जिन क्षेत्रों में कांवड़ियें अधिक संख्या में निकलते है उन क्षेत्रों की लिस्ट सम्बन्धित थानों उपलब्ध रहें जिससे कि उन क्षेत्रों में कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। कांवड़ यात्रा के दौरान क्षेत्रों में जिन पुलिस अधिकारियो की ड्यिूटी लगी हो वह अपने डेज्स में तैनात रहे। उन्होने निर्देशित किया कि पुलिस अधिकारीगण कांवड़ यात्रा के दौरान कांवरियों की सुरक्षा व्यवस्था की निरन्तर निगरानी करते रहे, इस कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा, मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश गुप्ता, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 जी0एम0 शुक्ला, जिला पंचायत राज अधिकारी रविशंकर द्विवेदी, समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी व अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## कोटेदारों को मिलने वाला एमडीएम का खाद्यान्न छह माह से नहीं मिला

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** संग्रामगढ़ कस्बा स्थित एफसीआई गोदाम मे रामपुर संग्रामगढ़ ब्लॉक के कोटेदारों को विद्यालय में एमडीएम का बच्चो को मिलने वाला राशन माह अक्टूबर 22 से मार्च 23 तक कोटेदारों को नहीं दिया गया जब कोटेदार अपना खाद्यान्न उठाने के लिए संबंधित संग्रामगढ़ एफसीआई गोदाम जाते है तो वहां पर तैनात विपणन निरीक्षक और अन्य कर्मचारियों द्वारा कोटेदार से चावल आ गया है गेहूं नहीं आया है यह कह कर कोटेदारों को वापस कर दिया जाता है और अब गोदाम जाने पर कोटेदारों से यह कह दिया जाता है। ऐसे में रामपुर संग्रामगढ़ ब्लॉक के दो दर्जन कोटेदारों को गेहूं व चावल 5 माह से नही मिल सका जिस पर रामपुर संग्रामगढ़ के दर्जनों कोटेदारो ने समाधान दिवस राशन न मिलने की शिकायत पत्र दिया अब देखना है कि 5 माह का एमडीएम का राशन कोटेदारों को मिल पाता है या फिर अधिकारियों की मिलीभगत की बंदर बाट हो जाता है। कोटेदारों में सुरेश सिंह, श्यामलाल पटेल, पुष्पा देवी, शिव कुमार, छेदीलाल, अनिल कुमार शुक्ला, उर्मिला देवी, जीतलाल पटेल, संतोषा देवी, सच्चिदानंद, पारसनाथ आदि लोगो ने जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

# 25 हजार का इनामिया गैंगेस्टर अभियुक्त को पुलिस ने दबोचा

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाकर अपराध/अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना कोहड़ौर से प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार मय हमराह व स्वाट टीम प्रभारी सुनील कुमार यादव द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र कोहड़ौर के मकूनपुर नहर पुलिया के पास से थाना कोतवाली नगर के मु0अ0सं0 168/22 धारा 2/3 यूपी गैगेस्टर एक्ट में वांछित 25 हजार रू0 का इनामिया अभियुक्त मो0 फरमान पुत्र रियाज उर्फ सिराज अहमद उर्फ बब्बू नि0ग्राम शेखपुर बनी थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ गिरफ्तार किया गया।

## लूट के अभियोग में वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार

उधर थाना मान्धाता के उ0नि0 इबरार अन्सारी मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना मान्धाता के मु0अ0सं0 128/2023 धारा 397 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्तों शुभम पुत्र शिवशंकर नि0ग्राम मोहिद्दीनपुर थाना देल्हूपुर जनपद प्रतापगढ़ व हरिकेश कुमार पुत्र रामसजीवन नि0ग्राम चंघई थाना देल्हूपुर जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र मान्धाता के हरखपुर नहर रोड़ के पास से उपरोक्त मुकदमा से सम्बन्धित लूट की मोबाइल व घटना में प्रयुक्त मोटर चाकू व निशानदेही पर तलवार बरामद की गई। उक्त बरामदगी के सम्बान्ध में अभियोग उपरोक्त में धारा 411 भादवि व धारा 4/25/27 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई।

# डाक्टर्स डे पर चिकित्सकों को सम्मान देकर किया गया सम्मानित

## लायंस क्लब प्रतापगढ़ शक्ति के पदाधिकारियों ने किया आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** लायंस क्लब प्रतापगढ़ शक्ति के सदस्यों के द्वारा शहर के एक प्रतिष्ठान में डॉक्टर्स डे के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें नई कार्यकारिणी के सदस्यों के द्वारा पूर्व विभागाध्यक्ष मेडिकल कॉलेज लखनऊ के डॉक्टर रामचंद्र सक्सेना तथा ऑटोनॉमस मेडिकल कॉलेज प्रतापगढ़ की प्रोफेसर डॉ मोना सक्सेना तथा सामाजिक कार्यों में निरंतर प्रयासरत रहने वाली दंत



चिकित्सकों को सम्मानित करते लायंस क्लब प्रतापगढ़ शक्ति के पदाधिकारी।

चिकित्सक डॉ अवंतिका पांडे का माल्यार्पण कर एवं सम्मान पत्र देकर स्वागत किया गया।

उक्त अवसर पर डॉ रामचंद्र सक्सेना ने चिकित्सक दिवस पर प्रकाश डालते हुए बताया कि राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस की तारीख 1 जुलाई 1882 को जन्मे डॉक्टर विधान चंद्र राय की जन्म तिथि पर मनाया जाता है यह निर्णय प्रसिद्ध चिकित्सक और पश्चिम बंगाल के दूसरे मुख्यमंत्री डॉक्टर विधान चंद्र राय की जयंती मनाने के लिए किया गया था उन्होंने भारत की स्वास्थ्य प्रणाली को उत्कृष्ट बनाने के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, डॉ मोना सक्सेना ने कहा कि डॉ बिधान चंद्र राय ने अपना जीवन देश की स्वास्थ्य प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए समर्पित कर दिया यह डॉक्टर डे डॉक्टर विधान चंद्र राय की समाज के लिए अमूल्य सेवा एवं कर्मठता को दिखाता है, डॉ अवंतिका पांडे ने कहा कि जिस प्रकार डॉ राय ने अपना संपूर्ण जीवन स्वास्थ्य सेवा एवं जन सेवा को समर्पित कर दिया उसी प्रकार हमें भी उनके नक्शे कदम पर चलते हुए अपने व्यक्तिगत लाभ को ना देखते हुए समाज हित में कार्य करना चाहिए क्योंकि अभी भी हमारे समाज का बहुत बड़ा हिस्सा उचित स्वास्थ्य सेवा का लाभ नहीं ले पा रहा है जिसके लिए हमें समय-समय पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करते रहना चाहिए एवं सही स्वास्थ्य के प्रति सुदूर गांव के लोगों को भी जागृत करना चाहिए जिसके लिए लायंस क्लब शक्ति की वर्तमान अध्यक्ष अनीता पांडे ने क्लब के सदस्यों से भी आगे आकर हर तरीके से अपना योगदान देने की बात कही डॉ क्षितिज श्रीवास्तव ने कहा कि लायंस क्लब सदैव ही इस तरह के कार्यों में अपनी भागीदारी करता रहा है और आगे भी करता रहेगा उक्त अवसर पर क्लब के प्रशासक लक्ष्मी मिश्रा, सेक्रेटरी पिंकी दयाल, प्रमिला शुक्ला, सारिका श्रीवास्तव, सारिका केसरवानी ,मनप्रीत कौर आदि सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे एवं अपने विचार प्रस्तुत किए।

# गाजे-बाजे के साथ निकली बाबा की भव्य शोभा यात्रा

## साईं बाबा की शोभा यात्रा पर पालकी पर बरसे फूल

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** सुहाने मौसम में शिर्डी वाले साई बाबा के दीवाने मगन होकर उनकी पालकी को कांधे पर लेकर चलते दिखे। उनको इसमें इतना आनंद आया कि वह थके नहीं, रुके नहीं। बस चलते रहे और जयकारे लगाते रहे।

यह दृश्य था श्री साईं नारायण संस्थान उत्तर प्रदेश बलीपुर के तत्वावधान में रविवार को शुरू हुए साईनाथ महोत्सव की पालकी शोभा यात्रा का। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर साई दर्शन मंदिर बलीपुर में तीन दिवसीय साई महोत्सव होगा। इसका शुभारंभ पालकी यात्रा से होने की बेला आई तो भक्तों का उत्साह आसमान



शोभा यात्रा में शामिल साई नाथ संस्थान के पदाधिकारीगण।

छूने लगा। बरसात भी थम गई। पालकी शोभायात्रा का शुभारंभ संरक्षक शांति मिश्रा ने बाबा का पूजन करके किय। इसके बाद अध्यक्ष शैलेंद्र नाथ की देखरेख में महिला-पुरुष श्रद्धालु कतार में चले। फूलों से सजाए गए रथ पर साई बाबा का दरबार लगा। बग्घी, कई बैंड, डीजे व हर कंठ गा उठा...मेरे सर पे सदा तेरा हाथ रहे, साई बाबा तू हमेशा मेरे साथ रहे। लोग भक्ति की तरंग सं थिरक उठे। रथों, बैंडों पर इस बार जल संरक्षण व पर्यावरण संरक्षण के लिए संदेश देते स्लोगन भी पसंद किए गए। पौधों का वितरण भी किया गया। कलाकारों ने राधा-कृष्ण, गौरा पार्वती, श्याम-सुदामा जैसे प्रसंगों पर भव्य कार्यक्रम पूरे रास्ते प्रस्तुत किया। नंगे पांव चलते लोगों के पांव में चुभते कंकड़-पत्थर भी असर नहीं डाल पा रहे थे। पूरे नगर में बाबा के जयकारे गूंज उठे। भारी भीड़ को सुव्यस्थित रखने के लिए जिला पुलिस-प्रशासन द्वारा इंतजाम किए गए थे। यातायात पुलिस भी रास्ता क्लीयर कराती रही। इस दौरान सुरक्षा के भी कड़े प्रबंध किए गए। इस मौके पर रोशनलाल ऊमरवैश्य, विनोद सिंह, संतोष त्रिपाठी, आचार्य आलोक मिश्र, सीएम त्रिपाठी, संजय खंडेलवाल, विजय कुमार शुक्ल, दिनेश सिंह दिन्नू, राकेश सादवानी, विवेक धींगरा, देवव्रत मिश्र, परशुराम सेना के प्रदीप शुक्ल व महिला मंडल की भी सहभागिता रही। रात करीब आठ बजे शोभयात्रा फिर बलीपुर मंदिर पहुंची। वहां लोगों को प्रसाद वितरण किया गया। अध्यक्ष शैलेंद्र नाथ ने बताया कि दूसरे दिन दोपहर में गुरु पूजन व शाम छह बजे से आचार्य विजयकांत तिवारी का गुरु महिमा प्रवचन होगा।

## धम्मचक्र प्रवर्तन पूर्णिमा के रूप में मनाई जाएगी आषाढ गुरु पूर्णिमा

**प्रतापगढ़।** धम्मचक्र प्रवर्तन दिवस 3 जुलाई को आषाढ़ पूर्णिमा (गुरु पूर्णिमा) के पावन अवसर पर विशेष पूजा का कार्यक्रम सुगतानन्द बुद्ध विहार पर 4 बजे से आयोजित किया गया है। यह जानकारी देते हुए राकेश कन्नौजिया ने बताया कि उक्त पावन अवसर को धम्म चक्र प्रवर्तन दिवस के रूप में मनाया जायेगा जिसमें विश्व शांति हेतु विशेष सामूहिक ध्यान साधना, उपोसथ व परित्राण पाठ का संगायन धम्मानुरागियों द्वारा किया जायेगा।

# लायंस क्लब प्रतापगढ़ गौरव ने मनाया चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस

## चार्टर्ड एकाउंटेंटों को किया गया सम्मानित

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** लायंस क्लब प्रतापगढ़ गौरव द्वारा डॉक्टर्स डे तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट डे के अवसर पर स्थानीय होटल मोतीमहल में चिकित्सकों तथा सनदी लेखाकारों कि समाज में महत्ता और उनके कार्यों के दृष्टिगत डा. ज्योति केसरवानी, डा. कामायनी उपाध्याय, डा. रवि शंकर पांडे, डा. अजय केसरवानी, डा. सुधांशु उपाध्याय तथा जनपद के उदयीमान चार्टर्ड अकाउंटेंट अर्पित खंडेलवाल एवं सुरभि खंडेलवाल को क्लब के वर्तमान अध्यक्ष डॉली केसरवानी, सचिव मालिनी केसरवानी तथा





चार्टर्ड एकाउंटेंटों को सम्मानित करते लायंस क्लब प्रतापगढ़ गौरव के पदाधिकारीगण।

कोषाध्यक्ष श्रद्धा केसरवानी द्वारा माल्यार्पण कर उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर एमजेएफ राकेश शुक्ला, एमजेएफ डॉ. बृजभान सिंह, एमजेएफ डॉ. पीयूष कांत शर्मा, एमजेएफ पुष्पांजलि शुक्ला सहित पूनम आहूजा मिन्नी राजपाल, आनंद केसरवानी, मनीष केसरवानी, डॉ कंचन सिंह, सत्यवीर सिंह, नितिन गर्ग, संजीव आहूजा, शताक्षी गुप्ता, राहुल श्याम गुप्ता की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। संचालन पूर्व अध्यक्ष लायन शिशिर खरे द्वारा किया गया।

## करंट की चपेट में आने से गाय की मौत

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बरसात के समय खेत में गिरे हुए तार की उतरे करंट की चपेट में आने से गाय की दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर जुटे ग्रामीणों ने इसकी सूचना विद्युत विभाग को देकर विद्युत आपूर्ति को बंद कराया उसके बाद परिजन बिलखने लगे। पट्टी तहसील क्षेत्र के रमईपुर नेवादा गांव के रहने वाले यूनुस पुत्र ननकू की गाय रविवार की दोपहर खूंटे से बांधी गई थी, अचानक खूंटे से तोड़कर खेत की तरफ चली गई । जहां पर खंभे से लटका हुआ तार खेत में गिर गया था। गाय करंट की चपेट में आने से वही तड़पने उसकी दर्दनाक मौत हो गई थोड़ी देर बाद आसपास के लोगों ने देखा था सभी ग्रामीण इकट्ठा हो गए इसकी सूचना विद्युत विभाग को देखकर आपूर्ति बंद कर आएगी वही ग्रामीणों का कहना है कि ढीला होने के कारण हादसा हुआ जिसकी सूचना कई बार विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों की लापरवाही के कारण ऐसा हादसा हुआ।

# आभूषण की दुकान से दिनदहाड़े लाखों की लूट

## लॉकेट खरीदने के बहाने बाइक सवार बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम

अखंड भारत संदेश

**रानीगंज, प्रतापगढ़।** आभूषण की दुकान पर सोने का लॉकेट खरीदने के बहाने आए बाइक सवार बदमाशों ने आभूषण की दुकान से सोने के लॉकेट से भरी थैली लूट कर बाइक पर सवार होकर भाग निकले। दिनदहाड़े लूट की घटना से दुकानदार दंग रह गया। दुकानदार के हल्ला गुहार मचाने पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर पूछताछ और जांच पड़ताल में जुट गई। दिनदहाड़े लूट की घटना से दुकानदारों में दहशत का माहौल व्याप्त है। घटना के संबंध में पीड़ित दुकानदार ने पुलिस को तहरीर दी है।

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के पट्टी नगर निवासी विंध्यवासिनी सोनी रानीगंज थाना क्षेत्र के जामताली बाजार में कई वर्षों से आभूषण की दुकान खोल कर परिवार का भरण पोषण करता है। प्रत्येक दिन की भाति वह रविवार की सुबह दुकान खोल कर दुकान पर बैठा था। बताते हैं इसी बीच दोपहर करीब 11.30 बजे एक बाइक पर सवार दो बदमाश विंध्यवासिनी सोनी की दुकान पर आ धमके। और विंध्यवासिनी सोनी से सोने का लॉकेट दिखाने की बात करने लगे। दुकानदार सोने का लॉकेट दिखाया तो बदमाशों ने चैन वाला लॉकेट दिखाने की बात करने लगे। दुकानदार के पास जितने सोने के लॉकेट थे वह सब सोने का लाकेट डिब्बे में रखकर उन्हें दिखाने लगा। इसी बीच बदमाशों ने दुकानदार के अलमारी से सामान निकालते समय मौका पाकर सोने के लाकेट से भरा डिब्बा लेकर बाइक पर सवार होकर रानीगंज की तरफ भाग निकले। पीड़ित दुकानदार ने बताया कि डिब्बे में सोने के छोटे बड़े दस लाकेट थे। जिसकी कीमत लाखो रुपए बताई जा रही है। दिनदहाड़े घटना से दुकानदार दंग रह गया। और हल्ला गुहार मचाने पर दुकानदारों की भारी भीड़ जुट गई। दिनदहाड़े घटना से दुकानदारों में दहशत का माहौल व्याप्त है। पीड़ित दुकानदार ने घटना की सूचना तत्काल फोन से पुलिस को दिया। घटना की सूचना मिलते ही रानीगंज चैकी पुलिस मौके पर पहुंची और दुकानदार से पूछताछ और सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुट गई। दिनदहाड़े लूट की घटना से दुकानदारों में दहशत का माहौल व्याप्त है और जामताली क्षेत्र में मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। घटना के संबंध में पीड़ित दुकानदार ने पुलिस को तहरीर देकर घटना का खुलासा किए जाने की मांग की है।

## चोरी की दो साइकिल बरामद, एक गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिले के थाना कोहड़ौर के उ0नि0 दिलीप कुमार पाल मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 105/23 धारा 379 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त ओम प्रकाश सरोज पुत्र दिनदार सरोज नि0ग्राम बरासराय थाना कोहड़ौर जनपद प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सूर्यगढ़ जगन्नाथ के पास से चोरी की एक अदद साइकिल के साथ गिरफ्तार कर तथा अभियुक्त की निशानदेही पर चोरी की एक और साइकिल बरामद किया गया। अभियोग उपरोक्त में धारा 411 भादवि की बढ़ोत्तरी की गई। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि बरामद साइकिल उसने अपने गांव के ही एक व्यक्ति के घर से एक जुलाई 2023 को चोरी की थी।

# भाकियू यूनियन की महिला ने छेड़खानी की दी तहरीर

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के साहेब अतेरु गांव की रहने वाली भाकियू यूनियन महिला किरन देवी उर्फ. सीता पत्नी ओम प्रकाश सरोज ने संग्रामगढ़ पुलिस को दिये गये शिकायत पत्र मे आरोप लगाया है कि बीते 3 जून को लगभग 7 बजे कुंडा सें अपने घर वापस आ रहीं थी तभी बकुलाही नदी के बन्धे पर भाकियू के दो पदाधिकारी मुझे जबरन रोककर मेरा हाथ



पकड़कर घसीटते हुए अश्लील हरकत करने लगे। विरोध करने पर मुझे जाति सूचक गालियां देने लगे। पीड़िता किरन की तहरीर पर शनिवार को संग्रामगढ़ पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ छेड़खानी, एससीएसटी धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई। रविवार को दूसरे पक्ष के लोग थाने पहुंचकर मुकदमा दर्ज कराने के प्रयास में लगे हुए हैं।

## दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद के थाना पट्टी के उ0नि0 वारिज मय हमराह म0आरक्षी शिवांगी गुप्ता द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान थाना पट्टी के मु0अ0सं0 246/23 धारा 307, 504 भादवि में वांछित अभियुक्ता काजल वर्मा पुत्री काशीराम वर्मा नि0ग्राम उतरास थाना कन्धई जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र पट्टी के मुकदमा वादिनी के पुराने घर से गिरफ्तार किया गया। उधर थाना कोहंडौर के उ0नि0 रामाराम मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त के दौरान मु0अ0सं0- 59/2001 धारा 323/504 भादवि से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त कल्लू पुत्र काशी वर्मा निवासी मलाक थाना कोहंडौर जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया।

## करणी सेना के अध्यक्ष बने प्रशांत सिंह

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पूर्व मंडल अध्यक्ष पट्टी कुवंर प्रशांत सिंह को श्री राजपूत करणी सेना का पट्टी विधानसभा अध्यक्ष और एडवोकेट दुर्गेश सिंह को मण्डल अध्यक्ष पट्टी मनोनीत किया गया जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह मोनू पदधिक्रिओन को मनोनीत करते हुए कहा कि उन्हें विशवास है कि संगठन में रहते हुए संगठन की मयार्दा को ध्यान में रखते हुए संगठन के विस्तार एवं सशक्तिकरण में अभूतपूर्व योगदान देंगे।

# शोक सवेदना जताने पहुँचे राजा भैया

अखंड भारत संदेश

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकाकर की ग्राम पंचायत परियावां के पूर्व ग्राम प्रधान पति एवं जनसता दल के ब्लाक कालाकांकर के सचिव मुस्तकीम अहमद के आकस्मिक निधन पर रविवार की शाम परियावां घर पहुँचे और परिजनों को ढाढस बंधाते हुए इस दुख की घड़ी मे जनसतादल परिवार आपके साथ खड़ा है। कुछ पल रुकने के बाद लखनऊ के लिए रवाना हो गये। इस मौके पर प्रधान पुत्र अरकान अंसारी, मोवीन अहमद (जनसत्ता दल ब्लाक अध्यक्ष कालाकांकर), हसन अस्करी, मो0 शाहिल, मुनीम अहमद, नसीम अहमद, जाहिद अली, शफीक अहमद, डा0 फयाजुल हक आदि लोग मौजूद रहे।



मुस्तकीम अहमद के घर शोक जताते राजा भैया।

# बलात्कार का मुकदमा लिखाने वाली महिला को मौत देने में कामयाब हो गया बलात्कारी

अखंड भारत संदेश

**मुकदमा दर्ज करने के बाद बलात्कार आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी पिपरी थाना पुलिस, पुलिस अधिकारियों ने उच्च स्तरीय जांच कराई तो पिपरी थाना और चायल चौकी की पुलिस साबित होगी गुनाहगार**



बलात्कार आरोपी के घर लगी भीड़

**कौशाम्बी** पिपरी थाना क्षेत्र में मुकदमा अपराध संख्या 186 सन 2023 धारा 363 366 376 आदि में मुकदमा दर्ज कराने वाली महिला को मौत देने में बलात्कार का आरोपी सफल हो गया है बलात्कार का मुकदमा लिखाने वाली महिला की मौत की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और बलात्कार आरोपी के साथी सहयोगियों परिजनों के बयान पर वादी महिला की मौत को आत्महत्या साबित करने में पुलिस लग गई है। जानकारी के मुताबिक पूरा मुफ़्ती थाना क्षेत्र के लाल बिहरा निवासी रूबी के पति मदनलाल बीमार रहते थे पति को ठीक कराने के लिए वह पिपरी थाना क्षेत्र के निजामपुर पुरैनी गांव निवासी क्षेत्र पंचायत सदस्य नेता राजू पासी तांत्रिक ओझा के संपर्क में आ गई राजू पासी ने कहा कि वह झाड़-फूंक करके मदन की तबीयत ठीक कर देंगे पति की तबीयत ठीक होने की उम्मीद में आए दिन महिला रूबी तांत्रिक राजू पासी के घर निजामपुर पुरैनी जाने लगी इसी बीच मौका पाकर रूबी की बेटी को बंधक बनाकर राजू पासी ने रेप किया और उसे भगा ले गया जिस पर पिपरी पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 186 सन 2023 दर्ज कर लिया लेकिन मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस आरोपी राजू पासी को गिरफ्तार नहीं कर सकी बलात्कार पीड़ित बालिका की मां रूबी बार-बार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए थाना पिपरी और पुलिस चौकी चायल से मुलाकात कर आरोपी की गिरफ्तारी का दबाव बना रही थी इसी बीच बलात्कार के मुकदमे में आरोपियों द्वारा पीड़ित महिला पर समझौते का दबाव बनाया गया वादी महिला को फोन करके रविवार के दिन बलात्कारी राजू मासी के घर निजामपुर पुरैनी बुलाया गया महिला बलात्कारी राजू मासी के घर जैसे पहुंची वाद विवाद होने लगा हो हल्ला ग्रामीणों ने भी सुना है इसके बाद बलात्कार के आरोपी राजू पासी के सहयोगियो ने यह बात सार्वजनिक करते हुए हल्ला मचाना शुरू कर दिया कि महिला ने जहर खा लिया है मामले की सूचना महिला के पति को फोन से दी गई तड़प रही महिला को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल पहुंचाया गया हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे इलाहाबाद रेफर कर दिया लेकिन रास्ते में महिला की मौत हो गई महिला की मौत के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने बलात्कारी के सहयोगियों परिजनों और उसके साथियों से बात कर उनके बातों को बल दे कर जहर खाकर महिला के आत्महत्या करने की बात कहना शुरू कर दिया अब सवाल उठता है कि बलात्कारी ने महिला को समझौता करने के लिए अपने घर में बुलाया था तो महिला जहर लेकर बलात्कारी के घर क्यों जाएगी वहां बात विवाद बहस झगड़े हुए हैं इस बात की भी पुष्टि ग्रामीण कर रहे हैं किस मामले को लेकर वाद विवाद बहस हुई है महिला को फोन करके बुलाने वाला कौन है सूत्रों की माने तो बलात्कार के आरोपी के सहयोगियों परिजनों साथियों ने महिला को जहर खिलाकर मौत दे दी है लेकिन बलात्कार के सहयोगियों की बातों का समर्थन पुलिस करने लगी है सवाल उठता है कि बलात्कारी के घर समझौता करने के लिए जाने वाली महिला को उसके घर में जहर कहां से मिलेगा उसे जहर देने वाला कौन है और बलात्कार के आरोपी के घर जाकर मुकदमा वादी क्यों जहर खाएगी मुकदमा दर्ज करने के बाद बलात्कारी को पुलिस गिरफ्तार कर सकी है जिससे पिपरी थाना और चावल चौकी पुलिस पर बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं सूत्रों की मानें तो बलात्कारी से समझौते की बात कहकर महिला को बलात्कारी के घर भेजने में चौकी थाना पुलिस की भी भूमिका अप्रत्यक्ष रूप से रही है इस संपूर्ण प्रकरण पर पुलिस अधिकारियों ने उच्च स्तरीय जांच कराई तो पिपरी थाना और चायल चौकी की पुलिस गुनहगार साबित होगी।

## न्यूज झरोखा

### एबीसी पॉप डांस कार्यक्रम में पहुंचे सांसद एवम पूर्व विधायक



**भरवारी कौशाम्बी** भरवारी नगर पालिका परिषद अंतर्गत शिशु मंदिर गेस्ट हाउस में ए बी सी पॉप डांस कार्यक्रम का आयोजन किए गया था जिसमे मुख्य अतिथि सांसद विनोद सोनकर एवम विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक संजय गुप्ता का संस्था की ओर से पुष्पमाला पहनाकर स्वगत किया। इस अवसर पर कस्बा से सैकड़ों की संख्या में छोटे छोटे बच्चो द्वारा डांस प्रस्तुत किए गया इस अवसर पर एबीसी पॉप डांस का लोगो ने जम कर लुफ्त उठाया वही कार्यक्रम में मौजुद लोगो ने कार्यक्रम को देख कर संस्था के जिम्मेदारों की भूरी भूरी प्रसंसा की। इस मौके पर सांसद विनोद सोनकर पूर्व विधायक संजय गुप्ता अंशुल केशरवानी गंगा प्रसाद केशरवानी सहित सैकड़ों लोग मौजुद थे।

### केक काटकर मनाया गया एसबीआई का स्थापना दिवस



**भरवारी कौशाम्बी** भारतीय स्टेट बैंक के स्थापना दिवस पर भारतीय स्टेट बैंक शाखा भरवारी में शाखा प्रबंधक ललन बैठा ने केक काट कर स्थापना दिवस का उत्सव मनाया उपस्थित लोगों को स्थापना दिवस की बधाई दी और बैंक के बारे में विस्तार से चर्चा इस मौके पर विवेक कुमार मधुकर एवं शाखा के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे कार्यक्रम के दौरान ब्रांच मैनेजर ने सभी बैंक अधिकारियों से परिचय कराया और स्थापना दिवस पर सभी को बधाई दिया

### मोती लाल आजाद नगर वार्ड नं. 18 में सर्पदंश से महिला की मौत



**हर्रायपुर कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी नगर पालिका परिषद के मोतीलाल आजाद नगर वार्ड नं 18 की रहने वाली आरती पटेल उम्र 22 वर्ष पत्नी जगदीश पटेल शनिवार की रात में घर के छत पर सो रही थी सोते वक्त महिला को विषैले जंतु ने डस लिया है जानकारी मिलने के बाद परिजन इलाज के लिए लेकर भागे लेकिन सर्पदंश से महिला की मौत हो गई सैनी कोतवाली के विजयी पुर महिला का मायका है महिला की मौत के बाद मायके और ससुराल दोनों स्थानों पर कोहराम मचा हुआ है

### स्थापना दिवस पर शाखा प्रबंधक ने किया पौधारोपण



**भरवारी कौशांबी** भारतीय स्टेट बैंक की स्थापना दिवस के अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक भरवारी में बैंक में केक काटकर स्थापना दिवस का जश्न मनाने के बाद शाखा प्रबंधक ललन बैठा ने भरवारी कस्बे के नेशनल इंटर कॉलेज और कस्तूरबा गांधी बालिका इंटर कॉलेज पहुंचे और पर्यावरण संरक्षण को लेकर उन्होंने दोनों विद्यालयों में पौधारोपण किया है उन्होंने कहा कि शुद्ध जलवायु के लिए पेड़ लगाना आवश्यक है और प्रत्येक व्यक्ति को पेड़ पौधे लगाकर वातावरण को शुद्ध करने में सहयोग करना चाहिए इस मौके पर दोनों विद्यालय के शिक्षक प्रबंधक प्रधानाचार्य सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे

### महिलाओं बालिकाओं को स्वालम्बन की दी गई जानकारी



**कौशांबी** शासन के निर्देश पर जिले के विभिन्न थाना पुलिस द्वारा महिलाओं को स्वालम्बन और सुरक्षा की जानकारी दी गई है मंझनपुर थाना पुलिस मोहब्बत पुर पैंसा थाना पुलिस करारी थाना पुलिस टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में अभियान चलाकर मिशनशक्ति अभियान के तहत क्षेत्र में भ्रमण कर महिलाओं बालिकाओं को नारी सुरक्षा स्वावलंबन की दिशा में जागरूक किया तथा महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में महिलाओं बालिकाओं को पुलिस द्वारा जानकारी दी गई।

# ट्रक की टक्कर से बालक की मौत

अखंड भारत संदेश

**हादसे की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचे रोते बिलखते परिजन**



**कौशांबी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग महगाव के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने बालक को टक्कर मार दी है जिससे बालक की तड़प तड़प कर दर्दनाक मौत हो गई है सूचना पाकर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई सूचना पाकर घटनास्थल पर स्थानीय पहुंची पुलिस ने बालक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हादसे की जानकारी मिलते ही रोते बिलखते परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए हैं दुर्घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक सहित फरार हो गया है घटनाक्रम के मुताबिक भागू उम्र 14 वर्ष पुत्र गया प्रसाद यादव निवासी महगांव रविवार की शाम 7 बजे सड़क पार करके कहीं जा रहा था जैसे ही बालक संदीपन घाट थाना क्षेत्र के पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग महगांव के पास पहुंचा तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक चालक ने बालक को टक्कर मार दिया है जिससे बालक लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़ा और तड़प तड़प कर उसकी मौत हो गई है हादसे की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग घटनास्थल के पास पहुंचे मामले की सूचना पुलिस को दी गई सूचना पाकर सांदीपन घाट थाना पुलिस और डायल 112 पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और बालक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटनास्थल पर कोहराम मचा हुआ है।

## ग्राम प्रधान द्वारा फर्जी तरीके से निकाला जा रहा मनरेगा का पैसा

**विरोध करने पर महिला मेठ को ग्राम प्रधान व समर्थकों ने किया गाली - गलौज**

**कौशाम्बी।** चायल तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा तिलगोडी के मजरा आलमपुर में ग्राम प्रधान के द्वारा फर्जी तरीके से मनरेगा का पैसा निकाला जा रहा है। महिला मेठ दिव्या दिवाकर ने जब इसका विरोध किया तो ग्राम प्रधान व उसके समर्थकों ने महिला मेठ को गाली - गलौज किया है। महिला मेठ ने अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर बताया कि ग्राम सभा में महिला मेठ के पद पर वह नियुक्त है। मनरेगा के तहत ग्राम सभा तिलगोडी में जब भी काम करने जाती है तो ग्राम सभा के दबंग ग्राम प्रधान व उसका भाई फर्जी लोगों तथा अपने परिवार के समस्त सदस्यों की फर्जी फोटो खींचकर फर्जी हाजरी लगाकर सरकार से नजायज धनादोहन करते हैं जिसका विरोध करती है तो प्रार्थिनी को गाली - गलौज करते हुए काम से भगा देने व मेठ के पद को रिक्त करने की धौस देते हुए अभ्रदता से पेश आते है और कहते है हमारी जो मर्जी होगी हम वही करेंगे तुमको जहां जाना है तुम जाओ पीड़ित महिला मेठ ने शिकायती पत्र देकर फर्जी तरीके से मनरेगा का पैसा निकालने वाले ग्राम प्रधान के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

## सकिपा ने सड़क पर उतरकर भरी हुंकार, प्रदर्शन और नारेबाजी कर अधीक्षण अभियंता को सौंपा ज्ञापन

**कौशाम्बी** समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान मे शनिवार को पार्टी के दर्जनों कार्यकताओं ने पार्टी नेता अजय सोनी की अगुवाई में जिला मुख्यालय मंझनपुर की सड़को पर हुंकार भरी और प्रदर्शन एवं नारेबाजी करते हुए अधीक्षण अभियंता कार्यालय का घेराव किया। साथ ही एक पांच सूत्रीय समस्यायों का ज्ञापन अधीक्षण अभियंता विद्युत एस के लोहट को सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में किसानो के निजी नलकूप का बिल माफ करने, विद्युत कटौती में सुधार करने एवं नारा में नए विद्युत उपकेंद्र की स्थापना आदि की मांग शामिल थीं। शनिवार एक जुलाई को समर्थ किसान पार्टी की मासिक बैठक पार्टी के जिला कार्यालय मंझनपुर में हुई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी नेता अजय सोनी ने की। बैठक में पार्टी के जिलेभर के तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित हुए। इस अवसर पर अजय सोनी ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानो को बेवकूफ बना रही है। उन्होंने कहा कि पहले सरकार ने एक अप्रैल से किसानो के नलकूप का बिल माफ करने की घोषणा की और फिर महीनो बीत जाने के बाद चुप्पी साध गई। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानो को धोखा दे रही है जिसे कत्तई बर्दाश्त नही किया जायेगा और आने वाले लोकसभा चुनाव में किसान सरकार से हिसाब चुकता करेंगे। इसके बाद जुलूस की शक्ल में पार्टी के दर्जनों कार्यकताओं ने पार्टी कार्यालय से अधीक्षण अभियंता कार्यालय की ओर कूच किया। नारेबाजी और प्रदर्शन करते हुए पार्टी कार्यकताओं ने मुख्यालय की सड़को एवं अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर जोरदार हुंकार भरी। हो हल्ला सुनकर अधीक्षण अभियंता कार्यलय से बाहर निकल कर प्रदर्शनकारियों से उनकी समस्या जानी और वार्ता की साथ ही ज्ञापन लिया। सौंपे गए ज्ञापन में किसानो के निजी नलकूप का विद्युत बिल माफ करने, विद्युत कटौती में सुधार करने, नारा में नए विद्युत उपकेंद्र की स्थापना करने, कई गांव जैसे तुलसीपुर, नौगिरा, जुवरा, उदहिन खुर्द, जवई पड़री आदि में अपूर्ण विद्युतीकरण को पूर्ण करने जैसी मांगे शामिल थीं। ज्ञापन स्वीकार करते हुए अधीक्षण अभियंता ने ज्ञापन के सभी बिंदुओं पर समुचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर, वीरेंद्र तिवारी, सुरजीत वर्मा, विकास कसेरा, रंजीत सरोज, राजन शुक्ला, फूलचंद्र लोधी, मुन्ना पटेल, जुम्मन अली आदि लोग मौजूद रहे।

## सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे साबित हो रहे है जानलेवा



**कौशांबी** मंझनपुर मुख्यालय से भरवारी को जाने वाली फोरलेन सड़क के कादीपुर और उसके आसपास सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे हैं जिससे सड़कों पर आए दिन वाहन फंस जाते हैं बाइक सवार गड्ढे में फंस कर गिर जाते हैं जिससे लोग घायल हो जाते हैं कुछ दिनों पहले ही लोक निर्माण विभाग ने बिसारा से नियामतपुर तक सड़क की मरम्मत कराई लेकिन सड़क मरम्मत के 24 घंटे बाद ही सड़क में गड्ढे होने शुरू हो गए हैं आकंठ भ्रष्टाचार में डूबे लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के कारनामों को शासन प्रशासन संज्ञान नहीं ले रहा है जिससे पूरे जिले में लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई गई सड़कें कुछ दिनों में ही खराब हो रही है जिसका खामियाजा आम जनमानस भुगत रही है करोड़ों खर्च करने के बाद भी जिले की सड़कों की दुर्दशा किसी से छिपी नहीं है लेकिन जब कभी जिले में आला हाकिम या मंत्रियों का आगमन हुआ तो रातों-रात सड़कें मरम्मत कर दी जाती है जिससे आला अधिकारियों और मंत्रियों को जिले की खराब सड़कों का अंदाजा नहीं हो पाता है मंत्रियों और आला अधिकारियों को गुमराह कर आकंठ भ्रष्टाचार में डूबे लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के कारनामों को संज्ञान लेकर इन्हें दंडित करते हुए इनकी विभागीय जांच शुरू कराए जाने की जरूरत है सूत्रों की माने तो लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अकूत संपत्ति के धनी हैं और उनकी संपत्तियों की जांच हुई तो इनका निलंबन मुकदमा और इनकी गिरफ्तारी तय मानी जा रही है इलाके के लोगों ने लोक निर्माण विभाग के मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुए विभाग में व्याप्त भ्रष्टाचार पर रोक लगाए जाने विभागीय अधिकारियों के अकूत संपत्ति की जांच कराए जाने की मांग की है।

# तेज रफ्तार स्कार्पियो ने अप्पे में पीछे से मारी जोर दार टक्कर चार गम्भीर घायल

अखंड भारत संदेश




**कोखराज कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के कशिया पेट्रोल पंप के सामने तेज रफ्तार स्कार्पियो ने पीछे से अप्पे वाहन को जोर दार टक्कर मार दी है हादसे में चार लोगों को गम्भीर चोट आई है हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीण पहुंचे और बचाव राहत कार्य में लग गए मामले की सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस ने हादसे में घायलों को इलाज के लिए नजदीकी नवजीवन अस्पताल में भर्ती कराया है अप्पे सवार कड़ा धाम निवासी बताए जाते हैं जानकारी के मुताबिक कड़ा धाम निवासी गणेश ने नई अप्पे खरीदी थी और नई अप्पे खरीदने के बाद वह अपने साथियों रिश्तेदारों के साथ काशी विश्वनाथ बनारस दर्शन करने के लिए गया था बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने के बाद अपने रिश्तेदार परिजनों के साथ वह वापस कड़ा धाम लौट रहा था जैसे ही अप्पे सवार कोखराज थाना क्षेत्र के पेट्रोल पंप कशिया पश्चिम के पास पहुंचे पीछे से आ रही तेज रफ्तार स्कार्पियो ने ओवरटेक करने के चक्कर में सवारियों से भरी अप्पे वाहन को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी जिससे अप्पे में सवार लोगों में चीख-पुकार मच गई हादसे में मसूरिया दीन पुत्र राम प्यारे,निवासी टाडहर,अप्पे चालक गनेश, प्रीतम पुत्र बच्चु लाल कड़ा निवासी विनोद कुमार सहित कई लोग घायल हो गए हैं हादसे की जानकारी मिलते ही मौके पर ग्रामीण पहुंचे बचाव व राहत कार्य में लग गए मामले की सूचना पुलिस को दी गई सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है मौके पर पुलिस ने स्कार्पियो चालक वा वाहन को अपने कब्जे में ले लिया।

## बकरीद मनाने गए परिवार के घर का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों का सामान किया पार

**कौशाम्बी।** जिले के भरवारी कस्बे में पुलिस चौंकी के पीछे बने मकान में चोरों ने तालातोड़ कर अन्दर दाखिल होकर घर में रखे नगदी , जेवर, सामान सहित लाखों का सामान उठा ले गए, गृहस्वामी के वापस घर पहुंचने पर जानकारी हुई तो उनके होश उड़ गए, घटना की सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच में जुट गई। घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे के पुलिस चौंकी के पीछे के मुहल्ले के नाजीम हुसैन पुत्र मो अजीज बकरीद त्यौहार पर अपने गांव बम्हरौली परिवार सहित गए थे, रविवार सुबह जब वो वापस घर पहुंचे तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है, अन्दर सामान बिखरा हुआ पड़ा है ।नाज़िम हुसैन हाईवे सड़क के किनारे मोटर बाइक पार्ट्स की दूकान ठेले में लगाते हैं, सूचना पर पहुंची पुलिस ने जॉच सुरू किया। नाजीम हुसैन ने बताया कि घर की अलमारी में 70 हजार रुपए नगद, सोने के गहने जंजीर एक, अगुठी 2 माला, चांदी के गहने में पायल, बिछिया, मोटर बाइक पार्ट्स के सामान सहित लगभग 5 लाख रुपए कीमत के सामान चोर चुरा ले गए हैं। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

# मरीजों को मौत देने वाले अस्पतालों से सीएमओ के क्या है रिश्ते !

अखंड भारत संदेश

**डिप्टी सीएम के निर्देश की धज्जियां उड़ा कर मुख्य चिकित्सा अधिकारी अपने को क्या साबित करना चाहते हैं, तिल्हापुर मोड़ बेनी राम कटरा कल्यानपुर मनौरी मूरतगंज सहित क्षेत्र के कई अस्पतालों में पहले भी हो चुकी मरीजों की मौत**




**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक के निर्देश पर पूरे प्रदेश में अवैध अस्पतालों पर कार्रवाई हो रही है कार्यवाही के नाम पर कौशांबी में भी स्वास्थ्य विभाग की दो टीम घूम रही है स्वास्थ्य टीम द्वारा अस्पतालों को नोटिस और सीज करने की बात बताई जाती है लेकिन अस्पताल बंद नहीं हो रहे हैं संचालन शुरू हैं बताया जाता है कि नोटिस देने के बाद राहत देने के नाम पर 10000 से 50000 और सीज करने के बाद अस्पताल संचालक को राहत देने के नाम पर 100000 से 200000 में सौदेबाजी शुरू हो गई है इसके पहले भी तमाम अस्पताल को नोटिस दी गई थी लेकिन कार्यवाही होती नहीं दिख रही है तमाम अस्पतालों को पहले भी सीज किया गया था लेकिन अस्पताल का संचालन नहीं बंद हो सका जिन अस्पतालों में मौत हो रही है उन अस्पतालों में कार्रवाई होती नहीं दिख रही है तिल्हापुर मोड़ बेनी राम कटरा कल्यानपुर मनौरी मूरतगंज सहित विभिन्न क्षेत्र के कई अस्पतालों में पहले भी मरीजों की मौत हो चुकी है लेकिन कोई भी अस्पताल बंद नहीं हो सका आखिर मरीजों को मौत देने वाले अस्पताल संचालकों से मुख्य चिकित्सा अधिकारी के रिश्ते हैं यह बड़ी का विषय है बीते दिनों 18 जून 23 को माता मानती हॉस्पिटल मूरतगंज में कथित चिकित्सकों की लापरवाही के चलते तकीपुर की महिला मरीज फूलवती की मौत हो गयी थी मामले की शिकायत भी हुई समाचार पत्रों ने भी मरीज की मौत को प्रमुखता से प्रकाशित किया मरीज के परिजन और उनके साथियों ने ट्विटर के माध्यम से सूबे के मुख्यमंत्री जिलाधिकारी स्वास्थ्य मंत्री समेत सभी को शिकायती पत्र भेजकर अस्पताल पर कार्यवाही की मांग की डिप्टी सीएम ने भी पूरे प्रदेश में अवैध अस्पताल पर कार्यवाही के निर्देश दिया लेकिन मरीज को मौत देने वाले माता मानती हॉस्पिटल मूरतगंज सहित विभिन्न अस्पतालों पर अभी तक कारवाही नहीं हो सकी है गलत अस्पतालों को स्वास्थ्य विभाग बचा रहा है गलत तरीके से संचालित अस्पतालों का संचालन नहीं बंद हो सका है मरीजों को मौत देने वाले कथित चिकित्सकों पर मुकदमा दर्ज करा कर उनकी गिरफ्तारी नहीं हुई है मरीजों को मौत देने वाले अस्पताल को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सीज नहीं किया है जिससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि डिप्टी सीएम स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक के निर्देश का कौशांबी में कितना पालन हो रहा है आखिर डिप्टी सीएम के निर्देश की धज्जियां उड़ा कर मुख्य चिकित्सा अधिकारी अपने को क्या साबित करना चाहते हैं उनकी तानाशाही के पीछे क्या मकसद है यह जन-जन की जुबान में है।

# एक वर्ष से उतर रहे विद्युत करंट को विभाग ने नहीं किया ठीक चिपक कर भैंस की मौत

अखंड भारत संदेश

**कटी विद्युत तार के करंट के मामले में विभागीय लापरवाही पर अफसरों पर कब कार्रवाई होगी**

**गौ संरक्षण केंद्र के जिम्मेदारों लापरवाही बनी पशु की मौत का कारण**



**बैरमपुर कौशाम्बी।** विद्युत विभाग की लचर व्यवस्था के चलते बिजली तार के कटी होने से खंभों और खेत में करंट उतर आने का खामियाजा आए दिन आम जनमानस भुगत रही है आए दिन विद्युत करंट की चपेट में आने से गाय भैंस की मौत हो रही है आज रविवार की सुबह 9 बजे फिर बनी खास कौशांबी निवासी अंधु सरोज पुत्र दुर्गा प्रसाद सरोज की भैंस विद्युत करंट की चपेट में आ गई जिससे दलित की भैस झुलस गई और झुलस कर उसकी भैस की मौत हो गई है विद्युत खंभे से गौ संरक्षण केंद्र को बिजली सप्लाई दी गई है यह तार जगह जगह कटी हुई है जिससे गौ संरक्षण केंद्र के चारों ओर लगाई गई सुरक्षा तार में विद्युत करंट उतर रहा है बीते एक वर्ष से विद्युत खंभे की कटी तार से गौसंरक्षण केंद्र की सुरक्षा तार में विद्युत करंट उतर रहा था ऐसा नहीं कि विद्युत खंभे और तार में विद्युत करंट उतरने के मामले की जानकारी विभागीय अफसरों को नहीं थी लेकिन लचर व्यवस्था के चलते कटी विद्युत तार का विद्युत करंट वर्षों बीत जाने के बाद भी नहीं ठीक किया गया बरसात के चलते नमी बढ़ जाने के बाद तार में उतरे करंट के चलते अंधु सरोज की भैंस चपेट में आ गई है जिससे उसकी भैस की मौत हो गई है भैंस की मौत होने से दलित को बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ है बताया जाता है कि भैंस की कीमत 80 हजार रुपए थी इसकी भरपाई कौन करेगा गौ संरक्षण केंद्र के जिम्मेदारों की भी लापरवाही इस मामले में कम नहीं उजागर हुई है गौ संरक्षण केंद्र के जिम्मेदारों पर मुकदमा दर्ज कराए जाने और मुआवजा दिलाए जाने की मांग को लेकर तमाम ग्रामीण एकत्रित हो गए कटी विद्युत तार के चलते लगातार उतर रहे विद्युत करंट के मामले में विभागीय लापरवाही पर अफसरों पर कब कार्रवाई होगी या फिर विभागीय अफसर लापरवाही करते रहेंगे और आम जनता खामियाजा भुगतती रहेगी।

संपादक की कलम से

# राह दिखाने वाले दीपक होते हैं ईश्वर-तुल्य गुरु

**भारतीय** संस्कृति में गुरु पूर्णिमा का विशेष महत्व है, यह गुरु-पूजन का पर्व है। सन्मार्ग एवं सत-मार्ग पर ले जाने वाले महापुरुषों के पूजन का पर्व, जिन्होंने अपने त्याग, तपस्या, ज्ञान एवं साधना से न केवल व्यक्ति को बल्कि समाज, देश और दुनिया को भवसागर से पार उतारने की राह प्रदान की है। पर्वों, त्यौहारों और संस्कारों की भारतभूमि में गुरु का स्थान सर्वोपरि माना गया है। यह अध्यात्म-जगत विशेषतः सनातन धर्म का महत्वपूर्ण उत्सव है, इसे अध्यात्म जगत की बड़ी घटना के रूप में जाना जाता है। आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा को गुरु पूर्णिमा कहा जाता है, हिन्दू धर्म की मान्यता के अनुसार इस दिन महर्षि वेदव्यास का जन्म हुआ था, इसलिये इसे व्यास पूर्णिमा भी कहते है। इस दिन से ऋतु परिवर्तन भी होता है। इसदिन शिष्य अपने गुरु की पूजा करते हैं और अपने गुरु को यथाशक्ति दक्षिणा, पुष्प, वस्त्र, उपहार आदि भेंट करते हैं। पश्चिमी देशों में गुरु का कोई महत्व नहीं है, वहां विज्ञान और विज्ञापन का महत्व है परन्तु भारत में सदियों से गुरु का महत्व रहा है। यहां की माटी एवं जनजीवन में राह दिखाने वाले दीपक होते हैं ईश्वरतुल्य गुरु, क्योंकि गुरु न हो तो ईश्वर तक पहुंचने का मार्ग कौन दिखायेगा? गुरु ही शिष्य का मार्गदर्शन करते हैं और वे ही जीवन को ऊर्जामय बनाते हैं।

हमारी प्राचीन गुरुकुल परम्परा एवं गुरुकुल संस्कृति ने महर्षि, तपस्वी, राष्ट्रभक्त, चक्रवर्ती सम्राट और जगद्गुरु तक के सुयोग्य महापुरुष उपलब्ध कराए हैं। मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम ने भी गुरु महिमा को सर्वोपरि माना है। जनकपुरी में ऋषि विश्वामित्र की सेवा इसका प्रमाण है। भारतीय संस्कृति में गुरु आश्रय रहित व्यक्ति को अत्यंत हेय माना गया है। हमारे देश के ऋषि-महर्षि, तीर्थंकर और महात्मा गौतम बुद्ध, महावीर जैसी दिव्य विभूतियों ने गुरु पद से अपने उपदेशों से उदार भावना स्थापित की। भौतिकवादी युग में गुरु के प्रति आस्था में न्यूनता आई है, जिसके परिणाम स्वरूप जीवन में अशांति, असुरक्षा और मानवीय गुणों का अभाव हो रहा है। गुरु पूर्णिमा के मौके पर वे लोग परेशान होते हैं जिनके कोई गुरु नहीं हैं कि वे किसकी पूजा करके आशीर्वाद प्राप्त करें। ऐसे लोगों की चिंता का समाधान तुलसीदासजी ने हनुमान चालीसा में किया है कि ...जै जै जै हनुमान गोसाई, कृपा करहु गुरुदेव की नाई। उन्होंने कहा है कि अगर किसी का गुरु नहीं है तो वह हनुमानजी को अपना गुरु बना सकता है। श्री गुरु चरण के स्मरण मात्र से ही आत्मज्योति का विकास हो जाता है। भारतीय संस्कृति में गुरु पद को सर्वोपरि माना गया है।

गुरु की सन्निधि, प्रवचन, आशीर्वाद और अनुग्रह जिसे भी भाग्य से मिल जाए उसका तो जीवन कृतार्थता से भर उठता है। क्योंकि गुरु बिना न आत्म-दर्शन होता और न परमात्म-दर्शन। गुरु भवसागर पार पाने में नाविक का दायित्व निभाते हैं। वे हितचिंतक, मार्गदर्शक, विकास प्रेरक एवं विघ्नविनाशक होते हैं। उनका जीवन शिष्य के लिये आदर्श बनता है। उनकी सीख जीवन का उद्देश्य बनती है। अनुभवी आचार्यों ने भी गुरु की महत्ता का प्रतिपादन करते हुए लिखा है- गुरु यानी वह अर्हता जो अंधकार में दीप, समुद्र में द्वीप, मरुस्थल में वृक्ष और हिमखण्डों के बीच अग्नि की उपमा को सार्थकता प्रदान कर सके।

यह त्योहार गुरु-शिष्य के आत्मीय संबंधों को सचेतन व्याख्या देता है। काव्यात्मक भाषा में कहा गया है- गुरु पूर्णिमा के चांद जैसा और शिष्य आषाढ़ी बादल जैसा। गुरु के पास चांद की तरह जीए गये अनुभवों का अक्षय कोष होता है। इसीलिये इस दिन गुरु की पूजा की जाती है इसलिए इसे ह्यगुरु पूजा दिवसह्ण भी कहा जाता है।

# केन्द्रीय नेताओं की नजर में भी राजस्थान में बेहद लोकप्रिय जननेता हैं वसुंधरा राजे

**अशोक भाटिया**

**वैसे तो राजस्थान** भाजपा में कुछ ठीक नहीं चल रहा है पर अब लगता है कि गृह मंत्री अमित शाह के दौरे से सब ठीक हो जायेगा । रह-रह कर पार्टी की गुटबाजी बाहर आ रही थी । दो दिन पहले 28 जून को जोधपुर के बालेसर में हुई जनसभा के दौरान दो केंद्रीय मंत्रियों की मौजूदगी में भाजपा के नेता मंच पर ही भिड़ गए थे। पूर्व विधायक के संबोधन के दौरान माइक हटा दिया गया था। अब 30 जून को उदयपुर में हुई केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की रैली में भी पार्टी की आपसी गुटबाजी का नजारा पूरे प्रदेश ने देखा। उदयपुर की सभा में अमित शाह की मौजूदगी में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को इग्नोर किया गया हालांकि अमित शाह ने मंच से ही मामले को मैनेज कर लिया। उदयपुर में भाजपा की सभा में केंद्रीय मंत्री अमित शाह दोपहर करीब दो बजे पहुंचे। उनके पहुंचने से पहले सांसद दीया कुमारी, उपनेता सतीश पूनिया, केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत सहित कुछ नेताओं ने सभा को संबोधित किया। अमित शाह के मंच पर पहुंचने के बाद नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी को संबोधित करने के लिए आमंत्रित किया। जोशी के संबोधन के बाद राजेंद्र राठौड़ ने वसुंधरा राजे को इग्नोर करते हुए सीधे ही गृहमंत्री अमित शाह का नाम संबोधन के लिए पुकारा। इस दौरान अमित शाह को पता चल गया कि वसुंधरा राजे का संबोधन तो हुआ ही नहीं। ऐसे में नाम पुकारे जाने के बाद भी शाह अपनी सीट से नहीं उठे और उन्होंने प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी को इशारा किया कि संबोधन के लिए वसुंधरा राजे का नाम पुकारा जाए। बाद में सीपी जोशी ने राजेंद्र राठौड़ से कहा और फिर राठौड़ ने संबोधन के लिए वसुंधरा राजे का नाम पुकारा।इसके बाद अमित शाह ने वसुंधरा के तारीफ के पुल बांध दिए ।

गौरतलब है कि राजस्थान विधानसभा का कार्यकाल 14 जनवरी 2024 को खत्म हो रहा है। ऐसे में यहां मध्य प्रदेश के साथ नवंबर-दिसंबर में चुनाव हो सकता है। राजस्थान में 200 विधानसभा सीटें हैं और सरकार बनाने के लिए जादुई आंकड़ा 101 सीट का है। राजस्थान में पिछले 6 चुनाव से भाजपा और कांग्रेस बारी-बारी से सत्ता में आती है। ये सिलसिला 1993 से जारी है। 1993 से यहां कोई भी पार्टी लगातार दो बार चुनाव नहीं जीत सकी है। परंपरा कायम रहने के हिसाब से देखें तो सत्ता की दावेदारी भाजपा की बन रही है लेकिन राज्य में पार्टी की सबसे वरिष्ठ और कद्दावर नेता वसुंधरा राजे के रुख से भाजपा की चिंता बढ़ गई है।

जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आते जा रहा है, भाजपा के लिए मुख्यमंत्री का चेहरा कौन होगा, ये सवाल सबसे जेहन में दौड़ने लगा है। मुख्यमंत्री फेस बनने के लिए भाजपा में दावेदारी बढ़ते जा रही है। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के साथ ही कई ऐसे नाम हैं, जो अपने-अपने तरीके से खुद को इस रेस में मान रहे थे । इनमें आमेर से एमएलए और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सतीश पूनिया, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत के नाम शामिल हैं।

इनके अलावा राजस्थान के सियासी गलियारे में लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के नाम की भी सुगबुगाहट है। इनके अलावा स्थानीय नेता गुलाब चंद कटारिया, राजेंद्र राठौर और किरोड़ी लाल मीणा जैसे नेता भी शामिल हैं, जो अपने हिसाब से खुद के लिए अभियान चला रहे हैं। हालांकि इनमें कोई भी नेता खुलकर अपनी दावेदारी पर बात नहीं कर रहा है।

वैसे तो हर राज्य में चुनाव प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे पर लड़ा जा रहा है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह खुले मंच से एलान कर चुके हैं कि राजस्थान में विधानसभा चुनाव प्रधानमंत्री मोदी के नाम और काम पर लड़ा जाएगा। अगर चुनाव तक वसुंधरा राजे इसी प्रकार सक्रिय रही तो कांग्रेस की मुश्किल बढ़ने वाली है ।

ये जगजाहिर है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच 2018 से ही तनातनी है। ऐसे में भाजपा इसका फायदा उठाना चाहेगी। इसके लिए जरूरी था कि वसुंधरा राजे पूरे मन से चुनाव में सक्रिय हों । करीब ढाई दशक से राजस्थान की सत्ता वसुंधरा राजे और अशोक गहलोत के इर्द-गिर्द ही घूमते रही है।

पर जीत के बाद कौन ? यह प्रश्न बना रहता है। कई नाम आ रहे थे पर उन सब के मंथन करने के बाद जो नाम उभर कर आ रहा है वह है वसुंधरा राजे का।

राजस्थान की राजनीति में पुराने गठजोड़ ताजा होने से विरोधी कैंप सतर्क होने लगे हैं। राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और सांसद किरोड़ी लाल मीणा की गुफ़्तगू सियासी गलियारों में हलचल का सबब बन गई है। पूर्व में डॉ किरोड़ी लाल मीणा और वसुंधरा राजे एक दूसरे के घोर विरोधी माने जाते थे परंतु पिछले कुछ समय से दोनों के बीच जिस प्रकार से नजदीकियां बढ़ीं हैं वो सभी को बता रही है कि क्या होने वाला हैं।

कुछ समय पूर्व प्रधानमंत्री की सभा के बाद दोनों ही नेताओं में लंबी अवधि तक हुई गुफ़्तगू भाजपा के विरोधी गुट में कौतूहल का विषय बनी हुई है। प्रधानमंत्री की सभा के बाद दोनों नेताओं के बीच लंबी बातचीत हुई है, दरअसल जब राजस्थान पेपर लीक को लेकर डॉ किरोड़ी लाल मीणा धरना प्रदर्शन कर रहे थे। तब भी पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने ट्वीट कर लिखा था कि डॉ साहब अकेले नहीं हैं, हम उनके साथ हैं, जिसका परिणाम यह हुआ कि आनन-फानन में भाजपा के नेताओं का डॉ किरोड़ी लाल मीणा के धरना स्थल पर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। इसी के बाद डॉ किरोड़ी लाल ने भी अपने बयान में भाजपा के प्रदेश इकाई अध्यक्ष सतीश पूनिया को आड़े हाथ लेते हुए कहा था कि पूनिया से निराश हैं और उनको भाजपा प्रदेश इकाई से कोई भी सहयोग नहीं मिला, जिसके बाद प्रदेश में राजनीतिक हलचल तेज हो गई थी।

प्रधानमंत्री की सभा के बाद हुई दोनों नेताओं की बैठक को सियासी जानकार किसी गठजोड़ से भी जोड़ कर देख रहे हैं. डॉ किरोड़ी लाल मीणा को पूर्वी राजस्थान का कद्दावर नेता माना जाता है और पूर्वी राजस्थान की 50 सीटों पर इनका भी प्रभाव देखा जाता है हालांकि जो भीड़ और समर्थन भारत जोड़ो यात्रा के दौसा आने पर दिखा था वो प्रधानमंत्री की रैली में नहीं नजर आया जिसका प्रमुख कारण मीणा हाईकोर्ट से रैली को कैंसिल कर स्थान परिवर्तन बताया जा रहा है जिसके चलते मीणा समर्थक नाराज बताए जा रहे हैं।

कांग्रेस से सचिन पायलट के कारण गुर्जर नाराज हैं और जिसका पूरा फायदा भाजपा लेने की जुगत में लगी हुई है । वहीं दूसरी ओर दोनों नेताओं वसुंधरा राजे और किरोड़ी लाल मीणा के बीच की बातचीत भाजपा से बड़े नेताओं की धड़कन बढ़ रही हैं। 2018 में भाजपा में ही घोर विरोध के बाद भी वसुंधरा राजे 72 सीट लाने में कामयाब हुई थीं जिसमें पांच साल सरकार चलाने के बाद का विरोध और भाजपा का अंदरुनी विरोध भी शामिल था। इसलिए इस बार भी वसुंधरा राजे की टीम को हल्के में नहीं लिया जा सकता है।

भाजपा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे राजस्थान की राजनीति की माहिर खिलाड़ी मानी जाती हैं। भैरो सिंह शेखावत को छोड़ दें तो वसुंधरा राजे ही एक मात्र नेता हैं जिनके पास भाजपा की ओर से राजस्थान का मुख्यमंत्री बनने का अनुभव है। वसुंधरा राजे दो बार राजस्थान की मुख्यमंत्री रही हैं। वे राजस्थान की पहली और एकमात्र महिला मुख्यमंत्री भी थी। वे दिसंबर 2003 से दिसंबर 2008 और दिसंबर 2013 से दिसंबर 2018 तक मुख्यमंत्री रही हैं।

राजस्थान की मुख्यमंत्री बनने से पहले वसुंधरा राजे अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में केंद्रीय मंत्री भी रह चुकी हैं। 69 साल की वसुंधरा राजे फिलहाल भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और झालरापाटन से विधायक हैं। 2013 में वसुंधरा राजे की अगुवाई में भाजपा ने राज्य की 200 में से 163 सीटों पर जीत दर्ज की थी। कांग्रेस सिर्फ 21 सीट पर सिमट गई थी। राजस्थान में इतनी बुरी स्थिति कांग्रेस की कभी नहीं हुई थी। वसुंधरा राजे का ही करिश्मा था कि 2013 में भाजपा ने राजस्थान में अब तक का सबसे बढ़िया प्रदर्शन किया था। राजस्थान में ये भाजपा की सबसे बड़ी जीत थी। राजस्थान के राजनीतिक इतिहास में अब तक कोई भी पार्टी इतनी सीटें नहीं जीत पाई है।

तमाम विरोधाभासों के बावजूद अभी भी वसुंधरा राजे राजस्थान में जननेता के तौर पर बेहद लोकप्रिय हैं। उनकी दावेदारी को खारिज करना भाजपा के लिए आसान नहीं होगा। सूबे में उनसे बड़े कद का भाजपा के पास फिलहाल कोई नेता नहीं दिखता। अगर पार्टी वसुंधरा राजे को मुख्यमंत्री उम्मीदवार बनाकर चुनाव नहीं लड़ती है तो कम से कम 50 सीटों पर भाजपा को अच्छा खासा नुकसान उठाना पड़ सकता है।

कुछ महीने पहले राजस्थान के कई जगहों पर 'कहो दिल से, भाजपा फिर से' की जगह 'कहो दिल से, वसुंधरा फिर से' का पोस्टर दिखा। इस नारे के जरिए वसुंधरा राजे के समर्थकों ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को संदेश देने की कोशिश की। पार्टी का शीर्ष नेतृत्व पसंद करे या नहीं, वसुंधरा राजे खुद को मुख्यमंत्री चेहरे के रूप में पेश कर रही हैं। राजस्थान में पोस्टर और नारे राजनीतिक नब्ज को टटोलने का बेहद कारगर जरिया माने जाते हैं।

2003 में भाजपा के प्रचार अभियान में 'गहलोत आएगा, अकाल आएगा, गहलोत जाएगा, अकाल जाएगा' स्लोगन ने कमाल कर दिखाया। वैसे ही 2008 में -'8 ढट, ठड उट'- स्लोगन के जरिए कांग्रेस ने उस वक्त की मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे पर निशाना साधकर भाजपा को सत्ता से बाहर कर दिया था। 2018 में भाजपा का एक वर्ग वसुंधरा राजे से नाराज था।

उस वक्त इन लोगों ने चुनाव में 'मोदी तुझसे बैर नहीं, वसुंधरा तेरी खैर नहीं' का स्लोगन चलाया। हालांकि इस स्लोगन से भाजपा को नुकसान ही उठाना पड़ा और सत्ता गवांनी पड़ी।

2018 में भाजपा की हार के बाद से ही वसुंधरा राजे राजनीतिक तौर से कम सक्रिय दिख रहीं थीं। सतीश पूनिया को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के बाद भाजपा की प्रदेश स्तरीय राजनीति में वसुंधरा राजे हाशिये पर थीं। हालांकि 2022 में उनकी सक्रियता बढ़ी। सबसे पहले 8 मार्च 2022 को अपने जन्मदिन पर उन्होंने बूंदी के केशोरायपाटन में बड़ी जनसभा की।

# ... रिश्ता तभी तक जब तक अमेरिका को फायदा हो

**आशीष वशिष्ठ**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की तीन दिवसीय अमेरिका यात्रा और 23 मई को बिहार की राजधानी पटना में 15 विपक्षी दलों की बैठक से जुड़ी खबरें इस हफ्ते पंजाबी अखबारों में प्रमुखता से प्रकाशित हुईं। दोनों घटनाओं पर अखबारों ने अपने संपादकीय में मिली जुली राय रखी है।

चंडीगढ़ से प्रकाशित रोजाना स्पोक्समैन अपने संपादकीय में लिखता है, प्रधानमंत्री के अमेरिका दौरे के बाद एक बात तो साफ हो गई है कि प्रधानमंत्री चाहें तो मीडिया के सवालों का जवाब दे सकते हैं। अमेरिका में प्रधानमंत्री ने अपने नौ साल के कार्यकाल के दौरान पहली बार मीडिया के सवालों का जवाब दिया। अखबार आगे लिखता है कि दोनों देशों के बीच जो रिश्ते बन रहे हैं वो दोनों की जरूरतों के मुताबिक हैं। असल में अमेरिका और भारत दोनों को चीन से खतरा है। चीन दोनों का साझा दुश्मन है। वहीं फिलवक्त अमेरिकी अर्थव्यवस्था भी खस्ताहाल में है। भारत इस बार अमेरिका को बहुत कुछ दे रहा है। लेकिन भारत की कूटनीति की कमजोरी यह है कि हम देते अधिक हैं और पाते कम हैं। पर मोदी सरकार को ऐसा लग रहा है कि अमेरिका के साथ खड़े होने से हमें फायदा होगा। लेकिन यह याद रखना चाहिए कि अमेरिका के साथ संबंध तभी तक मधुर रहेंगे, जब तक अमेरिका को इस रिशते से फायदा मिलेगा। अखबार लिखता है कि वर्तमान में दोनों देशों में जो निकटता दिख रही है, उस रिश्ते की नींव पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने ही रखी थी। पीएम मोदी ने इसे आगे बढ़ाया है। दैनिक सच कहूं अपने संपादकीय में लिखता है, अमेरिका में जिस सम्मान के साथ प्रधानमंत्री का स्वागत किया गया, उससे साफ है कि भारत अपने कूटनीतिक दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। रूस के साथ भारत की दोस्ती बरकरार रहने के बावजूद अमेरिका ने भारत के साथ अपने रिश्ते मजबूत किए हैं। यह घटनाचक्र अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत के महत्व को दशार्ता है। अखबार आगे लिखता है कि पीएम मोदी की इस यात्रा से विस्तारवादी नीतियों वाले देशों को भी यह साफ संदेश गया है कि भारत अंतर्राष्ट्रीय मामलों में अपनी विचारधारा और दृष्टिकोण को प्रभावी ढंग से बनाए रखनें और पेश करने में सक्षम है।

पंजाबी ट्रिब्यून ने सपांदकीय ह्यइतिहास दे विरोधाभासह्ण में लिखता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदा अमेरिकी यात्रा ने कई विरोधाभासों को उजागर किया है। मानवाधिकार और अल्पसंख्यकों से जुड़े एक सवाल के जवाब में प्रधानमंत्री मोदी ने संविधान और प्राचीन विरासत का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि किसी के साथ भेदभाव का सवाल ही नहीं उठता जबकि हकीकत इसके उलट है। पिछले कुछ वर्षों में भारत में धर्म आधारित राजनीति, भीड़ हिंसा की घटनाएं, अल्पसंख्यक समुदायों को हाशिए पर धकेलना और ऐसी अन्य घटनाएं बढ़ी हैं। अखबार आगे लिखता है कि अमेरिका हमेशा से ही लोकतंत्र होने और दुनिया भर में मानवाधिकारों का रक्षक होने का दावा करता रहा है। इतिहास बताता है कि अमेरिका अपने राष्ट्रीय हितों के लिए कई बार उन्होंने अपने देश में मानवाधिकारों का उल्लंघन करने वाली तानाशाही और सैन्य शासकों का समर्थन किया है।

पंजाबी जागरण लिखता है, अब भारत और अमेरिका के बीच नए तकनीकी और रक्षा समझौतों के साथ द्विपक्षीय संबंधों का एक नया अध्याय शुरू हो गया है। भविष्य में ऐसे और भी व्यापारिक समझौते होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान भारत में मानवाधिकारों से जुड़ी चिंताओं से जुड़े सवाल का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र हमारी रगों में दौड़ता है और हमारे देश में किसी के साथ भेदभाव की कोई संभावना नहीं है। यह बयान उन लोगों के लिए अहम है जो अक्सर भारत में अल्पसंख्यकों पर पक्षपात का आरोप लगाते हैं। अखबार लिखता है, पंजाब के लिए पीएम मोदी का यह दौरा जरूर यादगार रहेगा क्योंकि प्रधानमंत्री ने अमेकिरी राष्ट्रपति जो बाईडेन और उनकी पत्नी जिल ट्रेसी को पंजाब का देशी घी तोहफे में दिया। इसे पंजाब की गुजरात पर जीत के तौर पर भी देखा जा रहा है। भारत में श्वेत क्रांति 1970 में गुजरात में आई और अमूल के माध्यम से वहां का दूध और घी पूरे भारत में जाता है, लेकिन प्रधानमंत्री ने इसकी जगह पंजाब के स्थानीय घी को तरजीह दी।

जालंधर से प्रकाशित अजीत लिखता है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिकी यात्रा कई मायनों में बेहद सफल कही जा सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस यात्रा से जहां दोनों देशों के व्यापारिक रिश्ते और मजबूत हुए हैं, वहीं रक्षा के क्षेत्र में अमेरिका ने नई तकनीक देने की प्रतिबद्धता जताई है। अखबार आगे लिखता है कि, कई आंतरिक सीमाओं के कारण और कमियों के बावजूद अंतराग्ष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रभाव बढ़ रहा है और आने वाले समय में दुनिया के कुछ बड़े देशों की बराबरी करने की संभावना है।

पंजाब टाइम्स अपने संपाकीय में लिखता है कि प्रधानमंत्री मोदी का अमेरिका दौर बेहद दिलचस्प और सफल रहा। यह पहली बार है कि जब अमेरिका ने भारत और प्रधानमंत्री मोदी को अलग नजरिये से देखा है।

# आपके कितने बच्चे हैं?

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**शादी** होने के तुरंत बाद लोगों को मानो यह सवाल पूछने का लायसेंस मिल जाता है कि आपके कितने बच्चे हैं? फिर यही सवाल बार-बार हमारे सामने किसी न किसी रूप में दोहराया जाता है कि आपके कोई बच्चा क्यों नहीं होता? कोई नहीं पूछता कि तुम्हारे पास खाने को कुछ है या नहीं। सिर पर छत है कि नहीं? तन ढकने के लिए कपड़ा है कि नहीं? गुजारे के लिए नौकरी है या नहीं? जिंदगी में खुश हो या नहीं? लेकिन दुनिया है कि एक ही सवाल लेकर पीछे पड़ जाती है कि क्या आपके कोई बच्चा है? मानो बच्चा, बच्चा न हुआ दुनिया की सभी समस्याओं का अलाउद्दीन का चिराग हो गया। मैं और मेरी पत्नी इस सवाल से बहुत कन्फ्यूजिया गए हैं। करें क्या? रहना तो इसी समाज में है न! जंगल में रहते तो शायद इस सवाल से बच जाते और शहर में रहकर जंगली सवालों का सामना करने से भला जंगल में रहकर खुद को सांत्वना तो दे लेते।

कभी-कभी रह-रहकर मन में यह सवाल कौंधता है कि क्या बच्चे होने भर से सभी समस्याओं से छुटकारा मिल जाता है। हमारे एक पड़ोसी हैं। उनके चार-चार बच्चे हैं। तीन तो इसी उम्मीद में पैदा कर दिए कि चौथा बच्चा लड़का होगा। दुर्भाग्यवश भगवान के पास उस सयम लड़कों के लिए नो स्टॉक का बोर्ड लगा हुआ था। इसलिए सौगात में उन्हें चारों लड़कियाँ हुईं।

अब हालात यह है कि बच्चे अक्सर बीमार रहते हैं। किसी को बुखार, तो किसी को आँख की समस्या। किसी को पेट में दर्द तो किसी को कुछ। हर दिन कुछ न कुछ लगा रहता है। ऐसों को बच्चे होने का क्या सुख मिलता है, वह भगवान ही जानता है। यह सब देखकर हमें निस्संतान होने का कोई दुख नहीं होता। किंतु समाज है कि सुखी को दुखी और दुखी को और दुखी करने में एड़ी-चोटी का जोर लगा देता है। इसका परिणाम यह होता है कि वे अक्सर पूछ बैठते हैं कि आपको कितने बच्चे हैं?

इस सवाल के जवाब में मैं अक्सर अपनी डबडबाती आंखों से आसमान की ओर देखते हुए और बेहद खराब लहजे में जवाब देता हूं. "मैं तुम्हें क्या बताऊं, भगवान की मर्जी भी तो होनी चाहिए। हमारे तुम्हारे चाहने भर से क्या होता है?" सोचा ऐसा कहने से मुझे सांत्वना मिलेगी या फिर सामने वाला सवाल पूछने के बजाय अपने किसी दूसरे काम में लग जाएगा। किंतु वह इतना ढीठ होता है कि एक बार के लिए जोंक खून चूसना बंद कर सकता है, किंतु वह सवाल पूछे बिना नहीं रह सकता है। मेरे उत्तर से वह नाखुश होकर देश का राष्ट्रीय आहार यानी ह्यसलाहह्ण मुझ पर मारते हुए कहता है कि "किसी अच्छे डॉक्टर को दिखा क्यों नहीं लेते" मैं उसे कैसे बताता कि मैं जिस डॉक्टर के पास जा रहा हूँ वह खुद संतान के चक्कर में बाबाओं के चक्कर लगा रहा है।

# उलटे बांस बरेली को

**राज सक्सेना**

**इस समय** स्वयं विभिन्न घोटालों के आरोपों से घिरी कांग्रेस परेशान है। मोदी सरकार के ऊपर 2024 के चुनाव से पहले एक बड़े घोटाले की उसी तरह तलाश में है, चुनाव से पहले वह कोई बड़ा आरोप लगाना चाहती है जैसे वह 2019 के चुनाव से पहले फ्रांस से रफाल का तथाकथित घोटाला तलाश कर लायी थी। हाल फिलहाल में अमेरिका से हुए कुछ रक्षा सौदों के अतिरिक्त भारत ने किसी अन्य देश से कोई बड़ा सौदा किया ही नहीं तो कांग्रेस को अपने एजेंडे पर चलने वाले कुछ समूहों के देश अमेरिका,जो इन समूहों के अनर्गल आरोपों पर अक्सर खामोश रह कर आग में घी डालने का काम कर दिया करता था को, घेरने में ही कांग्रेस ने जल्दबाजी करदी और उन सौदों पर ही ऊँगली उठा दी जिनको करके स्वयं अमेरिका अपनी ही पीठ तो ठोक ही रहा था बल्कि मोदी का भी बता रहा था।

सही बात तो यह है कि अमेरिका इस समय कोरोना के बाद की भयंकर मंदी के प्रारम्भिक दौर से गुजर रहा है और अमेरिका का शस्त्र बाजार जिस पर अमेरिका की सारी अर्थव्यवस्था ही लगभग टिकी हुयी है, बिक्री के अभाव में लडखडा रहा है। ऐसे में उसे भारत से हुए सौदे वरदान स्वरूप लग रहे हैं। इन सौदों में थोडा सा भी व्यवधान उसे पसंद नहीं है और वह चाहता भी नहीं है किकोई रोड़ा बनकर इन सौदों के बीच में आये। इसीलिए वह तुरत-फुरत और तुर्की बतुर्की आरोपों का खंडन कर रहा है जो कांग्रेस के नेताओं को पसंद नहीं है?

एक कहावत है कि जल्दी का काम शैतान का होता है. कांग्रेस.पता नहीं किस तरह की जल्दबाजी में है कि वह मोदी को अगले पल ही किसी न किसी घोटाले में फंसाने का कोई न कोई आसान तरीका ढूंढने में लगी रहती है। विडम्बना यह भी है कि वह अपनी पुरानी गलतियों से भी सबक लेने को तैयार नहीं लग रही है। यह जल्दबाजी की ऊहापोह में कांग्रेसजिस तरह अपनी भूलों से सबक सीखने के बजाय उन्हें दोहराती जा रही है, वह हास्यास्पद तो है ही, स्वयं उसकी साख के लिए भी सुखद नहीं है। अन्य उदाहरणों के अतिरिक्त इसका एक और ताजा उदाहरण उसकी ओर से अमेरिका से भारत द्वारा खरीदे जा रहे प्रीडेटर ड्रोन हैं। वस्तुतःप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा से पहले भारत ने अमेरिकी कंपनी जनरल एटॉमिक्स से प्रीडेटर ड्रोन्स (एमक्यू 9बीरीपर) खरीदने का फैसला किया था। विगत15 जून को रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने इस प्रस्ताव को स्वीकृति भी दे दी।इसके तहत भारत 31 ड्रोन खरीदेगा, जिसमें 15 एमक्यू-9बी सी गार्डियंस और 16 स्काई गार्डियंस शामिल होंगे।अत्याधुनिक प्रीडेटर ड्रोन की प्रस्तावित खरीद को लेकर कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने इस सौदे में घोटाले का आरोप लगा दिया है। एमक्यू-9बी रीपर या प्रीडेटर ड्रोन्स एक मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) है जिसे अमेरिकी कंपनी जनरल एटॉमिक्स ने बनाया है।अमेरिकी वायु सेना इसका इस्तेमाल करती रही है। यह एमक्यू-1 सीरीज का ड्रोन है जिसका विकास 1990 के दशक में शुरू हुआ था।

भारत जो दो तरह के ड्रोन खरीद रहा है, उनमें सी गार्डियन समुद्री निगरानी के लिए खास है जबकि स्काई गार्डियन ड्रोन का इस्तेमाल जमीनी सीमा की रखवाली के लिए किया जाएगा।

यह आरोप इसलिए भीहास्यास्पद है, अभी इस खरीद को अंतिम रूप तक नहीं दिया गया है।इसे रक्षा मंत्रालय की ओर से कुछ दिन पहले ही स्पष्ट भी किया जा चुका है कि सौदा अभी विचाराधीन है लेकिन लगता है कि कांग्रेस के नेताओं को इस खरीद में घोटाला खोजने में कुछ ज्यादा ही जल्दबाजी करने का विचार है। ड्रोन की खरीद पर अमेरिका से बनी सहमति के आधार पर ही वे इस निष्कर्ष पर भी पहुंच गए हैं कि सौदे को अंतिम रूप दिया जा चुका है। आश्चर्य की बात तो यह भी है कि उन्होंने पता नहीं कहां से और किस सूत्र से इस सौदे की धनराशि भी पता कर ली है। वे इस नतीजे पर भी पहुंच चुके हैं कि भारत अन्य देशों के मुकाबले चारगुना अधिक मूल्य पर अमेरिका से पुराने ड्रोन खरीद रहा है। कांग्रेस नेता यह भी याद दिलाने की कोशिश कर रहे हैं कि ड्रोन सौदे में कथित तौर पर उसी तरह घोटाला किया गया है जिस तरह से राफेल लड़ाकू विमान खरीद में किया गया था। स्पष्ट है कि उन्होंने यह याद तक रखने तक की जहमत नहीं उठाई कि राफेल सौदे में घोटाले का आरोप लगाने के कारण उन्हें किस तरह बेआबरू होना पड़ा था।क्या यह विचित्र नहीं लगता कि कांग्रेस ने इस बात को भी याद रखना पसंद नहींकिया कि, नहीं रखा कि राहुल गांधी को राफेल घोटाले का फर्जी आरोप लगाने के कारण सुप्रीम कोर्ट की अवमानना से बचने के लिए किस तरह लिखित माफी मांगनी पड़ी थी।कांग्रेस ने अपने संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थों के चलते इस तथ्य को भी छिपाने में भलाई समझी कि राफेल सौदे की विस्तृत समीक्षा करने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने यह पाया था कि उसकी खरीद में कहीं कोई अनियमितता नहीं की गयी थी।

कैसी विडम्बना है कि जब इस सौदे को अंतिम रूप दिया ही नहीं गया है और जिसकी राशि और शर्तें भी अभी तक तय नहीं हुई हों तो उस में अनियमितताओं का भंडार बताने का क्या तुक है।यह भी समझ से बाहर लगता है कि जिन ड्रोन को अत्याधुनिक कहा गया है और माना भी जा रहा है, उन्हें कांग्रेस पुराने और कबाड़ घोषित करते नहीं थक रही है।कांग्रेस यह सब तब कह रही है जब उसे शायद इसकी जानकारी तकनहीं हैकि, यह भी पता नहीं है कि ड्रोन किसी अमेरिकी शस्त्र कंपनी से खरीदे जाने हैं या फिर वहां की सरकार से।यह मानने के कारण हो सकते हैं कि कांग्रेस आगामी आम चुनावों से पहले मोदी सरकार के खिलाफ कोई मुद्दा खोजना चाहती है। इसमें कोई हर्ज भी नहीं है लेकिन उसे कोई ऐसा सशक्त मुद्दा खोजना चाहिए जिसका कोई ठोस आधार हो। अगर कांग्रेस इसी तरह के अनर्गल आरोप भाजपा या मोदी पर लगाती रहती है और अंततः वे असत्य सिद्ध होते रहेंगे तो इससे कांग्रेस की छवि और साख मटियामेट होने की पूरी सम्भावना बनी रहेगी और शायद वह दिन जल्दी आ जाएगा कि उसके आरोपों पर जनता कोई ध्यान देना ही बंद कर दे। इसलिए कांग्रेस को चाहिए।

## सरैंया गांव की जमीनों को पैसा लेकर लेखपाल बनवा रहा घर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मानिकपुर तहसील के सरैंया गांव के चकबन्दी लेखपाल महेशचन्द्रा की बेजा हरकतों की जानकारी मिली है। चार्ज लेते ही विनय नगर घाटी आदिवासी बस्ती को गैर आदिवासियों के सुपुर्द कर रहा है। रविवार को सरैंया गांव के चकबन्दी लेखपाल महेशचन्द्रा सरैंया गांव के विनयनगर घाटी में पैसा लेकर गैर आदिवासियों को गांवसभा की जमीन पर कब्जा करा रहा है। कास्तकारों के खतौनी मांगने पर किसानों को फटकार लगाकर भगा देते हैं। आधी-अधूरी नंबरों की खतौनी देकर किसानों को परेशान करता है, ताकि किसानों को मजबूर कर दुबारा आने पर धन वसूली कर सके। वसूली को अलग से एक आदमी रखे है। चकबंदी कार्यों से दूरी बनाकर किसानों को गुमराह कर मोटी रकम वसूलता है। चकबन्दी लेखपाल महेशचन्द्रा पर जिला प्रशासन क्यों मेहरबान है। लोगों ने चकबन्दी लेखपाल के क्रियाकलापों की जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

## युवक ने लगाई फांसी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट। जिला मुख्यालय के कोतवाली कर्वी के ईदगाह मोहल्ले में अज्ञात कार**णों के चलते महेन्द्र कुमार (25) पुत्र राजेन्द्र कुमार ने घर के कमरे में रविवार को दोपहर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। परिजनों में मातम छाया है।

## टीआई ने दो वाहनों को सीजकर वसूला 55 हजार रुपये



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर खनिज सामग्री की अवैध ढुलान में रोकथाम को अभियान जारी है।

रविवार को अभियान के तहत सीओ यातायात श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में प्रभारी यातायात मनोज कुमार की अगुवाई में यातायात पुलिस टीम ने भरतकूप थाना क्षेत्र के नेशनल हाइवे पर खनिज लदे भारी वाहनों की जांच की। जांच अभियान में यातायात पुलिस टीम ने दो ट्रकों में नम्बर प्लेट न होने पर सीज किया। एमबी एक्ट के तहत 38 वाहनों का 55 हजार रुपये का ई-चालान किया। यातायात प्रभारी मनोज कुमार ने कहा कि बिना वैध प्रपत्रों के खनिज सामग्री की ढुलाई करने पर भारी वाहनों का चालान जारी रहेगा। वैध प्रपत्रों बिना सडक पर वाहन चलाने पर जुमार्ना व सीज की कार्यवाही लगातार की जायेगी।

## अशोक गुप्ता ने नदी की भूमि पर कर रखा है अवैध कब्जा, माफिया की भूमि खाली कराकर गरीबों को दें आवास

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पिछले दिनों जिले के भू-माफिया अशोक गुप्ता की भूमि की जांच को पहुंची टीम की आख्या पर एसडीएम सदर राजबहादुर ने विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण की सचिव/अपर जिलाधिकारी न्यायिक को भेजी आख्या में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण होना पाया है।

रविवार को पता चला कि एसडीएम राजबहादुर ने विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण की सचिव/अपर जिलाधिकारी न्यायिक को भेजी आख्या में कहा है कि अशोक कुमार गुप्ता पुत्र श्यामसुन्दर गुप्ता निवासी गांधीगंज कर्वी के मौजा कर्वी सरकार स्थित धुस मैदान के पीछे मन्दाकिनी नदी किनारे नदी के पूरब से सटे मार्ग पर निर्माण की पैमाइश कराई गई है। पैमाइश में तहसीलदार रामानन्द मिश्रा व अवर अभियंता आनन्द प्रकाश द्विवेदी तथा हल्का लेखपाल ने गाटा संख्या 597 रकबा 0.192 हेक्टेयर सरकार के एनजेडए नजूल खाता संख्या 173 में बंजर खाते में दर्ज है। गाटा संख्या 591/1 रकबा 0.88 हे बंजर तथा 591/1/2 रकबा 0.104 हे नदी खाता संख्या 174 में दर्ज है।

सर्वेक्षण/पैमाइश में पाया गया कि नदी के तट पर स्थित 591/1 तथा 597 गाटा में कुल रकबा 0.090 हे पर अशोक गुप्ता ने नींव तथा तार फेंसिंग कराकर अवैध ढंग से अतिक्रमण किया है। अब इस आख्या के बाद देखते हैं कि जिला प्रशासन अशोक गुप्ता पर क्या कार्यवाही करता है।

## भरतकूप महिला सिपाही ने दम्पति के विवाद को कराया खत्म



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर सामाजिक रिश्ते को बचाने को जारी प्रयास में भरतकूप थाने की महिला हेल्प डेस्क में नियुक्त महिला आरक्षी ने पारिवारिक विवाद को समाप्त कराकर परिवार को टूटने से बचाया।

रविवार को भरतकूप थाने के रौली कल्याणपुर की श्रीमती साधना देवी पत्नी भवानीदीन ने भरतकूप थाने में दिये पत्र में कहा कि पति भवानीदीन शराब पीकर आये दिन विवाद करते हैं। थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिंद ने पत्र निस्तारण को महिला हेल्प डेस्क को भेजा। महिला हेल्प डेस्क में नियुक्त महिला आरक्षी सुमन ने शिकायत को विस्तार से सुनकर दूसरे पक्ष को थाने बुलाया। दोनों पक्षों से भविष्य में आपस में विवाद न करने तथा पारिवारिक कर्तव्यों का पालन करने की बात कही।

आपसी सुलह होने पर महिला आरक्षी सुमन ने दोनों पक्षों को तालमेल से रहने व पारिवारिक दायित्यों का सही ढंग से पालन करने की सलाह दी।

# बिजली कटौती के खिलाफ आप ने निकाला लालटेन जुलूस

### 24 घंटे बिजली देने की उठाई मांग, गर्मी से हुई मौतों का प्रदेश सरकार दे मुआवजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** आम आदमी पार्टी के यूपी प्रभारी सांसद संजय सिंह के आवाहन पर प्रदेश के सभी जिलों में आप कार्यकताओं ने जिलाध्यक्ष संतोषीलाल शुक्ला की अगुवाई में बिजली कटौती को लेकर लालटेन जुलूस निकाला।

रविवार को आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष संतोषीलाल शुक्ला की अगुवाई में आप कार्यकताओं ने भारी तादाद में एकत्र होकर पार्टी कार्यालय से ट्राफिक चैराहा कर्वी तक लालटेन जुलूस निकाला। इस दौरान अघोषित बिजली कटौती पर सरकार के खिलाफ आप कार्यकर्ता नारेबाजी करते रहे। जिलाध्यक्ष संतोषीलाल शुक्ला ने कहा कि प्रदेश में बिजली की अघोषित कटौती से जनता त्राहिमाम कर रही है। पूरे प्रदेश में बिजली कटौती का संकट लोग झेल रहे हैं। गर्मी से अस्पतालों में लोग भर्ती हो रहे हैं और मौतें हो रही हैं। अकेले पूर्वांचल में सैकड़ों लोगों की मौतें हो चुकी हैं। अस्पतालों में भर्ती मरीज गर्मी से बेहाल होकर भाग रहे हैं। गर्मी से तमाम बीमारियों के लोग शिकार हो रहे हैं। उन्होंने सरकार से मांग किया कि प्रदेश में निर्बाध बिजली आपूर्ति कराई जाये, ताकि भयंकर गर्मी से लोगों को निजात मिल सके। लोगों की मौतें न हों। गर्मी से प्रदेश में हुई मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजा एवं सरकारी नौकरी दी जाये। बिजली विभाग में रिक्त पदों को जल्द भरा जाये।




उन्होंने कहा कि ये बेहद दुर्भाग्य है कि 21वीं सदी में लोगों को बिजली जैसी बुनियादी जरूरत की पूर्ति नहीं हो रही। बिजली आपूर्ति न होने से गर्मी से लोगों की मौत नहीं हत्या है। लोगों की मौतों पर भाजपा मंत्री संवेदनहीन बयान दे रहे हैं, ये दुखद है। दूसरी ओर दिल्ली की केजरीवाल सरकार बिना कटौती 24 घंटे बिजली दिल्ली की जनता को दे रही है। उत्तर प्रदेश की जनता योगी सरकार से जानना चाहती है कि जब दिल्ली की जनता को मुफ्त और बिना कटौती 24 घंटे बिजली मिल सकती है तो उत्तर प्रदेश की जनता को देश में सबसे महंगी और बिना कटौती 24 घंटे बिजली क्यों नहीं मिल रही? भाजपा ने चुनाव दौरान प्रदेश की जनता को मुफ्त और 24 घंटे बिजली देने का वायदा किया था, आखिर यह वायदा जुमला क्यों हो गया?

जिला प्रभारी नरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदेश में 27000 मेगावाट बिजली की जरूरत है, मात्र चार हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। 23 हजार मेगावाट बिजली बाहर से खरीदी जा रही है। इसके बाबजूद 10-12 घंटे बिजली कटौती होती है। अघोषित कटौती से लोग बेहद परेशान हैं। बिजली विभाग में एक लाख कर्मचारियों की जरूरत है। मात्र 34 हजार कर्मचारी कार्यरत हैं। 66 हजार बिजली कर्मियों की कमी है।

जिला कार्यकारिणी की मासिक बैठक में नवनियुक्त पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की गई। आम आदमी पार्टी महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष श्रीमती आभा श्रीवास्तव, जिला महासचिव जितेन्द्र गोयल व कर्वी नगर अध्यक्ष प्रमोद कुमार सोनी को जिम्मेदार सौंपी गई। इस मौके पर अंकित सिंह, प्रेमचंद्र सिंह, नर्वदा प्रसाद यादव, आभा श्रीवास्तव, रेखा पाण्डेय, श्यामबाबू त्रिपाठी, जितेन्द्र गोयल, दीपक वर्मा, लवलेश केसरवानी, प्रमोद कुमार सोनी, कमलेश सिंह पटेल, अजय कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## धार्मिक क्षेत्रों में मांस मदिरा की बिक्री पर लगे पाबंदी: पं गौरव

### विहिप व बजरंग दल ने भी की मांग

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के धर्म जागरण समिति काशी प्रांत के प्रशासनिक संपर्क प्रमुख पं कुशल गौरव पांडेय ने आध्यात्मिक नगरी प्रयागराज और धर्मनगरी काशी विश्वनाथ तथा चित्रकूट में मांस-मदिरा की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की है।



रविवार को पं कुशल गौरव पाण्डेय ने बैठक में कहा कि सभी तीर्थों के राजा प्रयागराज के आसपास धार्मिक स्थलों में सावन माह में पूरी तरह से शराब और मीट बिक्री पर रोक लगाई जाये। प्रशासनिक संपर्क प्रमुख ने कहा कि काशी धर्मनगरी, प्रयागराज व चित्रकूट में जनभावनाओं का सम्मान करते हुए मांस-मदिरा के उपयोग पर रोक लगनी चाहिए। मान्यता है कि प्रत्येक वर्ष सावन माह में भगवान शिव अपनी ससुराल आते हैं। इस माह में भगवान शिव की पूजा-अर्चना का विशेष महत्व है। सावन माह में ही समुद्र मंथन हुआ था। समुद्र मंथन से निकले हलाहल विष को भगवान शिव ने ग्रहण किया था। इससे उन्हें नीलकंठ नाम मिला। सावन माह में कांवड़ यात्रा का विशेष महत्व है।

उन्होंने कहा कि प्रयागराज, काशी विश्वनाथ और चित्रकूट में मांस-मदिरा की बिक्री पर रोक लगना चाहिए।

इसी क्रम में चित्रकूट के विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के जिला संयोजक अजय यादव, सहसंयोजक शिवेन्द्र प्रताप सिंह, नगर मंत्री धर्मेन्द्र सिंह, नगर संयोजक शानू यादव, संजय मिश्रा, दिवाकर सिंह, गौरव सिंह, कृष्ण प्रताप सिंह ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि काली देवी पुरानी बाजार चैराहा में सावन माह में बिक रहे मांस की दुकानों पर प्रतिबंध लगायें। उन्होंने मांग किया कि धर्मनगरी में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु हर माह आते हैं। काली देवी चैराहा रास्ते में ही मांस की दुकानें लोग चला रहे हैं। दुकान चलाने वालों के पास कोई लाइसेंस भी नहीं है। सभी के खिलाफ आपराधिक मामले भी दर्ज हैं। सडक किनारे रोज मांस काटते व बेंचते हैं। सूबे के मुख्यमंत्री के साफ निर्देश हैं कि कोई भी मीट-मटन की दुकान खुले में संचालित न हो। काली देवी चैराहे के आसपास देवी-देवताओं के मन्दिर भी हैं। श्रद्धालुओं की आस्था को चोंट पहुंचती है। उन्होंने मांग किया कि जिला प्रशासन श्रद्धालुओं की आस्था को देखते हुए मांस की दुकानें तत्काल बन्द कराये। चेताया कि ऐसा न करने पर आन्दोलन को

## इलाज के नाम पर कल्याण अस्पताल में मरीजों का होता शोषण, सीएमओ से कार्यवाही की मांग

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय में पसियाना तिराहे के पास चल रहे कल्याण हास्पिटल में इलाज के नाम पर मरीजों का शोषण हो रहा है। हर रविवार को त्वचा संबंधी रोगों के मरीजों की भीड़ जुट रही है। हर मरीज से तीन सौ रुपए फीस वसूली के बाद नंबर लगाया जाता है।

रविवार को कल्याण हास्पिटल में मरीजों के शोषण की खबर मिली है। त्वचा रोग चिकित्सक डा सुशील कुमार आकस्मिक परामर्श के नाम पर दो सौ रुपए अलग वसूल रहे हैं। अवैध वसूली के विरोध पर चिकित्सक मरीजों से अभद्रता पर आमादा हो जाते हैं। डेढ़ साल से इलाज करा रही महिला मरीज के अवैध वसूली के रुपए न देने पर डॉक्टर ने पर्चा फेंककर देखने से मनाकर दिया। डॉक्टर ने कहा कि वह अपने मुताबिक ही इलाज करते हैं। अन्य मरीजों ने बताया कि कल्याण हास्पिटल के मेडिकल संचालक भी दवाओं में मनमानी दाम वसूल रहे हैं। उनके डाक्टरों की लिखी दवाएं दूसरे मेडिकल स्टोर में नहीं मिलती। स्वास्थ्य विभाग की उदासीनता से जिला अस्पताल के आसपास खुले निजी अस्पतालों के दलाल मरीजों को बेहतर इलाज देने का दावा करके निजी अस्पताल में शोषण करा रहे हैं। बेहतर इलाज के नाम पर मंहगी दवाओं के जरिए लोगों को लूटा जा रहा है।

बीते दिनों एक अस्पताल में ब्लीडिंग होने पर प्रसूता की मौत हो चुकी है। कुछ दिनों के लिए अस्पताल को सीज कर दिया गया था। दुबारा अस्पताल का संचालन शुरू हो गया है। कल्याण हास्पिटल में बेहतर इलाज का दावा करके बेहतर डाक्टरों के होने का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, लेकिन बेहतर इलाज के नाम शोषण, अभद्रता के अलावा इस हॉस्पिटल में कुछ भी नहीं है। मरीजों ने बताया कि डाक्टरों की लिखी दवा सिर्फ उन्हीं के यहां मिलती है। एक महिला ने बताया कि जब इलाज एवं डॉक्टर से मिलने का नंबर आया तो ये कहकर पल्ला झाड़ लिया कि तीन सौ रुपये दे रहे हैं, दो सौ रुपये अतिरिक्त देने वालों का पहले इलाज होगा।

## आंगनबाडियों ने समस्याओं पर चर्चाकर उठाई मांग

### भाजपा जिलाध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कर्वी तहसील परिसर में महिला आंगनबाड़ी कर्मचारी संघ ने सभी ब्लॉकों के अध्यक्ष व सदस्य तथा सभी आंगनबाड़ी बहनों ने बैठक में हिस्सा लिया। बैठक के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे को अध्यक्ष ने ज्ञापन सौंपा। रविवार को आंगनबाडी संगठन की अध्यक्ष श्रीमती अमृता चतुवेर्दी को बैठक में बहनों ने समस्याओं पर चर्चा की। अध्यक्ष ने भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे को सौंपे ज्ञापन में कहा कि केन्द्रों में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के पोषाहार का कम होना। लाभार्थियों का ज्यादा होना। इससे वितरण में समस्या खडी



होती है। अभिभावक लड़ाई करते हैं। फीडिंग के अनुसार पोषाहार दिलाया जाये। किशोरी बालिकाओं का पोषाहार नियमित दिया जाये। लाभार्थियों को राशन- चावल कोटेदार के जरिये न देकर आंगनबाड़ी केन्द्रों में दिलाया जाये। मासिक रिपोर्ट की फीडिंग के नाम पर सुपरवाइजरों की वसूली बंद कराई जाये। प्रोत्साहन राशि की कोई धनराशि नहीं आ रही, सभी आंगनबाड़ी बहनों को भेजी जाये। समूह को दिया जाने वाला पोषाहार आंगनबाडियों को कम दिया जाता है। समूह में भी कटौती की जाती है। स्कूलों में जिन बहनों के केन्द्र लगाये जाते हैं, उन्हें छुट्टी के समय गेट की चाभी न होने से गेट के बाहर टीकाकरण कराया जाता है। आंगनबाड़ी बहनों को गेट की एक चाभी दिलाई जाये। कार्यालय में जो ब्लॉक कोआर्डिनेटर नियुक्त हैं, वह आंगनबाडियों का फीडिंग में कोई सहयोग नहीं करते। अभद्र ढंग से बात करते हैं। बैठक में संरक्षक रशीदा बेगम, ब्लॉक अध्यक्ष अरुन्धती, ब्लॉक अध्यक्ष सुमन, उपाध्यक्ष कु विमला, रज्जीबाई, श्यामा देवी, शिवकुमारी, गेंदा यादव, निशा देवी, रामा देवी, रश्मि, पूजा, शान्ती, प्रेमा, रमाकांती आदि मौजूद रहीं।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने आंगनबाडी संघ की अध्यक्ष को बताई मोदी की उपलब्धियां



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के नौ वर्ष पूरे होने पर महाजनसंपर्क अभियान के तहत आंगनबाडी संघ की जिलाध्यक्ष अमृता चतुवेर्दी से भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे व पिछडा मोर्चा जिलाध्यक्ष लवलेश निषाद ने भेंटकर समर्थन मांगा। रविवार को आंगनबाडी कार्यकताओं से भेंटकर भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने मोदी सरकार की नौ वर्ष की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। 9090902024 पर मिस्ड कॉल करा के पार्टी के जारी महासंपर्क अभियान से जोड़ा। महासम्पर्क अभियान दौरान जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने कहा कि ये महासम्पर्क महाअभियान मोदी की नौ सालों की सरकार के पूरा होने पर चलाया जा रहा है। आंगनबाड़ी संघ की जिलाध्यक्ष अमृता चतुवेर्दी ने कहा कि मोदी ने महिलाओं को समाज में बराबरी का दर्जा दिलाकर महिलाओं का मान बढाने का काम किया है। पहले जहां महिलाओं के बैंक के खाते तक नहीं होते थे। आज मोदी ने योजनाओं में मिलने वाली धनराशि को महिलाओं को देकर महिलाओं को सीधे बैंक से जोडने का काम किया है। जिला मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी ने कहा कि मोदी सरकार ने हर वर्ग की महिलाओं का मान बढाने का काम किया है।

## 693 लाभार्थियों को आवास की मिली है पहली किस्त: विधायक

### सीएम-पीएम आवास योजना के लाभार्थियों से संवाद

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) और पीएम योजना के लाभार्थियों से संवाद किया। पं पुरुषोत्तम द्विवेदी इंटर कॉलेज में हुए कार्यक्रम में मानिकपुर विधायक अविनाशचंद्र द्विवेदी और नगर पंचायत अध्यक्ष अमित द्विवेदी ने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना एवं प्रधानमंत्री योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र बांटे।

रविवार को विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी ने बताया कि नगर पंचायत में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत पंचायत मंजूर डीपीआर 902 में से 693 लाभार्थियों को पहली किस्त पचास हजार दी जा चुकी है। शिविर में मानिकपुर विधायक



अविनाशचन्द्र द्विवेदी ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार गरीबों को जनकल्याणकारी योजनायें चला रही है। आवासहीन परिवारों को आवास योजना का लाभ दिया जा रहा है। योजना का लाभ पात्रों तक पहुंचना चाहिए। पात्र लाभार्थियों को किसी भी बिचैलिए को सुविधा शुल्क देने की जरूरत नहीं है। नगर पंचायत अध्यक्ष अमित द्विवेदी ने कहा कि नगर पंचायत से सम्बन्धित सभी कार्य पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता से होंगे। आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर कोई पैसा मांगता है तो तत्काल सूचित करें, ताकि सम्बन्धित के खिलाफ कार्यवाही की जा सके। दूसरी किश्त भी जल्द दिलाई जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रथम किश्त पाने वाले लाभार्थी तत्काल काम शुरू करायें, ताकि दूसरी किश्त जल्द मिल सके। पात्र होने के बाद भी जो लोग सूची में शामिल नहीं हुए, पात्रता की जांच कराकर उन्हें भी आवास योजना का लाभ दिलाया जाएगा।

अधिशासी अधिकारी बालकृष्ण गौतम ने कहा कि असहाय, निराश्रित और गरीब परिवारों को ध्यान में रखकर सरकार ने योजना चलाई है। आवास निर्माण न कराने वालों से धनराशि की वसूली की जाएगी।

## आज गुरु पूर्णिमा पर होगा भव्य कार्यक्रम



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** महिला पतंजलि की योग क्लास जिले में कई स्थानों पर नियमित जारी है। योग क्लास में महिलाओं को लगातार लाभ मिल रहा है। महिलायें शारीरिक एवं मानसिक रुप से स्वस्थ हो रही हैं। तीन जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्सव में भव्य कार्यक्रम होगा। रविवार को महिला पतंजलि योग समिति की आयोजक मंजू केशरवानी ने बताया कि तीन जुलाई को गुरु पूर्णिमा पर्व पर धुस मैदान राजा साहब की कोठी में शाम साढे चार बजे हवन-पूजन का कार्यक्रम वैदिक मंत्रों के उच्चारण से होगा। हवन गुरु के चरणों में अर्पित करते हुए भजन-गुरुदक्षिणा के विशेष कार्यक्रम होंगे। उन्होंने बताया कि इस मौके पर बहनों का सम्मान समारोह भी होगा। सभी बहनों को उन्होंने समय से कार्यक्रम में बुलाया है।

## कामतानाथ में तुलसी चैरा के पास चला अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कामदगिरि स्वच्छता समिति ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत जिलाधिकारी की प्रेरणा से प्रत्येक रविवार को कामतानाथ परिक्रमा में स्वच्छता अभियान का 76वां अभियान तुलसी चैरा के पास चला।

रविवार को नगर पालिका कर्वी के ईओ लालजी यादव ने कहा कि स्वच्छता मनुष्य के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। गांधीजी ने स्वच्छता



को सेवा का भाव कहा था। कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष/ब्रांड एम्बेसडर राकेश केसरवानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश में जनजागरूकता स्वच्छता अभियान चलाया था। सब मिलकर चित्रकूट को साफ और स्वच्छ बनाने के लक्ष्य को प्राप्त करें। खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला ने कहा कि स्वच्छता मनुष्य के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक शिवा कुमार ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान भारत सरकार ने अभियान की शुरूआत की थी। मुख्य उद्देश्य है कि सभी लोग अपने घरों के आसपास स्वच्छ रखें, गंदगी से बचें।

अभियान में अंजू वर्मा, राजेंद्र त्रिपाठी, शुभम केसरवानी, विवेक केसरवानी, अंकुर केसरवानी, विनोद कुमार, स्वच्छता प्रभारी जानकी प्रसाद, मनोज कुमार आदि का सहयोग रहा।

## फ्रांस में हिंसा के बीच सत्रह वर्षीय नाहेल को दफनाया गया, अब तक तीन हजार से ज्यादा लोग गिरफ्तार

**पेरिस।** फ्रांस में अल्जीरियाई मूल के सत्रह वर्षीय नाहेल की पुलिस गोली से हुई मौत के विरोध में समूचा फ्रांस सुलग रहा है। धरना, आगजनी और प्रदर्शन जारी रहा है। हिंसा से घिरे फ्रांस में पांचवीं रात सैकड़ों लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। इस बीच




नाहेल को पेरिस के उपनगर नान्टेरे में दफना दिया गया। अंतिम संस्कार में उसकी मां और दादी के साथ सैकड़ों लोग शांतिपूर्वक शामिल हुए। दोपहर के समय नान्टेरे की मस्जिद में एक समारोह हुआ और क्षेत्र के विशाल मोंट वेलेरियन कब्रिस्तान में अंत्येष्टि हुई।हालात इस कदर बिगड़ चुके हैं कि राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने रविवार से प्रस्तावित अपनी जर्मनी यात्रा स्थगित कर दी है। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ब्रसेल्स में यूरोपीय नेताओं की बैठक छोड़कर स्वदेश लौटे। अब तक फ्रांस में 3000 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। कई शहरों में कर्फ्यू लगाया गया है। स्थिति पर नियंत्रण पाने के लिए 45,000 से ज्यादा पुलिसकर्मी सड़कों पर हैं। इस हालात के मद्देनजर ब्रिटेन ने अपने नागरिकों से कहा है वह फ्रांस की यात्रा न करें।

## भारतीय मूल की अमेरिकी महिला कार्यकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले को ऐतिहासिक बताया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में एशियाई लोगों के साथ हो रहे भेदभाव के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाली भारतीय मूल की एक अमेरिकी महिला ने सरकार के फैसले को रद्द करने के अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के फैसले को 'ऐतिहासिक' बताया है।मंगा अनंतमुला एशियाई भेदभाव के खिलाफ मुकदमे में 2015 से स्टूडेंट्स फॉर फेयर एडमिशन (एसएफएफए) के एडवर्ड ब्लम और एशियन अमेरिकन कोएलिशन फॉर



एजुकेशन (एसीई) के बोर्ड सदस्य के रूप में मजबूती से खड़ी थीं। एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि अनंतमुला ने एशियाई छात्रों को न्याय दिलाने के लिए हार्वर्ड विश्वविद्यालय और उत्तरी कैरोलिना विश्वविद्यालय की भेदभावपूर्ण नीतियों को शिक्षा विभाग और ट्रंप प्रशासन के समक्ष पेश करने वाले भारतीय समुदाय का लगातार प्रतिनिधित्व किया। अनंतमुला ने ब्लम और युकोंग झाओ को 2015 में इस प्रयास में शामिल करने के लिए धन्यवाद दिया, ÷जो एशियाई लोगों के नागरिक अधिकारों के लिए लड़ने के लिए मेरे जीवन का एक महत्वपूर्ण मोड़ था, जिसके कारण प्रवेश प्रक्रिया में पक्षपातपूर्ण कार्रवाई के खिलाफ यह ऐतिहासिक फैसला आया। अनंतमुला एक रिपब्लिकन हैं और वर्जीनिया से 2020 में अमेरिकी कांग्रेस के लिए चुनाव लड़ चुकी हैं।

## अमेरिका में दो भारतवंशी कोरोना की दवा के गैरकानूनी व्यापार में फंसे, अवैध लाभ कमान के लगे आरोप

**वाशिंगटन।** अमेरिका में कोरोना की दवा का गैरकानूनी व्यापार करके अवैध लाभ कमाने के लिए भारतीय मूल के दो लोगों पर कई आरोप लगे हैं। उन पर आरोप है कि उन्होंने कोविड-19 के नैदानिक परीक्षणों के परिणामों के बारे में जानकारी प्राप्त की और उससे व्यापार कर पैसे कमाए। फाइजर के पूर्व कर्मचारी अमित डागर और उनके करीबी दोस्त और बिजनेस पार्टनर अतुल भिवापुरकर पर गुरुवार को अमेरिकी सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) ने अंदरूनी व्यापार के माध्यम से अवैध लाभ कमाने की उनकी योजना के लिए आरोप लगाया। न्यूयॉर्क के दक्षिणी जिले के अमेरिकी अटॉर्नी कार्यालय ने भी दोनों के खिलाफ आपराधिक आरोपों की घोषणा की।

# पाकिस्तान में लाल मस्जिद के मौलाना अजीज ने फिर तोड़ा सरकारी प्रतिबंध

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद की लाल मस्जिद के मौलाना अब्दुल अजीज प्रतिबंध की परवाह न करते हुए गुरुवार को लाल मस्जिद में ईद-उल-अजहा की नमाज का नेतृत्व करने में कामयाब रहे। पुलिस और राजधानी प्रशासन मूकदर्शक बना रहा। इसके बाद से वह भूमिगत है। इस मस्जिद से महज डेढ़ किलोमीटर की दूरी पर आईएसआई का मुख्यालय है। इस मस्जिद के पास ही विदेश मंत्रालय, पाकिस्तान का सुप्रीम कोर्ट और कई देशों के दूतावास हैं। बेखौफ मौलाना ने मंगलवार को ऐलान किया था कि वह गुरुवार को हर हाल में लाल मस्जिद में सामूहिक नमाज का नेतृत्व करेंगे।

पुलिस की विशेष शाखा के अनुसार, मौलाना सुबह करीब 5:25 बजे लाल मस्जिद पहुंचे और करीब 350 लोगों की मौजूदगी में घोषित समय 5:30 बजे खुतबा शुरू किया और सुबह 6 बजे से कुछ मिनट पहले नमाज



खत्म की। इस्लामाबाद के उपायुक्त इरफान नवाज ने इस पर पत्रकारों के किसी भी सवाल का जवाब नहीं दिया।

उल्लेखनीय है मौलाना आतंकवाद विरोधी अधिनियम के तहत भी कई मामलों का सामना कर रहे हैं। एक प्रशासनिक अधिकारी कहना है कि हम अपने स्तर पर क्या कर सकते हैं। उच्च अधिकारियों से मंजूरी मिलने के बाद ही कार्रवाई की जा सकती थी। लाल मस्जिद में अपनी तकरीर में मौलाना अजीज ने शरिया लागू करने की अपनी मांग दोहराई और उन लोगों और देशों के खिलाफ जिहाद छेड़ने का आह्वान किया जो पवित्र कुरान का सम्मान नहीं करते। मौलाना अजीज ने कहा है कि 2009 में सुप्रीम कोर्ट ने उनके मस्जिद में प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने को खारिज कर दिया था। साथ ही हुकूमत को लाल मस्जिद से सटे जामिया हफ्सा का पुनर्निर्माण करने का भी निर्देश दिया था।

उल्लेखनीय है कि मौलाना को 60 वर्ष की उम्र के बाद लाल मस्जिद के खतीब के रूप में बहाल किया गया था। दिसंबर 2014 में विवादास्पद तकरीर देने के बाद उन्हें मस्जिद से हटा दिया गया था। इस तकरीर में उन्होंने आर्मी पब्लिक स्कूल पेशावर के अपराधियों का बचाव किया था।

मौलवी अजीज के खिलाफ पहला मामला इसी साल तीन अप्रैल और दूसरा 17 अप्रैल को दर्ज किया गया था। अब ताजा मामला लाल मस्जिद में सामूहिक नमाज का नेतृत्व करने के आरोप में दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है कि इस्लामाबाद में लाल मस्जिद समेत कई अन्य मस्जिदों में सामूहिक नमाज पढ़ने पर सरकारी प्रतिबंध है।

## ग्रीस नौका दुर्घटना में मारे गए चार और पाकिस्तान के नागरिकों के शव मिले

**एथेंस/इस्लामाबाद।** ग्रीस नौका हादसे में मृतकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ताजा सूचना के मुताबिक पाकिस्तान के पंजाब क्षेत्र के सराय आलमगीर के चार और लोगों के शव बरामद हुए हैं। इनकी



पहचान शब्बीर अहमद, शोएब बेग, असद बेग और मिर्जा मुबीन के रूप में हुई है। यह चारों दोस्त थे। इसके अलावा, सियालकोट के 12 से अधिक लोग अब भी लापता हैं। अब तक पाकिस्तान के 300 से अधिक नागरिकों के शव बरामद हो चुके हैं। यह नौका 14 जून को भूमध्य सागर में ग्रीस के तट पर पलट गई थी। इस नौका में पाकिस्तान, सीरिया और मिस्र के लगभग 750 लोग सवार थे। इनमें से लगभग 104 लोगों को बचाया जा चुका है। पाकिस्तान के आंतरिक मंत्री राणा सनाउल्लाह ने 30 जून को नेशनल असेंबली में टिप्पणी की थी कि ग्रीस में नौका पलटने से कई पाकिस्तान हादसे का शिकार हुए हैं। अब तक 82 लोगों के शवों की पहचान हो चुकी है।

## पाकिस्तान के अगले आम चुनाव पर संयुक्त अरब अमीरात में बिछ रही शतरंज

**लाहौर।** पाकिस्तान के अगले आम चुनाव के लिए संयुक्त अरब अमीरात में शतरंज बिछाई जा रही है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-एन (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के प्रमुख लगातार मिल रहे हैं। दोनों ने चुनाव पूर्व गठबंधन का मसौदा तैयार किया है। इस मसौदे के कई मुद्दों पर सहमति भी बन गई है। गठबंधन का नाम लगभग तय है। दोनों पार्टियां अगला चुनाव जीतने के लिए साझा कार्यक्रम भी घोषित कर सकती हैं।पीएमएल-एन प्रमुख और पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ और पीपीपी नेता आसिफ अली जरदारी सहित दोनों पार्टियों के शीर्ष नेताओं ने अगले आम चुनाव की तारीख तय करने के लिए इस सप्ताह में कई बार मुलाकात की है। इन बैठकों में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी, पीएमएल-एन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मरियम नवाज शरीफ और कानून मंत्री आजम नजीर तरार शामिल हुए।नवाज की पाकिस्तान वापसी पर भी चर्चा की गई। कानून मंत्री



ने उन्हें संसद से आजीवन अयोग्यता को समाप्त करने वाले विधेयक और उनके अदालती मामलों की ताजा स्थिति के बारे में जानकारी दी।

ऐसी अटकलें हैं कि अगर सजा में राहत के संबंध में सब कुछ तय हो गया तो नवाज शरीफ 14 अगस्त को पाकिस्तान लौट सकते हैं। इन बैठकों में दोनों पार्टियों के बीच अगले आम चुनाव की तारीख पर आमराय नहीं बन सकी है। पीपीपी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री के विशेष सहायक कमर जमान कैरा का कहना है कि मौजूदा सरकार का कार्यकाल अगस्त में पूरा होने के बाद अक्टूबर में चुनाव होने चाहिए। वैसे भी एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रधानमंत्री शहबाज कह चुके हैं कि सरकार का कार्यकाल अगले महीने खत्म हो जाएगा। पाकिस्तान चुनाव आयोग अगले चुनाव की तारीख बताएगा।

## फ्रांस में हिंसा का असर, राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने स्थगित की जर्मनी यात्रा

**पेरिस।** फ्रांस में लगातार जारी हिंसा के चलते राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने रविवार से प्रस्तावित अपनी जर्मनी यात्रा स्थगित कर दी है। उन्होंने जर्मनी के राष्ट्रपति फ्रैंक वाल्टर स्टीनमीयर से इस संबंध में बात कर अपनी राजकीय यात्रा स्थगित करने का एलान किया है।

फ्रांस में बीते पांच दिन से जोरदार हिंसा का दौर चल रहा है। पुलिस की गोली से एक किशोर की मौत के बाद शुरू हुई हिंसा एक हजार से अधिक लोगों की गिरफ्तारी के बाद भी नहीं थमी है। इस कारण फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों को शुक्रवार को ब्रसेल्स में यूरोपीय नेताओं की एक बैठक के बीच से निकलकर वापस फ्रांस आना पड़ा था। इसके बाद उन्हें रविवार से तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर जर्मनी जाना था। अब उन्होंने जर्मनी की यात्रा पर न जाने का फैसला किया है। शनिवार को औपचारिक रूप से इसकी घोषणा भी कर दी गयी।

फ्रांस के राष्ट्रपति की इस तीन दिवसीय जर्मनी यात्रा में उन्हें जर्मनी के राष्ट्रपति फ्रैंक वाल्टर



स्टीनमीयर के अलावा जर्मनी के चांसलर ओलाफ स्कोल्ज के साथ एक बैठक में हिस्सा लेना था। इन बैठकों में ऊर्जा से रक्षा क्षेत्र तक तमाम मसलों पर विचार विमर्श होना था। साथ ही यूरोपीय संघ की सदस्यता के विस्तार और यूक्रेन पर रूसी हमले के मद्देनजर यूक्रेन की सुरक्षा गारंटी का मसला भी उनकी यात्रा के एजेंडे में शामिल था। अब यात्रा स्थगित करने के साथ ही फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने शनिवार को जर्मनी के राष्ट्रपति फ्रैंक वाल्टर स्टीनमीयर से फोन पर बात की और उन्हें स्थिति से अवगत कराया। जर्मनी के राष्ट्रपति के प्रवक्ता ने जानकारी दी कि राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा है कि जर्मनी की प्रस्तावित राजकीय यात्रा स्थगित कर दी जाए।

## पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के दो जिलों में सेना की कार्रवाई, छह आतंकी मार गिराए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के दो जिलों में सेना ने आतंकियों के खिलाफ छापामार कार्रवाई की है। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के टैंक एवं उत्तरी वजीरिस्तान जिलों में सेना ने छह आतंकियों को मार गिराया है। उनके पास से हथियार भी बरामद किये गए हैं। पाकिस्तान का खैबर पख्तूनख्वा प्रांत लगातार अशांत स्थिति में है। वहां आए दिन आतंकी गतिविधियों का सामना पाकिस्तानी सेना को करना पड़ता है। आतंकियों के निशाने पर पाकिस्तानी सेना और अन्य सुरक्षाकर्मी ही मुख्य रूप से होते हैं। अब पाकिस्तान की सेना ने आतंकियों की धरपकड़ व खात्मे के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। खैबर पख्तूनख्वा के टैंक जिले के मंजई क्षेत्र में सेना ने आतंकियों के ठिकाने पर छापा मारा। वहां सैनिकों एवं आतंकियों के बीच गोलीबारी हुई, जिसमें तीन आतंकी मारे गए। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के ही उत्तरी वजीरिस्तान जिले के रजमाक क्षेत्र में भी सेना ने आतंकियों के ठिकाने पर छापा मारा। यहां आतंकियों के दस्ते से मुठभेड़ के बाद सेना ने तीन आतंकियों को मार गिराया। दोनों स्थानों पर मारे गए आतंकियों के पास से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया है। पाकिस्तानी सेना की सूचना इकाई इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के मुताबिक ये आतंकी सुरक्षा बलों के खिलाफ आतंकी गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल थे और निर्दोष नागरिकों की मौत के लिए जिम्मेदार थे। आईएसपीआर की ओर से जानकारी दी गयी कि इन क्षेत्रों में आतंकियों का सफाया सुनिश्चित करने के लिए तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

क्षेत्र से आतंकवाद के खतरे को खत्म करने के लिए चल रही लड़ाई में सेना की कार्रवाई को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# नेपाल के उपप्रधानमंत्री श्रेष्ठ ने चीन यात्रा से लौटकर बीआरआई लागू करने में दिखाई दिलचस्पी

**काठमांड।** नेपाल के उपप्रधानमंत्री नारायण काजी श्रेष्ठ ने चीन यात्रा से लौटने के बाद देश में बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) लागू करने में दिलचस्पी दिखाई है। रविवार को अपने चीन दौरे से लौटे उपप्रधानमंत्री श्रेष्ठ ने कहा कि चीन बीआरआई के कार्यान्वयन में रुचि रखता है। उन्होंने कहा कि चूंकि 2017 में बीआरआई पर समझौता हुआ था, इसलिए एक तौर-तरीका बनाकर इसकी कार्यान्वयन प्रक्रिया को अंतिम

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

बयान तब आया है, जब चीन कह रहा है कि नेपाल में बीआरआई



लागू हो चुका है। समझौते के 6 साल बाद भी नेपाल कहता रहा है कि वह बीआरआई प्रोजेक्ट के तहत कर्ज नहीं ले सकता।

श्रेष्ठ ने कहा कि उन्होंने चीन के साथ और अधिक व्यापार चैनल खोलने पर चर्चा की है। उन्होंने कहा कि चीन नेपाल-चीन सीमा पर आवाजाही को सुविधाजनक बनाने को लेकर सकारात्मक है। चीन ने कोविड-19 की महामारी के बाद नेपाल के साथ अपनी सीमाएं बंद कर दीं। 2023 से रसुवा और तातोपानी वाली क्रॉसिंग खोल दी गई, लेकिन अन्य क्रॉसिंग नहीं खोली गई। क्रॉसिंग केवल माल के परिवहन के लिए खोले हैं। नेपाल के उपप्रधानमंत्री श्रेष्ठ ने कहा कि उन्होंने चीन के चेंद्दू से पोखरा और भैरहवा के लिए कमर्शियल उड़ानें शुरू करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा कि सिचुआन एयरलाइंस पोखरा के लिए उड़ान भरने के लिए तैयार है। जून में सिचुआन एयरलाइंस ने पोखरा में अपनी पहली चार्टर्ड उड़ान भरी है। पोखरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा चीन के ऋण से बनाया गया था। भैरहवा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का निर्माण एक चीनी कंपनी ने किया था। इन दोनों हवाईअड्डों पर अब तक अंतरराष्ट्रीय उड़ानें नियमित नहीं की गई हैं।

# रूस में जासूसों की भर्ती का मौका देख रही सीआईए, एजेंसी प्रमुख बोले- सशस्त्र विद्रोह पुतिन के लिए चुनौती

**मास्को।** रूस-यूक्रेन संघर्ष के मद्देनजर अमेरिकी एजेंसी सीआईए जासूसों की भर्ती का अवसर देख रही है। अमेरिकी सीआईए के निदेशक विलियम बर्न्स ने शनिवार को कहा कि भाड़े के समूह वैगनर प्रमुख येवगेनी प्रिगोझिन का सशस्त्र विद्रोह रूस के लिए एक चुनौती थी, जिसने यूक्रेन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के युद्ध का संक्षारक प्रभाव (Corrosive Effect) दिखाया था।राष्ट्रपति पुतिन ने इस सप्ताह सेना और सुरक्षा बलों को उस बात को टालने के लिए धन्यवाद दिया, जिसके बारे में उन्होंने कहा था कि यह गृहयुद्ध में बदल सकती थी, और उन्होंने इस विद्रोह की तुलना उस अराजकता से की है, जिसने 1917 में रूस को दो क्रांतियों में धकेल दिया था। महीनों से प्रिगोझिन खुलेआम पुतिन के



सबसे वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों का अपमान कर रहे थे। विभिन्न प्रकार के भद्दे अपशब्दों और जेल संबंधी अपशब्दों का इस्तेमाल कर रहे थे, जिससे शीर्ष रूसी अधिकारी हैरान थे, लेकिन पुतिन ने उन्हें सार्वजनिक रूप से कोई जवाब नहीं दिया। बर्न्स ने इंग्लैंड के ऑक्सफोर्डशायर में ब्रिटेन के डिचले फाउंडेशन, जो यूएस-ब्रिटिश संबंधों पर केंद्रित एक गैर-लाभकारी फाउंडेशन है, के एक व्याख्यान में कहा कि यह आश्चर्यजनक है कि प्रिगोझिन ने अपने कार्यों से पहले यूक्रेन पर आक्रमण के लिए क्रेमलिन के मिथ्या तर्क और रूसी सैन्य नेतृत्व के युद्ध संचालन पर बड़ा आरोप लगाया था। उन्होंने कहा, उन शब्दों और उन कार्यों का प्रभाव कुछ समय तक रहेगा, लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध में पुतिन के अपने समाज और उनके स्वयं के शासन पर संक्षारक प्रभाव का एक ज्वलंत उदाहरण दिखा।

बर्न्स ने 2005 से 2008 तक रूस में अमेरिकी राजदूत के रूप में कार्य किया था और 2021 में सीआईए निदेशक नियुक्त किए गए थे। उन्होंने प्रिगोझिन के विद्रोह को रूस के लिए सशस्त्र चुनौती बताया।उन्होंने कहा कि विद्रोह एक आंतरिक रूसी मामला था जिसमें अमेरिका की कोई भूमिका नहीं थी और न ही होगी। चूंकि विद्रोह को समाप्त करने के लिए एक सप्ताह पहले एक समझौता हुआ था, क्रेमलिन ने शांति दिखाने की कोशिश की है, जिसमें 70 वर्षीय पुतिन पर्यटन विकास पर चर्चा कर रहे थे, दागेस्तान में भीड़ से मिल रहे थे और आर्थिक विकास के विचारों पर चर्चा कर रहे थे।

रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा था कि असफल विद्रोह के बाद रूस मजबूत होकर उभरेगा इसलिए पश्चिम को दुनिया की सबसे बड़ी परमाणु शक्ति में स्थिरता के बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है। लेकिन बर्न्स ने कहा कि युद्ध पहले से ही रूस के लिए एक रणनीतिक विफलता थी, जिसने अपनी सैन्य कमजोरी को उजागर कर दिया और आने वाले वर्षों में रूसी अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाया, जबकि नाटो सैन्य गठबंधन बड़ा और मजबूत हो रहा है। बर्न्स ने कहा कि रूस का जूनियर पार्टनर और चीन के आर्थिक उपनिवेश के रूप में भविष्य पुतिन की गलतियों से आकार ले रहा है।

उन्होंने कहा कि यूक्रेन में युद्ध से रूस में असंतोष जासूसों की भर्ती का एक दुर्लभ अवसर पैदा कर रहा है और सीआईए इसे जाने नहीं दे सकती है। बर्न्स ने कहा, रूस के दुष्प्रचार और दमन के कारण युद्ध से असंतोष रूसी नेतृत्व को परेशान करता रहेगा। यह असहमति सीआईए में हमारे लिए पीढ़ी में एक बार मिलने वाला अवसर पैदा करती है, जो हमारे मूल में एक मानव खुफिया सेवा है। हम इसे बर्बाद नहीं होने देंगे।

## टॉप 10 कंपनियों का बाजार मूल्यांकन 1.88 लाख करोड़ रुपये बढ़ा

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में सूचीबद्ध देश की टॉप 10 कंपनियों के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में जबरदस्त इजाफा हुआ है। पिछले हफ्ते इन कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्यांकन 1.88 लाख करोड़ रुपये बढ़ गया। इस दौरान एचडीएफसी बैंक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के बाजार मूल्यांकन में सबसे अधिक देखी गई।

पिछले हफ्ते बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 1,739.19 अंक यानी 2.76 फीसदी उछला। हफ्ते के अंतिम कारोबारी दिन सेंसेक्स 803.14 अंक यानी 1.26 फीसदी उछलकर अपने उच्चतम स्तर 64,718.56 पर बंद हुआ। शेयर बाजार में आई इस तेजी से टॉप 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्यांकन 1,88,050.82 करोड़ रुपये बढ़ गया। एचडीएफसी बैंक का बाजार मूल्यांकन 32,600.19 करोड़ रुपये बढ़कर 9,51,584.36 करोड़ रुपये हो गया। टीसीएस का मार्केट कैप 30,388.43 करोड़ रुपये उछलकर 12,07,669.91 करोड़ रुपये हो गया। इस दौरान इंफोसिस का बाजार मूल्यांकन 28,862.38 करोड़ रुपये बढ़कर 5,54,091.27 करोड़ रुपये और रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड आरआईएल का मार्केट कैप 23,984.28 करोड़ रुपये बढ़कर 17,25,704.60 करोड़ रुपये हो गया।